लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -140, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, योग : नियोग का सुयोग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



आज का मौसम | 45.3° अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान | तेज धूप और उमस के साथ लू चलने की संभावना। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 03 | लखनऊ, रविवार, 16 जून 2024

सिंघम अगेन और भूलभुलैया-3 की होगी टक्कर...14

कैंचीधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

नैनीताल/भवाली। बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम के 60वें स्थापना दिवस पर शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। भवाली ही नहीं पूरा नैनीताल जिला बाबा के जयकारों से गूंज उठा। सुबह 5 :30 बजे बाबा को भोग लगाने के बाद भक्तों को दर्शन की अनुमति दी गई।

अफसरों के बगैर कैसे होंगे निकाय उप चुनाव

रमेश चन्द्र, लखनऊ

उप चुनाव घोषित, पर सरकार ने नहीं की मांगें गए सभी अफसरों की तैनाती

अमृत विचार : प्रदेश में शहरी निकायों की खाली सीटों पर उप चुनाव की घोषणा तो हो गई है, पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग में जरूरत भर अफसर ही नहीं हैं। आयोग की ओर से मांगें गए अफसरों में अब तक केवल एक की तैनाती की गई है। ऐसे में चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान ही आयोग की ओर से राज्य सरकार से अफसरों की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने इस सिलसिले में राज्य सरकार को पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग में स्वीकृत पदों के अनुरूप अफसरों की तैनाती किए जाने की मांग की थी, पर एक ही अफसर की तैनाती हो सकी है।

आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त के अधीन कार्य करने वाले अफसरों में एक अपर निर्वाचन आयुक्त, तीन संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, दो उप निर्वाचन आयुक्त, दो सहायक निर्वाचन आयुक्त व तीन उप सचिव के पद हैं। वर्तमान में आयोग में एक सचिव, एक लेखाधिकारी व हाल ही तैनात एक अफसर भी शामिल हैं। इस सिलसिले में पूछे जाने पर आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारियों की तैनाती के लिए सरकार को 'रिमांडर' भेजा है।

29 नगर निकायों में सदस्यों के पद पर हो रहे चुनाव : घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 29 नगर निकायों में खाली पड़े सदस्यों के लिए चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 22 जून है। आठ जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती नहीं

राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने 21 मार्च 2024 को निदेशक स्थानीय निकाय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी होने की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर दी थी। नए आदेश के तहत आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नगर स्थानीय निकाय बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीन नगर निगमों, नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में इस पद भी कोई अधिकारी तैनात नहीं है।

रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा, 14 पर्यटकों की मौत

ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप हुई घटना, 12 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेंपो ट्रैवलर 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे गिर गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के पर्यटक थे। हादसे में 10 पर्यटकों की मौके पर जबकि 4 की अस्पताल में मौत हो गई। 12 गंभीर घायल हैं, इनमें पांच को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों, दिल्ली और हरियाणा के 23 पर्यटक एवं वाहन स्टाफ (दो चालक व एक क्लीनर) का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला के लिए जा रहा था। उनका टेंपो ट्रैवलर शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी के किनारे गिर गया। घटनास्थल के समीप रेलवे प्रोजेक्ट में काम कर रहे कर्मचारियों ने सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ व पुलिस टीमें पहुंचीं। तब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी थी। 16 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में सात को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया। उपचार के दौरान दो की एम्स और दो की रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में मौत हो गई। टेंपो ट्रैवलर में 26 पर्यटक सवार थे। एसपी विशाखा अशोक ने बताया कि पर्यटकों को बचाने गए रेलवे प्रोजेक्ट में कार्यरत एक मजदूर भी नदी में बह गया जबकि दो ने नदी पार कर ली।

घायल युवक का हालचाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- चोपता-तुंगनाथ ट्रैकिंग के लिए जा रहा था पर्यटकों का दल, उप्र, दिल्ली, हरियाणा के रहने वाले

मुख्यमंत्री धामी ने जाना घायलों का हाल, मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एम्स प्रबंधन से कहा कि जरूरी होने पर घायलों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजें। उन्होंने कहा कि रैंतोली हादसे में 14 पर्यटकों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मृत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें और बाबा केदार घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

जान गंवाने वालों में चार उत्तर प्रदेश के निवासी

लखनऊ। रुद्रप्रयाग के हादसे में जान गंवाने वाले 14 पर्यटकों में 4 उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। हादसे में प्रदेश के सात अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक मृतकों की पहचान स्मृति त्रिपाठी, मोहिनी पांडेय (प्रतापगढ़), स्मृति शर्मा (सोनभद्र) और आकांक्षा (झांसी) के रूप में हुई है। घायलों में आदित्य और छवि (झांसी), वंदना शर्मा और शुभम सिंह (गौतमबुद्धनगर), नमिता शर्मा (झांसी), लक्ष्य अग्रवाल (मथुरा) और महिमा त्रिपाठी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है।

छत्तीसगढ़ में आठ नक्सली मारे गए एक जवान शहीद, दो अन्य घायल

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं और एसटीएफ का एक जवान शहीद तथा दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माओवादियों के ''माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी'' नंबर 1 के सदस्यों की सूचना पर नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के तहत अबुझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में दो दिनों पहले सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और बीएसएफ की 135वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। शनिवार सुबह 7 बजे कई बार कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों में मुठभेड़ हुई और एसटीएफ के आरक्षक नितेश एक्का (27), कैलाश नेताम (33) और लेखराम नेताम (28) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन आरक्षक नितेश एक्का की मौत हो गई। अन्य दो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 8 नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल सुरक्षाकर्मी।

- नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़
- घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रायपुर, स्थिति खतरे से बाहर

सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए तत्पर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि उनकी सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए तत्पर है। साय ने ' 'एक्स'' पर लिखा, नारायणपुर के ओरछा थाना के तहत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा में हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने और एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो के घायल होने की भी दु:खद खबर है। घायलों को एयरलिफ्ट कर राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है।

इस साल बस्तर संभाग में मारे गए 131 नक्सली

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस साल अब तक बस्तर संभाग में अलग-अलग मुठभेड़ में 131 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर संभाग में कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा 7 जिले हैं।

एक नजर

स्वर्ण मंदिर में रील्स और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। प्रबंधन समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं।

युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने शनिवार को अंग्रेजी लेखिका के. वैशाली और हिंदी लेखक गौरव पांडेय समेत 23 लेखकों के नामों की घोषणा की, जिन्हें विभिन्न भाषाओं में प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार मिलेगा। साहित्य अकादमी ने 2024 के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के 24 विजेताओं के नामों की भी घोषणा की। संस्कृत में युवा पुरस्कार के विजेता की घोषणा बाद में की जाएगी। साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को अपने अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के. वैशाली को उनके संस्मरण होमलेस : ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए जबकि गौरव पांडेय को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए सम्मानित किया जाएगा। युवा पुरस्कार विजेताओं को एक समारोह में एक पट्टिका और 50,000 रुपये का चेक दिया जाएगा। बाल साहित्य पुरस्कार के लिए अंग्रेजी लेखिका नंदिनी सेनगुप्ता को उनके ऐतिहासिक उपन्यास द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री और देवेन्द्र कुमार के बच्चों की कहानियों के संग्रह 51 बाल कहानियां के लिए चुना है।

केजरीवाल की सुनवाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया से हटाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल की पत्नी सुनीता समेत छह लोगों और एक्स, मेटा यूट्यूब को दिल्ली हाईकोर्ट ने दी नोटिस

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से हटाने का शनिवार को निर्देश जारी किया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक अधीनस्थ अदालत में अपनी बात रखते नजर आ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनीता केजरीवाल समेत छह लोगों और सोशल मीडिया मंच एक्स, मेटा और यूट्यूब को नोटिस जारी किए हैं।

पीठ ने अपने छह पन्नों के आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग दिल्ली उच्च न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के नियम 3(6) का उल्लंघन है और इसे सार्वजनिक रूप से सुलभ रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

हरियाणा से पानी छोड़ने की अपील

दिल्ली जल संकट

- रोज सात करोड़ गैलन पानी की कमी का सामना कर रही दिल्ली
- आप सरकार का दावा, हिमाचल भी दिल्ली को पानी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश अपने द्वारा उपयोग नहीं किया गया पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है।

आप विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी के बीच उत्पन्न जल संकट के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। दिल्ली विधानसभा में आप के मुख्य सचेतक दिलीप पाण्डेय ने स्थिति को बहुत गंभीर बताते हुए शनिवार को कहा कि यमुना के जल का मुद्दा एक अंतरराज्यीय मुद्दा है जिसके लिए जल शक्ति मंत्रालय के समन्वय की आवश्यकता है। पाण्डेय ने कहा कि आप विधायकों की ओर से पत्र में इस मामले पर चर्चा के लिए मंत्री से मिलने का समय मांगा गया है।

नीट-यूजी को रद करने और सीबीआई जांच की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है।

परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 को लेकर सवाल उठाने वाली नई याचिका में कहा गया है कि व्यापक अनियमितताओं और धांधली को देखते हुए पुनः परीक्षा से केवल योग्य छात्रों को चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी। अधिवक्ता धीरज सिंह के माध्यम से दाखिल की गई याचिका में कहा गया कि मीडिया की खबरों के अनुसार प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है ऐसे में परीक्षा की शुचिता पर सवाल खड़े होते हैं।

प्रदेश में बढ़ा बिजली का संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तमाम उपायों के बाद भी प्रदेश में बिजली का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल करीब दो हजार मेगावाट ज्यादा बिजली की मांग हो रही है। पिछले साल 28 हजार मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई थी, इस बार 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हो गया है। भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में मांग में हालांकि 282 मेगावाट गिरावट रही, पर मांग का आंकड़ा 30 हजार से नीचे न आने के कारण कॉरपोरेशन के अफसर जद्दोजहद में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले दिनों से ठप हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में संकट की स्थिति बनी हुई है। इन इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने 16 जून तक इकाइयों को चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

- अधिकतम विद्युत मांग 30,336 मेगावाट पर पहुंची, चालू नहीं हुईं ओबरा-अनपरा की ठप इकाइयां

समुचित उपाय किए जाएं

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को बिजली संकट पर काबू पाने के लिए समुचित उपाय किए जाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को वितरण निगमों के अफसरों के साथ बैठक की।

यहां भी सुकून नहीं | अनियोजित विकास, बेतहाशा भीड़ और वाहनों ने बदला सरोवर नगरी का मिजाज

मैदानी शहरों सा तप रहा नैनीताल, झील ने खोई सुंदरता

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : मैदानी शहरों में पारा उछाल मारता है तो ठंड की तलाश और सुकून के लिए लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों और झीलों का सौंदर्य आंखों व मन को सुकून देता तो मौसम गर्मी से तपते शरीर को राहत लेकिन अब पहाड़ भी मैदानी शहरों की तरह तपने लगे हैं।

झीलें अपना सौंदर्य खो रही हैं और वादियों में सुकून की तलाश में आने वाले पर्यटकों को मौसम तपाने लगा है। उन्हें नैनीताल में भी मैदानी शहरों की गर्मी का एहसास हो रहा है। इस साल नैनीताल के मौसम ने ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जून का पहला सप्ताह 31 डिग्री तापमान के साथ नैनीताल के इतिहास में सबसे गर्म सप्ताह के तौर पर दर्ज किया गया। एक दशक पर नजर डालें तो नैनीताल में पर्यटन तेजी से बढ़ा है जिसकी वजह से पानी की खपत बढ़ी है। यह खपत नैनी झील से पूरी होती है, नतीजा झील सूख रही है। पर्यटकों की संख्या और बेशुमार वाहनों के पहुंचने से यहां के मौसम पर भी असर पड़ रहा है।



- नैनीताल में जून के पहले सप्ताह में ही तापमान रिकॉर्ड 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

नैनीताल में ध्वनि और वायु प्रदूषण भी बढ़ा

वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों और वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते ध्वनि और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सरोवर नगरी में ध्वनि प्रदूषण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र के बड़े शहरों की अपेक्षा अधिक है। नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण औसत 61.40 और अधिकतम 71.50 डेसिबल दर्ज किया गया। जबकि हल्द्वानी में औसत 51.66 और अधिकतम 60.06 रहा। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डीके जोशी ने बताया कि नैनीताल में बीते दो माह के भीतर पर्यटक और स्थानीय लोगों के वाहनों संख्या तेजी से बढ़ी है साथ ही अन्य कार्यों के चलते भी नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण में बढ़ोतरी देखने को मिली है। भूगोलविद् डॉ. पीसी तिवारी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम चक्र में बदलाव हुआ है। समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से झीलों के जलस्तर में गिरावट आ रही है। निर्माण कार्यों से भी जलस्रोतों पर असर पड़ा है।

बुरे दौर में नैनी झील

बारिश की कमी और रिचार्ज जलस्रोत के सूखने से नैनीझील का जलस्तर शून्य से नीचे पहुंच गया है, जो छह साल बाद न्यूनतम स्तर पर है। नैनी झील लबालब होने पर इसका टॉप लेवल 12 फीट माना जाता है। वर्ष 2018 के बाद यह पहला मौका है जब झील सबसे खराब स्थिति में है। भीमताल झील का जलस्तर भी 36.5 फीट पर पहुंच गया है। भीमताल झील का करीब दो सौ मीटर हिस्सा मैदान बन चुका है।

एक नजर

होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की होगी नियुक्ति

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में फार्मासिस्टों का अभाव नहीं रहेगा। होम्योपैथिक निदेशालय के अधियाचन के बाद शनिवार को उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट नियुक्त करने के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इसके लिए अभ्यर्थियों को 20 से 19 जुलाई के मध्य आवेदन करना होगा।

सूचना न देने पर रोष जताया

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला व शहर अध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें बीते चुनाव को लेकर सबने रिपोर्ट पेश की। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने की।

कोच से लेकर रेल इंजन के फ्रंट पर भी लगेगा कैमरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक में डीजीपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

अमृत विचार: डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की 10वीं बैठक हुई। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ जैसे रेलवे स्टेशनों को पूर्ण रूप से कैमरे से लैश करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ट्रेन के कोच में कैमरा लगाने एवं रेल इंजन के फ्रंट पर कैमरा लगाने को भी कहा गया।

अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, रेलवे के ठेके पर रखे कार्मिकों का सत्यापन कराने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने, रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने पर जोर दिया गया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। छोटे अतिक्रमण की अनदेखी करने पर कुछ समय के पश्चात गंभीर समस्या का रूप ले लेता है, अतः शुरुआत में ही अतिक्रमण न होने दिया जाए। इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी रेलवे जेएन सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सख्ती, एक पखवाड़े में 150 पर कार्रवाई

65 पुलिस कर्मियों को आगरा पुलिस कमिश्नर एक साथ कर दिया था निलंबित

02 दो एसएचओ और 11 दरोगा को गाजियाबाद कमिश्नर ने किया था लाइन हाजिर

25 से अधिक एसएचओ पर विभिन्न मामलों में निलंबन और लाइन हाजिर की हो चुकी है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सरकार ने अपनाया सख्त रुख, भ्रष्टाचार और लापरवाही क्षम्य नहीं
- आगरा, सीतापुर और गाजियाबाद में हुई सर्वाधिक कार्रवाई

अमृत विचार: चुनाव बाद प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। अपराधियों के सफाए के साथ-साथ उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनको लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। आलम यह है एक पखवाड़े में 150 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई की गई है। सर्वाधिक कार्रवाई आगरा और गाजियाबाद कमिश्नरेट में की गई है। उधर, मुख्यमंत्री की मंशा को देखते हुए अन्य जिलों में भी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है।

सबसे बड़ी कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में हुई। यहां पर सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने पर पुलिस कमिश्नर ने 65 पुलिस कर्मियों को एक साथ निलंबित कर दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए कमिश्नर ने बाकायदा टीम गठित की थी। आगरा में की गई कार्रवाई की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंची है।

इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नर ने लापरवाही एवं भ्रष्टाचार करने के आरोप में दो एसएचओ और 11 दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया। इन पुलिस कार्मिकों के खिलाफ लगातार सूचनाएं कमिश्नर कार्यालय को प्राप्त हो रही थी।

वहीं भ्रष्टाचार और लापरवाही की छिटपुट घटनाओं में पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मिलाकर करीब 25 एसएचओ निलंबित और लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। सभी कार्रवाइयां जिलों में तैनात विभागाध्यक्ष ही कर रहे हैं।

सीतापुर में 44 लाइन हाजिर

पुलिस कार्मिकों में लापरवाही और सरकारी आदेशों के पालन में शिथिलता को देखते हुए सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने 44 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद की गई है।

लखनऊ में पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

राजधानी लखनऊ में निजी बस चालक और कंडक्टर की पिटाई करने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने एक ही थाने के पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले का संज्ञान मानवाधिकार आयोग ने लिया था।

भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रष्टाचार करने पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि थानों से जिला मुख्यालयों तक प्रत्येक फरियादी को सुना जाए और न्याय दिया जाए। शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

फ्रीज खातों को खुलवाने का प्रयास, दो पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीबीआई के आदेश पर फ्रीज किए गए थे बैंक खाते
- शाखा प्रबंधक ने गोमतीनगर थाने में दर्ज कराया मामला
- इसी तरह के प्रकरण का गाजीपुर थाने में दर्ज है प्राथमिकी

अमृत विचार: सीबीआई के आदेश पर फ्रीज किए गए बैंक खातों को खुलवाने का जालसाजों ने प्रयास किया। गोमतीनगर विवेकखंड स्थित पीएनबी के शाखा प्रबंधक को फ्रीज खाते को खुलवाने के लिए सीबीआई अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र जारी कराया गया। इस मामले में शाखा प्रबंधक ने गोमतीनगर थाने में प्रार्थना पत्र देकर फर्जी पत्र भेजने वाले सीबीआई अधिकारी और खाताधारक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, इस तरह के एक मामले में गाजीपुर के पीएनबी एचएएल शाखा के प्रबंधक ने फर्जी पत्र भेजने की एफआईआर दर्ज की गई थी।

विवेकखंड शाखा के मुख्य प्रबंधक अजय पाण्डेय के मुताबिक सीबीआई सेंचुरी एल्कोवेव, एसोसिएटेड ट्रेडर्स, सेंचुरी वाइन लिकर्स, तिवारी ब्रदर्स, शान ए अवध बीयर बार के साथ रोशनी त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी के खाते फ्रीज किए गए थे। इन खातों को अनफ्रीज करने के लिए 12 अप्रैल को सीबीआई का एक लेटर बैंक में रिसीव हुआ। इस पर सीबीआई इंस्पेक्टर अमित त्रिपाठी के हस्ताक्षर थे। लेटर में लिखा था कि सीबीआई की जांच में फ्रीज किए गए खातों में आपत्तिजनक ट्रांजेक्शन नहीं मिले हैं, इसलिए इन्हें अनफ्रिज कर दिया जाए।

इसके बाद रोशनी, सुधीर त्रिपाठी ने केवाईसी अपडेट देते हुए सौ रुपये का ट्रांजेक्शन कर खाता शुरू कराने का प्रयास किया, जो सफल नहीं हो सका। इस बीच सीबीआई की ओर से लेटर फर्जी होने की पुष्टि कर दी गई। इसके बाद अजय पाण्डेय ने गोमतीनगर कोतवाली में तहरीर दी। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि रोशनी त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर अमित कुमार और अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है मामले में कई अन्य लोगों के शामिल होने की भी संभावना को देखते हुए पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

कारोबार के लिए हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं

इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव प्रतिनिधियों ने माना यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अब उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव के पहले दिन एसोसिएट चैंबर की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सीए अर्पित गुप्ता ने बताया कि कानक्लेव में कई देश के प्रतिनिधियों ने लखनऊ की चिकनकारी को निवेश के लिए बेहतर क्षेत्र बताया। चिकित्सा के क्षेत्र में नए और आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। कहा कि अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। कारोबार और उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रदेश अब व्यापारियों के लिए सर्वोत्तम जगह बन चुका है।

प्रांत वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। अब यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। हवाई अड्डों की बढ़ती श्रृंखला है। जनसंख्या के लिहाज से देश के सबसे बड़े प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने पर भी चर्चा हुई। अर्पित गुप्ता ने कहा कि निवेश पर दोनों पक्षों ने शनिवार को औपचारिक वार्ता की। रविवार को डेलिगेट्स के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। उधर, कानक्लेव में भाग लेने वाले विदेशी प्रतिनिधियों ने माना कि यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा। मोरिंगा, 1369 इनोवेशन लिमिटेड, एसएसके भारत, ओजस एरोस्पेस, कैपेक्सिल सहित उर्जा और कृषि के क्षेत्र में निर्माण कर रही कई बड़ी कंपनियों ने प्रस्तुति दी।

द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण: एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने कहा कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह है एक महत्वपूर्ण पल है। सचिव रमेश मलहोत्रा ने कारोबार के लिए उत्तम मार्ग प्रशस्त किए जाने पर बल दिया। इस दौरान मनीष ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 के माध्यम से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों को मंच उपलब्ध कराया गया। सभी उपस्थित देशों को उत्तर प्रदेश में आयात निर्यात से संबंधित सभी विषयों पर आश्वासन दिया गया।

कॉन्क्लेव में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

कॉन्क्लेव में लगाए गए स्टॉल।

बोले विदेशी प्रतिनिधि

कारोबार कराएगा श्रीलंका से रिश्ते प्रगाढ़

श्रीलंका के हाई कमिश्नर सेनुका धीरेनी सेनेवी रत्ने ने पुराने रिश्तों की दुहाई दी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा श्रीलंका के साथ व्यापारिक रिश्तों के प्राथमिकता दी है। हम इसका स्वागत करते हैं। कारोबारी रिश्तों को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी देशों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में व्यापार करने की इच्छा जताई और निवेश के लिए आश्वस्त किया।

क्यूबा तक पहुंचे लखनऊ की चिकनकारी

क्यूबा के चार्ज डी अफेयर्स अबेल अबाले ने भारत और क्यूबा के बीच के रिश्तों का जिक्र किया। कहा कि यह अवसरों की भूमि है। क्यूबा और भारत के बीच अच्छे बेहतर व्यापारिक रिश्ते हैं। लखनऊ चिकनकारी और जैविक कपड़ों के मामले में अग्रणी है। इस पर भी कारोबारी विचार आगे बढ़ाए जा सकते हैं।

सृजित करेगा व्यापार के नए अवसर

कान्क्लेव में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने देश के आयात-निर्यात के अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। ईरान से आए राजदूत इराज इलाही ने इस आयोजन से उत्तर प्रदेश में व्यापार की राह आसान होगी और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे।

वापस एमओसीएच बनना चाहते हैं 32 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद से हुआ मोह भंग
- चिकित्सकों के आवेदन शासन भेजे गए

अमृत विचार: आयुर्वेद विभाग में साल 2023 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (एमओसीएच) पद छोड़कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर ज्वॉइन करने वाले करीब तीन दर्जन बीएएमएस चिकित्सकों (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) का नई तैनाती से मोहभंग हो गया है। इनमें से 32 चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच के पद पर जाने के लिए आवेदन किया है। चिकित्सकों से मिलने वाले आवेदन विभाग द्वारा शासन को भेज दिए गए हैं।

आयुर्वेद विभाग मे वर्ष 2022 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य(आयुर्वेद एवं यूनानी) के 422 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई थी। इन्हें विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन संचालित होने वाली आयुर्वेद डिस्पेंसरी में भेजे दिया गया। इसी के बाद 2023 में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी के अधीन संचालित होने वाले आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 601 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई, इनमें एमओसीएच पद कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर शामिल थे। दोनो ही पद के वेतनमान समान होने के बावजूद, नियुक्ति पाने वालों में 32 चिकित्सकों ने अपने एमओसीएच पद से त्याग पत्र देकर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के रूप में ज्वॉइन कर लिया।

कुछ माह की सेवाएं देने के बाद ही इन चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच पद पर सेवाएं देने के लिए आयुर्वेद निदेशालय में आवेदन कर दिये। चूंकि एमओसीएच के पद से इस्तीफा शासन द्वारा स्वीकार हो चुका है, इसलिए निदेशालय द्वारा इनके पत्र शासन को संदर्भित कर दिये गए हैं।

ये हो सकते हैं कारण

विभागीय जानकारों का कहना है कि एमओसीएच पद पर, एलोपैथिक विभाग के सीएमओ के अधीन कार्य करना होता है, जबकि आयुर्वेद चिकित्साधिकारी विभागीय अधिकारियों के अधीन सेवाएं देते हैं। दूसरे विभाग की बेरुखी से बचने के लिए डॉक्टरों ने मूल विभाग में सेवाएं देना ज्यादा बेहतर समझा होगा, वहीं सीएमओ के अधीन बायोमेट्रिक अटेंडेंस व अन्य बाध्यताए भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है।

सूदखोरों से त्रस्त होकर आत्महत्या करने पर विवश

अमृत विचार, लखनऊ: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसान, नौजवान और अन्य लोग सूदखोरों से परेशान है। सूदखोरो से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश है।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा, बलिया, प्रयागराज, लखनऊ कानपुर, इटावा, शाहजहांपुर, हर जगह सूदखोरों से लोगों का जीना हराम है। इस तरह के कर्ज से सबसे ज्यादा गरीब किसान और कमजोर ही शिकार बनते है। एक बार लोग इनके चंगुल में फंस जाते है तो फिर निकलना मुश्किल हो जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों, किसानों के लिए बैंकों से कम ब्याज और आसानी से कर्ज की योजनाएं जमीन पर उतरती नहीं दिखती है। लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सूदखोरों के जाल में फंस कर अपनी जान गंवाने पर मजबूर हो जाते है।

ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में इस पर चर्चा हुई। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता रेगुलेटरी अफेसर्स यूनिट सीवी सिंह गौतम की ओर से एक सरर्कुल जारी किया गया है।

जारी सर्कुलर में निदेशक मंडल की बैठक का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि बढ़ते शहरीकरण के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के फीडरों को चिन्हित किया जाय और शहरी क्षेत्र का फीडर घोषित करने की कार्रवाई की जाय। कहा गया है कि यह कार्रवाई कर विद्युत नियामक आयोग की ओर अधिसूचित शहरी दर वसूल करने की कार्रवाई शुरू की जाय।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस कार्रवाई का सख्त विरोध किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण फीडरों को शहरी फीडरों में बदलने की कोशिश का कड़ा विरोध किया जाएगा। किसी भी हालत में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब देश में विद्युत उपभोक्ता अधिकार कानून 2020 लागू हो गया है इस मामले में आयोग में याचिका दाखिल की जाएगी।

वर्तमान दर घरेलू ग्रामीण

यूनिट	रुपये प्रति यूनिट
0-100	3.35
101-150	3.85
151-300	5.00
300 के ऊपर	5.50 रुपये प्रति यूनिट
फिक्स्ड चार्ज 90 रु प्रति किलोवाट	

वर्तमान दर घरेलू शहरी

यूनिट	रुपये प्रति यूनिट
0-100	5.50
101-150	5.50
151-300	6.00
300 के ऊपर	6.50 रुपये प्रति यूनिट
फिक्स्ड चार्ज 110 रु प्रति किलोवाट	

वर्तमान प्रक्रिया से भर्तियां पूरी नहीं हो सकतीं : मिश्र

अमृत विचार, लखनऊ: केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रिक्त व नव सृजित पदों पर नियुक्तियां करने के निर्देश तो दिए हैं। मगर बिना लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजे प्रकिया पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए विभागों में भर्ती करनी हैं तो नियुक्ति व पदोन्नति प्रक्रिया में व्यापक सुधार किए जाए। यह बात शनिवार को उप्र के इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र ने कही।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत, हर साल करीब 20 हजार कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं, मगर इनसे खाली होने वाले पदों पर हर साल इतनी संख्या में भर्ती नहीं होती है। पूर्व में इन खाली पदों पर दैनिक दर पर कर्मचारियों को रखकर काम चलाया जाता था, परंतु वर्तमान में आउट सोर्स से छह-आठ हजार रूपए में कर्मचारी रखकर काम चलाया जा रहा है। जिसका कोई भविष्य नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि समूह ग एवं समूह की नियुक्तियां विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जाए।

माफिया के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

- विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग व फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाय। हर प्रोजेक्ट के वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाय। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाय और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाय। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी।

बरसात में कहीं न होने पाए जलभराव

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का समय निकट है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाये। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा किया जाय। बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाय। अधिकारी जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें।

गोरखपुर के एनेक्सी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

बब्बर शेर की जोड़ी को कराया बाड़े में प्रवेश

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर 'भरत' व शेरनी 'गौरी' को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्य जीवों को मई के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। इन्हें बाड़े में छोड़े जाने के बाद अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। बब्बर शेर की जोड़ी चिड़ियाघर में छोड़ने के दौरान मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे।

शक्ति होगा लखीमपुर से लाए गए बाघ का नाम

चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने लखीमपुर के जंगल से लाए गए बाघ का नामकरण किया। बाघ का नाम उन्होंने 'शक्ति' रखा। मुख्यमंत्री ने यहां बस्ती जिले से आए बच्चों से मुलाकात की, बच्चों से संवाद कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

देवरिया बाईपास फोरलेन का निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला व तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाले का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

योग से बिना पैसे खर्च किए स्वास्थ्य लाभ होता है : दयालु

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह शुरू

अमृत विचार: आयुष विभाग एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री, डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आरोग्य रहने के लिए योग अपनाएं, योग से बिना पैसे खर्च किए स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता रहता है और व्यक्ति एवं समाज पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता है।

आयुष मंत्री ने, शनिवार को टुड़ियागंज स्तिथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धन्वंतरि एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में होने वाले योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत आज से हो रही है, अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवर व हरिटेज जोन में पूरे सप्ताह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेंगे। समारोह में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र सक्सेना, यूनानी निदेशक डॉ.अब्दुल वाहिद, निदेशक होम्योपैथी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रुद्रप्रयाग रवाना

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहारनपुर के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हो गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय व राहत आयुक्त कार्यालय के अफसरों को तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार व आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, हादसे में मारे गये लोगों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है।

सतर्कता अपात्र होंगे बाहर, वंचित पात्र लाभार्थी जोड़े जाएंगे

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का होगा सोशल आडिट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पहली बार समाज कल्याण विभाग दोनों योजनाओं का करा रहा आडिट
- आडिट के जरिए विभाग दोनों योजनाओं की जानेगा जमीनी हकीकत

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट होगा। समाज कल्याण विभाग पहली बार बड़े पैमाने पर अपनी इन दोनों योजनाओं का सोशल आडिट कराने जा रहा है। सोशल आडिट के जरिए विभाग अपनी दोनों योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होगा। इसकी रिपोर्ट के आधार पर विभाग दोनों योजनाओं में जुड़े अपात्र लाभार्थियों को बाहर करेगा वहीं वंचित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ेगा।

शुरू हो चुका है आडिट : सरकारी योजनाओं का सोशल आडिट, सोशल आडिट निदेशालय द्वारा अपनी टीमों से करवाया जाता है। पहली बार समाज कल्याण विभाग ने सोशल आडिट की सूची में अपनी दो योजनाओं (वृद्धावस्था पेंशन योजना और पारिवारिक लाभ योजना) को जुड़वाया है। समाज कल्याण निदेशालय के एक अधिकारी के मुताबिक आडिट का काम 13 जून से शुरू हो चुका है।

पहले चरण में समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा सोशल आडिट करने वाली टीमों को योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें योजना के लाभार्थियों की सूची भी मुहैया करवाई जा रही है।

इन 30 जिलों में होगा आडिट

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट यूपी के 30 जिलों में होगा। इनमें सभी 18 मंडल मुख्यालय के जिलों के साथ आठ आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही चार उन जिलों में भी सोशल आडिट कराया जा रहा है, जहां इन योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी हैं। इन जिलों में अलीगढ़, आगरा, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, अयोध्या, बरेली, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, मीरजापुर, सहारनपुर के साथ फतेहपुर, प्रतापगढ़, कुशीनगर, बांदा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र हैं। निदेशालय के मुताबिक सोशल आडिट की टीमें जिलों में एक दिन में एक गांव की जमीनी हकीकत की पड़ताल करेंगे। एक-एक लाभार्थी से मुलाकात कर उनका पूरा ब्योरा जुटाएंगे।

एडीजी वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय में की ज्वाइनिंग

अमृत विचार, लखनऊ: केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे अपर पुलिस महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है।

पीएसी मुख्यालय महानगर में बतौर एडीजी के पद पर तैनात रहे 1994 बैच के आईपीएस वीके सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस आने के बाद दो माह के लिए अवकाश पर चले गये थे। जानकारी के अनुसार छुट्टी की अवधि समाप्त होने पर वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीजीपी प्रशान्त कुमार से मुलाकात की और एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें ज्वाइनिंग से संबंधित पेपर दिये।

आज का मौसम

गर्मी व लू से अभी राहत न मिलने के आसार

45.3° अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान

सूरज की तपिश से झुलस रहे सब्जियों के फूल, भाव आसमान पर

संवाददाता, ऊंचाहार

रायबरेली, अमृत विचार। भीषण गर्मी से जहां लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। वहीं दूसरी ओर किसानों को फसल सूखने का डर सता रहा है। तापमान 4 5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है।

आसमान से बरस रही आग ने जनजीवन को ही नहीं फसलों को भी झुलसा दिया है। सब्जियों के फूल झुलस रहे है, जिसका उत्पादन पर असर पड़ रहा है। यह असर बाजार तक में दिखाई देती है। अभी मानसून ने दस्तक नहीं दी है। तापमान लगातार चढ़ रहा है, जिस कारण खेतों व घरों में लगी हुई सब्जियों व फलों की घरेलू बगीचे सूखने शुरू हो गए हैं।

गर्मी के कारण पौधों पर फल नहीं आ रहे है। जो लगते हैं, वह बढ़ते तापमान से सूख जा रहे हैं। किसान बताते हैं कि सब्जियों की सिंचाई शाम को करने के बाद रात में उसमें फूल आ जाते हैं किंतु दिन में जब तापमान बढ़ता है तो यह फूल फल बनने से पहले सुख जाते हैं। क्षेत्र के किरवाहार निवासी ननकू लोधी ने बताया कि आधा बीघा जमीन में बैंगन, हरी मिर्च, फलियां, बैगन, परवल इत्यादि फलदार पौधे लगा रखे हैं।

शुरू में सभी पौधों पर अच्छा फल आया था। दो बार अच्छी सब्जी ले चुके हैं, लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ता गया, फल गिरते गए। बैंगन की फसल गर्मी से झुलस गई है। मिर्च समय से पहले लाल होकर पिचक गई। कद्दू के सभी फूल झड़ गए।

गर्मी ने झुलसा दी सब्जियों की फसल

किरवाहार गांव के पूर्व प्रधान देशराज सांई ने कहा कि गर्मी के कारण सब्जियों के पौधे झुलस गए हैं। उसने खीरा, करेला, मिर्च, धनिया, कद्दू, तोरी, पेठा की फसल की काश्त की हुई है। लगातार बढ़ती कर्मी के कारण करेला व खीरे की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। हरी मिर्च व धनिया भी गर्मी की मार में जल गया है। केवल कद्दू, तोरी व पेठे की फसल को पानी लगाकर बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

जल्द न हुई बरसात तो हालात होंगे खराब

सब्जी के काश्तकार बताते हैं कि इस समय बाजार में सब्जियों के भाव इस लिए बढ़े हुए है, क्योंकि आसमान से हो रही आग की बरसात ने सब्जी की फसलों को झुलसा दिया है। बढ़े तापमान के कारण सब्जियों का उत्पादन घट रहा है। इस समय आम तौर पर बैगन जैसी सब्जी को कम पसंद किया जाता है। इसके बावजूद देहात की बाजार ने बैगन पचास रूपए किलो बिक रहा है। यदि जल्द बरसात नहीं हुई तो सारी सब्जियों की फसल नष्ट हो जाएगी और बाजार में सब्जियों के भाव आसमान में होंगे।

ऊंचाहार के किरवाहार गांव में खेतों में तेज धूप के कारण सूखे परवल के फूल।

बाड़े से 35 सूकर चोरी

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के केसाराम मजरे शहरी के रहने वाले पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर 35 सूकर चोरी होने का आरोप लगाया है। केसाराम मजरे शहरी के रहने वाले बाल गोविंद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती रात कर अज्ञात वाहन से आए और बाड़े से 35 सूकर चोरी कर ले गए। जब इस घटना की जानकारी हुई तो पीड़ित ने काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस बाबत थानेदार बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

एक नजर

जिले में धारा 144 लागू

रायबरेली। जिले में गंगा दशहरा 16, ईदुज्जुहा (बकरीद) 17, बड़ा मंगलवार 18 और योग दिवस 21 जून को है। साथ ही कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कम्प्यूटर आधारित संयुक्त प्रवेश परीक्षा- यूपीजेईई(पी)-2024 13 जून से 20 जून 2024 तक होना है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन एवं जिले में लोक परिशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह निषेधाज्ञा 21 जून तक लागू रहेगी।

नकदी सहित लाखों रुपये का सामान ले उड़े चोर

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के बन्नावां गांव की रहने वाली कमला तिवारी पत्नी वृंदावन तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम वह घर में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान उनकी नजर खुले हुए बक्से पर पड़ी, तो उन्होंने देखा कि बक्से के अंदर रखे दस हजार रुपए जो कि यूकेलिप्टस बेचकर इकट्ठा किया था। वह गायब थे। जब उन्होंने और सामान की खोज की तो वहां पर पता चला कि उनका लगभग 30 किलो वजन पीतल का बटुआ, एक गगरा तथा करवा एवं दो बोरी गेहूं सहित लगभग एक लाख रुपए कीमत का सामान गायब था। उन्होंने चोरी हुए सामान की बात अपने बेटे चंद्र प्रकाश तिवारी और पप्पू तिवारी को बताई। कमला तिवारी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि एक लड़का उनके ही पास पड़ोस का रहने वाला है, जिसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके पूर्व भी चोरों ने दो दिन पूर्व थुलेडीं चौकी के अंतर्गत तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर दहशत पैदा कर दी है। क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही चोरियों से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

77 मामलों में महज 9 का हुआ निस्तारण

तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियाद, दिए न्याय के आश्वासन

संवाददाता, डलमऊ

रायबरेली, अमृत विचार। आसमान से बरस रही तप्ती उमस में भी बड़ी संख्या में फरियादियों ने पहुंचकर समाधान दिवस में अपनी समस्याएं रखी है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनी।

शनिवार को डलमऊ तहसील में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें से आई हुई 77 शिकायतों में से मात्र 9 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। भीषण गर्मी व आसमान से बरस रही तपिश में भी फरियादियों ने न्याय की आस लगाकर जिलाधिकारी के समक्ष अपनी शिकायतें रखी। समाधान दिवस में राजस्व, बिजली विभाग, नाली, खरंजा एवं रास्ते को लेकर विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई। किसान यूनियन के पदाधिकारी ने पहुंचकर क्षेत्र में किसानों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए मांग की तो वहीं पर भाजपा नेता एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल ने मानक विहीन बन रही मंडी समिति द्वारा सड़क की शिकायत की। शिकायतकर्ता चौहट्टा निवासी ओम प्रकाश, अंकिल दीक्षित, मुर्शिदाबाद निवासी राम विलास ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा मनमाने तरीके से बिल भेजा जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को समस्त बिलों को सुधार कर उपभोक्ताओं का बिल जमा करने के निर्देश दिए है। नाथ खेड़ा से आई हुई दर्जनों महिलाओं ने गांव में नाली न होने की वजह से आम रास्ते में जल भराव की समस्या रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी डलमऊ को मौके पर जांच कर नाली निर्माण किए जाने के निर्देश दिए है। इस मौके पर एसडीएम आशुतोष कुमार राय, तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, क्षेत्राधिकार अरुण कुमार, कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर, अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, बीडीओ सत्यदेव यादव, अशोक सचान, चिकित्सा अधीक्षक नवीन कुमार मौजूद रहे।

तहसील समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर।

पीड़ितों ने एसडीएम से लगाई फरियाद

लालगंज, रायबरेली। लोकसभा चुनाव और आचार संहिता के चलते तहसील दिवस स्थगित हो गए थे। दो माह के बाद शुरू हुए तहसील दिवस लालगंज में 80 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर शिकायतें की है। तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम नवदीप शुक्ला ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी को आश्वस्त किया कि समस्याओं का निस्तारण हर संभव किया जाएगा। तहसील दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद जिनमें अवैध कब्जा, चकरोड खाली कराये जाने, पैमाइश आदि की शिकायतों की भरमार थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की भी लोगों ने गुहार लगाई। तहसील दिवस में नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी, लालगंज क्राइम इंस्पेक्टर विनय तिवारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पैसे वसूलने पर डीएम ने लेखपाल को लगाई फटकार

समाधान दिवस में उसे समय सन्नाटा पसर गया जब जिलाधिकारी ने लेखपाल पर जमकर फटकार लगा दी। उत्तर गोरी से आई शांति पत्नी सुखराम ने प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी से शिकायत की कि उनके पिता एवं मां की मृत्यु पहले हो चुकी है। इकलौते भाई की भी मौत हो चुकी है। तीन बहनों के नाम वरासत किए जाने को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल राजेश गुप्ता ने पहले 2 हजार वसूले, अब 15 हजार की और मांग कर रहे हैं। पैसे ना देने पर वरासत न करने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़िता की शिकायत सुनकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर आग बबूला हो गई और लेखपाल को बुलाकर जमकर फटकार लगाई और उप जिलाधिकारी डलमऊ को तत्काल वरासत दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

सलोन तहसील में 88 शिकायतों में 2 का निस्तारण

तहसील समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनते अधिकारी।

सलोन, रायबरेली। सलोन तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व के मामलों को लेकर ज्यादा शिकायतें अधिकारियों के सामने आई हैं। वहीं पुलिस की शिकायतें राजस्व के बाद सर्वाधिक रही। ज्यादातर शिकायतें जमीन पर कब्जे से संबंधित थीं। अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी दिव्या सलोन तहसील में लोगों की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सलोन तहसील में लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान 88 लोगों की शिकायतें आईं। इनमें से मात्र 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अधिकांश मामले जमीन पर कब्जा, राजस्व और पुलिस, बिजली से संबंधित थे।

भयंकर गर्मी से घटी फरियादियों की संख्या

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने जाते फरियादी। अमृत विचार

राही, रायबरेली

अमृत विचार। तीन माह बाद शुरू हुए संपूर्ण समाधान दिवस में तेज गर्मी के चलते फरियादियों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। एसडीएम सदर मिथलेश कुमार त्रिपाठी व सीओ सिटी अमित सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपंन हुआ। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे फेरू मजरे चकबल्लीहार निवासी बाबूलाल की शिकायत थी कि उसे पट्टे में कई साल पहले जमीन मिली थी, किन्तु पट्टा आज तक नहीं मिला। गढीमुतवल्ली निवासी शिवपाल की शिकायत थी कि उसकी पुस्तैनी भूमि पर निज ग्रामवासी ऊषा देवी पुत्री धनेष ने जबरन अवैध कब्जा कर लिया है। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे फेरूं मजरे बेला टेकई निवासी दिनेश कुमार की शिकायत थी कि सरकारी व गैर सरकारी नलों का गंदा पानी उनके दरवाजे से बहता है। जल निकास के लिए ग्राम प्रधान व सचिव से कई बार कहने के बावजूद कोई ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। तहसीलदार अनिल कुमार पाठक, सीडीपीओ सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

तहसील समाधान दिवस में कांग्रेस उपाध्यक्ष ने दिया धरना

समाधान दिवस कक्ष के गेट पर धरना देते सुशील पासी।

महराजगंज, रायबरेली। आचार संहिता की समाप्ति के बाद शनिवार को पुन: आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस हंगामेदार रहा। आयोजित समाधान दिवस में अपने समर्थकों के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुंचे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील पासी द्वारा आम जनमानस की सुनवाई ना होने का आरोप लगाया।

बताते चले कि शनिवार को शांतिपूर्वक चल रहे समाधान दिवस में करीब एक बजे अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचे सुशील पासी गेट पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा सरकार में थाना दिवस, तहसील दिवस एवं आईजीआरएस में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी फरियादियों को न्याय नहीं मिल रहा। श्री पासी ने कहा कि इन दिवसों से केवल भाजपा के गुंडा, माफिया एवं ऊंची पहुंच वालों को लाभ दिया जा रहा। वहीं किसान, नौजवान, मजदूर, गरीब को न्याय की चौखट तक पहुंचने भी नहीं दिया जा रहा। यह लोग छह-छह महीनों से सुनवाई की आस लिए थाना तहसील में अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर लगा रहे। जनता के साथ हो रहे ऐसे जुल्म के खिलाफ कांग्रेस पार्टी चक्का जाम करने के लिए विवश होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर छेदीलाल, मो उमर, विचित्र चौधरी, सौरभ चौधरी, बृजेश पासी, अर्जुन पासी, सच्चिदानंद त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 21 मरीज चिन्हित

जूनियर हाईस्कूल में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मौजूद लोग।

सरेनी, रायबरेली। नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 102 मरीजों के आंखों की जांच की गयी। इनमें से 21 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जबकि 45 मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह दी गयी। चिन्हित मरीजों की आंखों का ऑपरेशन रविवार 16 जून को इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र लखनऊ में नि:शुल्क किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए शिविर के सरंक्षक सूर्यबली सिंह ने कहा कि लोगों की आंखों की ज्योति वापस लाने में मदद करने से उन्हें असीम सुख मिलता है। यह पुण्य का कार्य है। कड़ी धूप के वावजूद शिविर में 102 नेत्र रोगी पहुंचे जिनका आपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण कल 16 जून को होगा। आने व जाने का किराया भी किसी को नहीं देना है। मरीजों की आंखों की जांच कुशल नेत्र केएस यादव व सलीम अलीखान ने की। जबकि उनकी सहयोगी रितिका व पूनम रही। शिविर के अन्य सहयोगियों में संयोजक सुन्दर सिंह, बच्चा लाल, प्रकाश चंद्र, नरेन्द्र, सुरेश निर्मल, आनन्द लोधी, कमलेश, गौरीशंकर आदि उपस्थित रहे।

झारखंडेश्वर धाम में आयोजित भंडारे में उमड़ी भीड़

भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। विकास क्षेत्र के खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर से झारखंडेश्वर धाम में श्री रामचरितमानस पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 14 जून को सुबह 9 बजे अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात 15 जून को श्री रामचरितमानस पाठ के उपरांत हवन आदि कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों ने भोलेनाथ के दर्शन कर प्रसाद चखा।

विभव ने यूरिन से शुगर जांचने वाली स्ट्रिप विकसित की

संवाददाता, रायबरेली

विभव शुक्ला

दौलतपुर गांव के रहने वाले हैं विभव, एनआईटी रायपुर से कर रहे हैं शोध

अमृत विचार। शरीर में शुगर की जांच के लिए अब ब्लड सैंपल निकालना जरूरी नहीं होगा। शुगर लेवल की जांच यूरिन (पेशाब) से भी की जा सकेगी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में जनपद के शोध छात्र विभव शुक्ला ने ब्लड की जगह यूरिन से शुगर मापने वाल टेस्ट स्ट्रिप विकसित की है। उनका यह नया शोध उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा जो रक्त परीक्षण से डरते हैं। संस्थान के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कफील अहमद सिद्दिकी के निर्देशन में शोध कर रहे पीएचडी छात्र विभव शुक्ल सरेनी क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता विनय कुमार शुक्ल हरिवंश लाल शुक्ल इंटर कॉलेज ऊँचगाँव-उन्नाव में प्रधानाचार्य के रूप में कार्य का कार्यरत हैं। विभव शुक्ल ने बताया कि उनका यह शोध प्रसिद्ध जर्नल 'मटेरियल्स टुडे केमिस्ट्री' में प्रकाशित भी हुआ है। गंगा किनारे बसे दौलतपुर में जन्मे विभव ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की। सरस्वती विद्या मंदिर, उंचगाँव, उन्नाव से कक्षा 12 की पढ़ाई के बाद फिरोज गांधी कॉलेज से बीएससी और डीएवी कॉलेज-कानपुर से एमएससी की है।

उद्यान में योग सप्ताह की हुई शुरुआत

रायबरेली, अमृत विचार। 10वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा योग सप्ताह का शुभारंभ योग शिविर योग ग्राम गुरू गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान, रायबरेली में किया गया। सर्वप्रथम प्रोटोकाल अनुसार डॉ. रवि प्रताप सिंह योग शिक्षक द्वारा सामुहिक योगाभ्यास कराया गया। विशिष्ट अतिथियों में नगरपालिका अध्यक्ष शत्रुध्न सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, परियोजना निदेशक आदि मौजूद रहे। इस दौरान योगाभ्यास कराया गया। भारत सरकार, शासन एवं निदेशालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन एवं डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयोजन हुआ।

अज्ञात डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, अटौरा, रायबरेली

रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के लालगंज-रायबरेली राजमार्ग पर प्रभूपुर मोड़ के पास शनिवार की अपराह्म करीब 3 बजे तेज रफ्तार डंपर ने मोटर साइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं गम्भीर रूप से घायल दूसरे युवक को सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार रामबाबू (42) पुत्र हरिलाल पासवान व सौरभ द्विवेदी (45) पुत्र लक्ष्मीशंकर द्विवेदी निवासीगण लोधीपुर उतरावां जनपद रायबरेली अपनी मोटर साइकिल से शनिवार की अपरान्ह रायबरेली जा रहे थे। प्रभूपुर मोड़ के समीप रायबरेली की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर उनकी मोटर साइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में रामबाबू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही सौरभ द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सौरभ द्विवेदी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस नें मृतक रामबाबू के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है। अटौरा चौकी इंचार्ज चमन सिंह ने बताया कि डंपर चालक को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की छानबीन की जा रही हैं। जल्दी डंफर को पकड़ लिया जाएगा।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। बांदा-बहराइच मार्ग पर रौला गांव के पास गुरुवार की शाम एक अज्ञात डंपर चालक ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खीरों पुलिस द्वारा उसे सीएचसी लालगंज पहुंचाया गया, जहां से नाजुक हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजनों ने उसे फतेहपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घायल युवक के चचेरे भाई के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने अज्ञात डंफर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर जिले के थाना क्षेत्र हुसैनगंज के गांव तिवारीपुर निवासी आकाश चौरसिया पुत्र अनिल चौरसिया ने आरोप लगाया है कि गुरुवार को शाम लगभग 5:30 बजे उसके चचेरे भाई सूरज चौरसिया (26) पुत्र सुनील चौरसिया बाइक द्वारा बछरावां से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी डंपर से अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही के साथ डंफर चलाते हुए सूरज चौरसिया की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और घटनास्थल से वाहन सहित भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सूरज चौरसिया को सीएचसी लालगंज में भर्ती कराया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूरज चौरसिया को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन परिजन उसे लेकर फतेहपुर चले गए और उसका एक निजी अस्पताल में जिला चल रहा है। जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

सभासद की हत्या के बाद से रिक्त चल रहा पद, अधिसूचना जारी

शिवगढ़, रायबरेली। 2023 में सभासद आरती रावत की हत्या के बाद से नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत के अजीत खेड़ा वार्ड नम्बर 2 में पद रिक्त चल रहा है। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के अधिसूचना जारी होते ही अजीत खेड़ा वार्ड में सभासद के चुनाव को लेकर सर गर्मियां तेज हो गई। उक्त वार्ड में रिक्त पड़े सभासद पद के लिए 8 जुलाई को मतदान सम्पन्न कराया गया। 10 जुलाई को मतगणना होगी। जिसको लेकर अधिसूचना जारी हो गई है। अपनी-अपनी जीत दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में उतरी महिलाओं ने जन सम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने बताया कि अधिसूचना जारी हो गई है तिथियों के हिसाब से मतदान और मतगणना कराई जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | 21 जून तक मनाया जाएगा सामूहिक योग सप्ताह, जनपद स्तर पर होगा आयोजन

डीएम ने अफसरों को सौंपी कार्यक्रम की जिम्मेदारी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सामूहिक योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व योग सप्ताह के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का सम्पूर्ण दायित्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली, जबकि डॉ. रवि प्रताप सिंह योग प्रशिक्षक अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। योग दिवस व योग सप्ताह सफल आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा रंगोली, स्लोगन, निबंध, भाषण एवं चित्रकला व योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने के साथ विजेताओं को 21 जून को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर योग शिविर का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी/समस्त उपजिलाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम में योग शिक्षक की अनुपलब्धता होने पर डॉ. रवि प्रताप सिंह योग शिक्षक द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी, कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं द्वारा योग सप्ताह पर योग के संबंध में जागरूकता का आयोजन किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सोनकर, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, अर्थ एवं संख्याधिकारी, योग शिक्षक रवि प्रताप आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में योग दिवस पर तैयारी पर बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

पुलिस संरक्षण में फलफूल रहा गांजा और स्मैक का कारोबार

संवाददाता, जगतपुर

रायबरेली, अमृत विचार। बैशाखी के सहारे चल रही थानेदार इस समय सुर्खियों में है, जहां पर अवैध गांजे वा स्मैक का कारोबार तेजी से हो रहा है। यहां तक की स्मैक कारोबारी द्वारा एक सप्ताह पूर्व एक किशोर को इसमें चोरी में पीटने का वीडियो वायरल हुआ था, लेकिन पुलिस ने लेनदेन कर मामले को रखा दफा कर दिया।

जहां पर एक ओर मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश को पालन करते हुए कप्तान साहब ने जगतपुर थाने की कमान थानेदार बबिता पटेल को दिया, लेकिन उसे पर खरी नहीं उतरी और अवैध खनन हरे पेड़ों की कटान उनके संरक्षण में जगतपुर कस्बे से लेकर गांव में अवैध गाजें व स्मैक की बिक्री अधिक पैसे कमाने की चाहत में किया जा रहा है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की लेकिन उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया यहां तक की एक सप्ताह पूर्व एक स्मैक कारोबारी द्वारा एक किशोर ने स्मैक चोरी कर लिया जिसको पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इस बाबत सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं है। फिर भी पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

संवाददाता, लालगंज

रायबरेली। लालगंज-रायबरेली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। रात के अंधेरे में लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई है।

दीपेमऊ गांव निवासी जयपाल सिंह शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे बरस गांव से लौट रहा था तभी रास्ते में लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके चलते जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बीडीओ से की शिकायत

सरेनी, रायबरेली। रायपुर गांव में एक सड़क को न बनवाये जाने से ग्रामीण प्रधान से नाखुश हैं। गांव के सुरेश शुक्ला ने बीडीओ से सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है। बीडीओ को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि मुहल्ले से गुजरने वाली गली गंदी पड़ी है। बीडीओ से मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

छह साल बाद बाईपास के खुलने की जगी उम्मीद

कार्यदायी संस्था ने 30 अगस्त तक निर्माण करने का किया दावा, कस्बे में जाम से मिलेगी राहत

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। लालगंज में बने बाईपास के फिर से चालू होने की उम्मीदें बढ़ गई है। बाईपास रेलवे पुल का निर्माण काम जारी है। हालांकि गर्मी की वजह से काम धीरे चल रहा है, लेकिन फिर भी निर्माण कर रही कंपनी के लोगों ने दावा किया है कि 30 अगस्त तक हर हाल में पूरा हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 2018 में फतेहपुर रायबरेली रोड का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा हुआ था। सड़क के चौड़ीकरण के साथ-साथ लालगंज में बाईपास निर्माण और रेलवे पर ब्रिज बना था, लेकिन रेलवे पर बने ब्रिज की डिजाइन फेल हो जाने के चलते आवागमन रोक दिया गया था। बाद में पुल भी तोड़ दिया गया। बाईपास के बंद हो जाने से लालगंज जाम और दुर्घटनाओं से जूझ रहा है । उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई और भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला के निवेदन पर मार्च में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पुल निर्माण के बाबत रेलवे से एनओसी दिलाई थी।

बाईपास पर चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

तभी से पुल का निर्माण कार्य चालू है हालांकि गर्मी की वजह से कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा है। लेकिन फिर भी कार्यदाई संस्था संजोग इंफ्रा का कहना है कि 30 अगस्त तक पुल का निर्माण हो जाएगा। पुल निर्माण का काम देख रहे सुपरवाइजर अतुल कुमार ने बताया कि पुल निर्माण के बाबत क्रिप और स्टेजिंग का कार्य किया जा रहा है। ब्रिज की बेल्डिंग का काम भी तेजी से चल रहा है ।

मौके पर संजोष इंफ्रा कंपनी के द्वारा पुल निर्माण के बाबत सभी प्रकार की तैयारी दिखाई पड़ती हैं। हाइड्रा, जेसीबी, जनरेटर आदि सभी उपकरण आ गये हैं। उम्मीद है कि जल्द ही कार्य पूरा होने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

पोस्ट ऑफिस की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

सरेनी, रायबरेली। गेंगासो ग्राम पंचायत में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर पोस्ट ऑफिस की जमीन पर किये गये अतिक्रमण को हटा दिया है। राजस्व टीम व सरेनी पुलिस क्षेत्र के गेंगासो गांव पहुंची, जहां पोस्ट आफिस की जमीन को दो पक्षों ने कब्जा कर रखा था। राजस्व टीम से नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय व पुलिस ने मौके से डाकघर की जमीन में किये गये अतिक्रमण हटवा दिया। अतिक्रमण हटाते समय प्रधान पक्ष से अंकित गुप्ता व एक अन्य पक्ष से चन्द्र मोहन गुप्ता मिलकर आपस में लड़ने लगे व आमादा फौजदारी हुए जिससे दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पालिका की पहल, डिग्री कॉलेज चौराहा बनेगा नो प्लॉस्टिक जोन

तीन सदस्यीय टीम गठित, सौ मीटर के दायरे के दुकानदारों पर होगा प्रभावी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की ओर से प्रमुख चौराहों को लगातार सजाया और संवारा जा रहा है। साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में अब सिंगल यूज प्लास्टिक को शहर से मुक्त रखने की कवायद शुरू हो गई है। पहले चरण में डिग्री कालेज चौराहा को शामिल किया गया है। इस चौराहे के आसपास सौ मीटर तक नो प्लॉस्टिक जोन बनाया गया है। यहां पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन कर दिया गया है।

शहर में सिंगल यूज प्लॉस्टिक के रोकथाम को लेकर प्रशासन की ओर से पूर्व कई बार अभियान चलाया गया है। एक सैकड़ा से अधिक दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। शासन की सख्ती और प्रशासन की सक्रियता के कारण कुछ समय के लिए जरूर दुकानदारों ने प्लास्टिक के थैले से दूरी बना ली, लेकिन एक बार फिर से बेरोकटोक दुकानों पर प्रयोग होने लगा है। नगर पालिका की ओर से अब इस ओर कड़ाई से कदम उठाया जाएगा। शुरूआत में डिग्री कालेज चौराहा को चुना गया है। यहां पर आसपास छोटी-बड़ी दुकानों के साथ ही पटरी दुकानदारों काफी तादाद में है। फल की ठेलियों पर अकसर सिंगल यूज प्लॉस्टिक में सामान दिया जाता है। लेकिन अब ऐसा करने पर उन कार्रवाई होना तय है। नगर पालिका की ओर से सौ मीटर के दायरे में आने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही प्रभावी कार्रवाई के लिए टीम भी गठित कर दिया गया है।

डिग्री कॉलेज चौराहा। अमृत विचार

पालिका द्वारा चिन्हित स्थल

नगर पालिका की ओर से डिग्री कालेज चौराहा के आसपास सौ मीटर का दायरा चिन्हित किया गया है। इस क्रम में कचहरी रोड पर पवन नमकीन, कैनाल रोड पर हनुमान मंदिर, जेल गार्डेन रोड, कलेक्ट्रेट और राना बेनी माधव बक्स प्रतिमा स्थल तक की दुकानों को सौ मीटर के अंदर शामिल किया गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम को लेकर यह पहल की है। शुरुआती दौर में दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही थैला भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद भी यदि प्लास्टिक बैग का प्रयोग किया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-स्वर्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद

प्लॉस्टिक का प्रयोग बहुत ही घातक है। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। यह पर्यावरण के लिए भी नुकसान दायक है। नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना है। यह अभियान सबके लिए हितकारी है।

-शत्रोहन सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद

सीसीटीवी से पकड़ा गया घंटा चोर, दम्पति समेत 3 गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले में खाकी के कारनामे निराले है। अब तो पुलिस किसी भी तरीके से खुलासा कर मामले से छुटकारा पाने के हर जतन अपना रही है। एसपी की हुई कार्रवाई के बाद बछरांवा पुलिस ने आनन-फानन में क्षेत्र में हो रहे मन्दिरो से घण्टे चोरी की घटनाओं में शामिल दम्पति समेत तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चोरों की गिरफ्तारी की जो स्क्रिप्ट खुलासे के दौरान एएसपी द्वारा बताई गई, उससे जाहिर है कि बछरांवा पुलिस किसी तरीके से अपना पल्ला बचाना चाह रही है। एएसपी ने भी स्थानीय थाने की पुलिस के पक्ष में खूब तारीफ की।

एएसपी नवीन सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने खूब मेनहत की तब सफलता हाथ लगी जबकि 14 जून को जिस झारखंडेश्वर मंदिर में घंटे चोरी हुए थे उसमें लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए चोर की तस्वीर कैमरे में कैद हुई थी और वह वायरल भी हुई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने शातिर चोरों तक पहुंचने में आसानी से सफलता पा सकी, लेकिन पुलिस का मानना है कि उसने बड़ी मेहनत से घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने संतोष कुमार पुत्र स्व सुंदरलाल व उसकी पत्नी श्री कांती निवासी रानीखेड़ा मजरे राजामऊ को गिरफ्तार किया। वहीं चोरों द्वारा मंदिर से घंटा चुराने के बाद सारे घंटों को लालता प्रसाद एंड संस भंडार के मालिक रमाकांत पुत्र लालता प्रसाद निवासी बछरावां के हाथों बेच दिया था, पुलिस ने रमाकांत को भी गिरफ्तार किया है। दम्पति की निशानदेही पर दुकानदार के पास से 53 घंटों (कुल वजन 54.655 किलोग्राम) को बरामद करने के साथ ही दो सब्बल, आरी ब्लेड, 1 टॉर्च सहित, 1850 रुपए बरामद किया। पुलिस द्वारा दंपति समेत तीनों को जेल भेज दिया है।गौरतलब है कि झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में बछरावां थाने में पूर्व में प्रभारी रहे नारायण कुशवाहा द्वारा मंदिर में कैमरे लगवाए गए थे।

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी–रायबरेली (कानपुर–रायबरेली रोड)
सम्बद्ध :– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)
E-mail:tkmv2016@gmail-com

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय सेमरी, रायबरेली
सम्पर्क सूत्र– 8887769426, 9044794511

नव वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत: निम्न पदों पर UGC द्वारा पी.एच.डी. /नेट अर्हताधारी प्राचार्य / प्रवक्ता हेतु एक-एक पद की आवश्यकता है।

प्राचार्य पद हेतु :– 01 पद अनुभव 15 वर्ष।
कला संकाय प्रवक्ता पद हेतु: हिन्दी साहित्य विषय हेतु 01 पद।
नोट :– इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

कमल बहादुर सिंह
प्रबन्धक
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी–रायबरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं रामकिशोर पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल निवासी सरसौली अकोहरा थाना सिधौली जनपद सीतापुर का निवासी हूं। मैं अपने बड़े पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती से अपना संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती के किसी भी कृत्य के लिए मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना
सूचित किया जाता है कि अभि0 शिवा पुत्र बच्चू कनौजिया, निवासी–माधोगंज, सीपेट चौराहा थाना सरोजनीनगर, लखनऊ, मा0 न्याया0 में मु0सं0–943/18 धारा–395,412 भादवि0 थाना–पीजीआई लखनऊ मे उपस्थित नहीं हो रहा है। जिसके विरुद्ध मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी वारन्ट व धारा– 82 सीआरपीसी की नोटीस जारी हुआ है।,

सूचना
सूचित हो कि मै **रामेश्वरी पत्नी राजाराम, निवासी– भखारौली कनपुरवा, पोस्ट– कुंडासर कैसरगंज बहराइच** मेरा नाम कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश रामश्री देवी अंकित हो गया था जबकि सही नाम रामेश्वरी है और दोनो नाम मेरे ही है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISHWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। **सुफल बिस्वास, निवासी– भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD FAISAL था से बदलकर MOHAMMAD FAISAL रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD FAISAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 RIYAZ AHMAD H.NO- 16, MOHALLA VAIRA KAJI JARWAL TOWN BAHRAICH-271904

कार्यालय ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली

दिनांक 20/04/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/ टेंडर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय वित्त/ राज्य वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा में 2024–25 हेतु निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ब्रिक्स, ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा, खंजड़, मौरंग, सीमेंट, बालू इत्यादि क्रय की जानी है। जिसके लिए रजिस्टर्ड फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु रेट कोटेशन निविदा प्रकाशन के 3 दिन के अंदर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदाएं अगले कार्य दिवस को सायं 3 बजे निविदा दाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। न्यूनतम दर प्राप्त कोटेशन ही स्वीकार किया जायेगा स्वीकरोपरांत उक्त सामग्री इस वित्तीय वर्ष में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। प्रस्तुत दरें लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं होंगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश पर की जाएगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा,
विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली

सचिव
ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा,
विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली

सार-संक्षेप

शिवगढ़ वार्ड दो में आठ जुलाई को उपचुनाव

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत शिवगढ़ में रिक्त वार्ड दो के चुनाव की घोषणा डीएम ने कर दी है। मतदान आठ जुलाई को कराया जाएगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप दी है।मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के अनुसार जनपद रायबरेली में अवस्थित नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड संख्या 02 अजीत खेड़ा के रिक्त सदस्य के स्थान/पद पर उप निर्वाचन, जो विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराए जाने के निर्देश दिये हैं। इस विवरण के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़ (नगर पंचायत) द्वारा वार्ड संख्या दो अजीत खेड़ा के रिक्त सदस्य के स्थान/पद की सार्वजनिक नोटिस 18 जून 2024 को जारी करेंगे। इसी तिथि से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा।नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति का अन्तिम तिथि व समय 22 जून पूर्वाह्न 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, अभ्यर्थन की वापसी 26 जून पूर्वाह्न 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक, जबकि प्रतीक चिह्न आवंटन 27 जून पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य समाप्ति तक होगा। मतदान 8 जुलाई सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक), मतगणना 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक है।

रोक के बावजूद निर्माणाधीन दुकानों में काम शुरू, धरना

दुकानों में पुन: निर्माण होने के विरोध में धरना देते ग्रामीण।

महराजगंज, रायबरेली। बाबा मौनीदास कूटी व मेला ग्राउंड के नाम दर्ज सुरक्षित भूमि पर नगर पंचायत द्वारा बनवाई जा रही दुकानों का विरोध थमने का नाम नही ले रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर निर्माण बंद होने के बाद एक बार फिर निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही ग्रामीणों का गुस्सा 7वें आसमान पर पहुंच गया और ग्रामीण मौके धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में बाबा मौनीदास कूटी और मेला ग्राउंड के नाम से यह भूमि सुरक्षित है वर्षों से सुरक्षित भूमि नगर विस्तार में नगर पंचायत के परिक्षेत्र में आ गई जिसके बाद से नगर पंचायत द्वारा भूमि का अनुचित उपयोग किया जा रहा है। पहले तो नगर पंचायत द्वारा मंडी स्थल के नाम से काफी जमीन पर चट्टे बनवा दिए गए उसके बाद टैक्सी स्टैंड बनवा दिया गया और अब टैक्सी स्टैंड के ठीक सामने दुकानों का निर्माण शुरू हो गया। मौके पर पहुंचे कोतवाल बालेंदु गौतम ने लोगों को समझने का प्रयास किया और एसडीएम राजित राम गुप्ता से भी फोन पर बात कराई लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण वहीं धरने पर बैठे रहे। वहीं, कांग्रेस नेता सुशील पासी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों का समर्थन किया और नगर पंचायत के कार्य को गलत बताया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, फिरोज अहमद, संदीप वैश्य, रामहर्ष, राम प्रसाद, सुजीत, अवधेश, संदीप सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

गजनीपुर में लगेगी गुजरात में निर्मित 7 क्विंटल की गदा

महराजगंज, रायबरेली– अमृत विचार। क्षेत्र के टीसाखानापुर मजरे गजनीपुर गांव में 700 किलो वजन की अद्भुत हनुमान गदा गुजरात से बनकर आई है। 22 फीट लंबी गदा को बनाने में तकरीबन 18 करीगरों की टीम ने 45 दिन में गदा का निर्माण किया है। गजनीपुर गांव के हनुमान भक्त के ऑर्डर पर गदा को गुजरात के इंजीनियरों ने तैयार किया है। इस अद्भुत गदा को शनिवार 15 जून 2024 को ट्रक द्वारा रायबरेली के गांव गजनीपुर स्थित कष्टभंजन देव धाम लाया गया है, जहां हनुमान भक्त रामकुमार यादव द्वारा बनवाए गए श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर के गेट पर दो सिल्वर कलर के बड़े कलश के साथ स्थापित किया जाएगा। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के गजनीपुर गांव के हनुमान जी महाराज के भक्त रामकुमार यादव ने गांव में ही कष्टभंजन हनुमान जी महाराज की एक विशाल मूर्ति बनवाकर मंदिर स्थापित किया है। मंदिर तैयार होने के बाद इसके मुख्य द्वार पर दो बड़े कलश के साथ एक अद्भुत गदा स्थापित करने की उनके मन में इच्छा प्रबल हुई तो उन्होंने कलश के साथ विशाल गदा बनवाने की इच्छा जताई है।

3 घंटे सर्जरी के बाद निकाला गया आधा किलो ट्यूमर, महिला स्वस्थ

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने बच्चेदानी के ग्रीवा के मुख के ट्यूमर की सफल सर्जरी की है। शहर की रहने वाली 25 वर्षीय महिला इस बीमारी से परेशान थी। जिसे गम्भीर हालत में इलाज के एम्स की ईमरजेंसी भर्ती कराया गया था। जहां पर सर्जरी करनी पड़ी। चिकित्सकों की टीम की मदद से लगभग तीन घंटे तक चली सर्जरी के बाद लगभग आधा किलो वजन का ट्यूमर बाहर निकाला गया। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। प्रो. डॉ कृष्णा सिंह ने बताया कि बच्चेदानी के ग्रीवा के मुख का ट्यूमर निकल गया। निकले गए ट्यूमर का साइज़ आधा किलो है। गर्भाशय ग्रीवा फाइब्रॉएड के कारण योनि से रक्तस्राव हो सकता है। पेशाब करने में दिक्कतों के साथ अन्य समस्याओं का सामना करना पडता है। भारी रक्तस्राव से एनीमिया, थकान और कमज़ोरी हो सकती है। यह एक दुर्लभ रोग है। जिसमें अत्यधिक रक्त श्राव के कारण रक्त की कमी हो जाती है। जिसके कारण हृदय, फेफड़े, गुर्दे सब पर प्रभाव डालता है।

सर्जरी करने वाली चिकित्सक टीम।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को सफल सर्जरी के लिए बधाई। विभाग मे महिलाओ से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियो का इलाज किया जाता है। ऐसे गंभीर व दुर्लभ बिमारी का सर्जरी कर इलाज किया जाता है।

-प्रो. अरविंद राजवंशी, निदेशक एम्स

बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर की दवाएं सीज

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। जिला औषधि निरीक्षक ने एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा तो संचालक लाइसेंस भी नहीं दिखा सका। जिस पर मेडिकल स्टोर की दवाओं को सीज कर चार संदिग्ध दवाओं का नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया है। जिला औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह नसीराबाद से वापस रायबरेली जा रहे थे। उनके आने की सूचना पर संचालकों ने अपने मेडिकल स्टोर बंद कर दिए।

मटियारा चौराहा पर एक मेडिकल स्टोर का आधा शटर खुला हुआ था। आधा शटर खुला देख कर औषधि निरीक्षक मेडिकल स्टोर पर पहुंचे। उन्होंने लाइसेंस दिखाने को कहा तो संचालक काफी देर तक इधर उधर करने के बाद भी लाइसेंस नहीं दिखा सका।

औषधि निरीक्षक ने मामले की जानकारी लखनऊ के अधिकारियों को दी। उसके बाद पुलिस की मौजूदगी में करीब तीस हजार की 36 प्रकार की भंडारित एलोपैथिक दवाओं को सील किया गया। चार दवाएं संदिग्ध मिलने पर उसके नमूने प्रयोगशाला में परिक्षण के लिए भेजा गया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद – रायबरेली

पत्रांक: 118/अधि0अधि0न0प0स0/ई–टेण्डर/ 2024–25 दिनांक– 14/06/2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

एतदद्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स / कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स से दिनांक – 15.06.2024 से 06.07.2024 सांय 05: 00 बजे तक ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 08.07.2024 को अपरान्ह 01. 00 बजे निविदाएं खोली जायेगी । टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

नोट – शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा ।

टेण्डर शेड्यूल (WWW.etender.up.nic.in पर)

क0 स0	नगर पंचायत	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		15.06. 2024 10.00AM	-
		Tender Download	15:06.2024 10.00AM	06.07. 2024 05.00PM
		Bid Submission	15:06.2024 10.00AM	06.07. 2024 05.00PM
	Bid Opening		08:07.2024 01.00AM	

"कार्य–विवरण"

क्र. सं.	कार्य / स्थल का विवरण	अनुमानित लागत (GST सहित)	जमानत राशि 02 प्रति0	निविदा फार्म शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	नगर पंचायत सलोन के विस्तारित क्षेत्र में स्वच्छ जलापूर्ति हेतु पाईप लाईन का विस्तार	2321000.00	39400.00	2400.00	01 माह
2.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 05 मोहल्ला गोरही में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार ।	3572000.00	60600.00	3600.00	01 माह
3.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 07 शिवदीन का पुरवा में 820 ए0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार ।	3393000.00	57600.00	3400.00	01 माह
4.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 03 मोहल्ला औना सदरा में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार ।	3056000.00	51800.00	3100.00	01 माह
5.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 01 मोहल्ला पूरे बाबू में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार ।	3393000.00	57600.00	3400.00	01 माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

एक नजर

ब्रांड एंबेसडर को किया सम्मानित

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन के तहत आदर्श नगर पंचायत हैदरगढ़ द्वारा नामित ब्रांड एंबेसडर माता प्रसाद अवस्थी को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ननकऊ साहू, रमेश शुक्ला, राजेश तिवारी, रामेंद्र तिवारी, सोनू द्विवेदी, संजू गोयल भानु मिश्रा मौजूद रहे।

तालाब में डूबने से अधेड़ की गयी जान

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : तालाब में डूबने से शनिवार को एक अधेड़ की मौत हो गयी। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये ही अंतिम संस्कार कर दिया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला गांव के निवासी बब्लू कश्यप (45) शनिवार को तालाब के किनारे शौच के लिए गया हुआ था। पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए कहीं ले जाते तब तक उसकी मौत हो गयी।

प्रमोशन पाकर हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक बने विनोद

बाराबंकी, अमृत विचार : सम्मन सेल में नियुक्त हेड कांस्टेबल विनोद कुमार चौबे की उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नति होने पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने उनके कन्धों पर स्टार लगाकर बधाई दी।

11 वांछित दबोचे गए

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस में 36 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। इसके अलावा दो वारंटी व 11 वांछितों को गिरफ्तार किया गया।

चाकू के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासी जफर को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कच्ची शराब बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : जहरीली शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सुबेहा पुलिस टीम ने ग्राम शहरी निवासी गरीबे रावत को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

जुआ खेलते चार बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर पुलिस ने के तहत शनिवार को मो. सुफियान, मो. अकरम, मो. अबसार व मो. नेहाल को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया।

दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

देवा, बाराबंकी: अमृत विचार: घर के बाउंड्रीवाल में गेट लगाने से गुस्साए कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। बचने के लिए जब वह घर में घुस गया तो दबंगो ने उसे घर में घुसकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर देवा पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। देवा थाना क्षेत्र के छोटीपुरवा मजरे इस्माइलपुर निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने अपने घर की बाउंड्रीवाल बनवाकर उसमें गेट लगवाया है। इससे नाराज गांव के विजय राज, प्रवेश, आरती पत्नी विजयराज, रामसुचित , प्रमोद कुमार, अमन आदि ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। जब वह घर के अंदर घुस गया तो इन लोगों ने घर के अंदर घुसकर उसकी पिटाई कर दी।

योग व प्राणायाम से दूर होते हैं मानसिक व शारीरिक रोग

योग सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कमला नेहरू पार्क में शनिवार को दशम योग दिवस 21 जून के अवसर पर मनाए जा रहे योग सप्ताह का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, सीडीओ अ. सुदन ने महर्षि धन्वंतरि के चित्र पर दीप जलाकर किया। इस बार का योग दिवस महिला सशक्तिकरण की थीम पर आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर राजरानी रावत ने कहा कि योग हमारे जीवन में बहुत जरूरी है। इससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। यह छात्रों की एकाग्रता के लिए उपयोगी है। सीडीओ अ. सुदन ने कहा कि जनमानस में योग का व्यापक प्रचार- प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने योग के फायदे बताये। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अविनाश चन्द्र ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को जिला विकास अधिकारी व जिला होम्योपैथी अधिकारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य शशि कुमार अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. प्रीति सक्सेना, जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा, डॉ. नीलम जयंत, डॉ. विजय आनंद कनौजिया, डॉ. राजेश, डॉ. पारुल, रत्नेश कुमार व आयुष चिकित्सक मौजूद रहे।

कमला नेहरू पार्क में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

योगासनों का कराया गया अभ्यास

योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी, सुशील अवस्थी व आरती शुक्ल ने लोगों को आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. अविनाश प्रकाश ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है। योगाचार्य डॉ. शशि अवस्थी ने योग विद्या और साधना के मर्म बताए। योग प्रशिक्षक सुशील अवस्थी ने योगासनों का अभ्यास कराया।

बीडीओ समेत कर्मियों ने किया योगाभ्यास

रामनगर ब्लाक परिसर में योगाभ्यास करते कर्मचारी। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार : 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग सप्ताह की शुरुआत हो गई है। 15 से 21 जून तक योग सप्ताह चलेगा। योग सप्ताह की शुरुआत विकासखंड रामनगर के सभागार में शनिवार को जॉइंट बीडीओ नंद कुमार पांडेय, जयराम वाल्मीकि के साथ ब्लॉक कर्मियों ने योग करके की।

नौतपा के बाद भी झुलसा रही धूप

अधिकतम 44 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नौतपा के बाद भी गर्मी का ताप कम नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार से शुक्रवार इस महीने के सबसे गर्म दिन रहे। इन तीन दिनों तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस बना रहा। जबकि शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री तो न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में तो धूप झुलसाती ही है, रात में भी न्यूनतम तापमान बढ़ने के कारण लोग गर्मी से परेशान हैं।

इक्का दुक्का लोगों को छोड़ दें तो सड़कों पर पूरी तरह से सन्नाटा छाया रहा। जरूरी कामों से घर से निकले हुए लोगों ने धूप से बचाव के लिए गमछे और छाते का इस्तेमाल किया। बिजली की लगातार मांग बढ़ने के कारण कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जल गये। जिसकी वजह से दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली आपूर्ति को बहाल करने के लिए विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सिरौलीगौसपुर, बदोसराय, फतेहपुर, हैदरगढ़, रामनगर, रामसनेहीघाट के साथ शहर के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की वजह से उमसभरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। आपूर्ति से अधिक मांग की वजह से व ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड पड़ रहा है। जरूरी कामों से निकले हुए लोग धूप से बचाव के लिए छांव की तलाश करते दिखाई दिए।

दोपहर के समय सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

जिला अस्पताल में पेड़ की छांव में बैठे तीमारदार। अमृत विचार

अघोषित बिजली कटौती व आवाजाही से बढ़ी परेशानी

शहर हो या गांव अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। शहर के लखपेड़ाबाग, अभय नगर और दुर्गापुरी सहित तमाम मोहल्लों में बिजली के लगातार फ्लैक्चुएट होने की वजह से घरों में पंखे, कूलर काम नहीं कर रहे। लखपेड़ाबाग निवासी अतुल के मुताबिक बीते एक हफ्ते से रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक वोल्टेज इतना कम आता है कि घरों के एसी, फ्रिज और कूलर तक काम नहीं करते। रोज का यह नियम बन गया है।

बीते सात दिनों का तापमान

तारीख	अधिकतम	न्यूनतम तापमान
9 जून	42 डिग्री	26 डिग्री
10 जून	43 डिग्री	30 डिग्री
11 जून	44 डिग्री	29 डिग्री
12 जून	45 डिग्री	32 डिग्री
13 जून	45 डिग्री	30 डिग्री
14 जून	45 डिग्री	30 डिग्री
15 जून	44 डिग्री	31 डिग्री

डीएम से की बिजली कटौती की शिकायत

हरख, बाराबंकी : अमृत विचार : क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांवों में रात में बार-बार बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की है।

बड़ेल पावर हाउस के हरख फीडर अंतर्गत मानपुर, अकबरपुर, डेहवा, बोजा, टेरा, तमरसेपुर, बांग्लाबाजार, कोला गहबड़ी, जीयनपुर टिकरा सहित आदि गांवों में शाम होते ही घंटों तक कटौती की जाती है। कभी-कभी तो पूरी रात बत्ती गुल रहती है। लाइकराम वर्मा, महेंद्र, रिंकू, रामकुमार, संतोष, प्रदीप और रागिनी ने बताया कि कटौती से परेशान होकर बिजली विभाग में फोन करने पर रिसीव नहीं किया जाता। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई है।

शनिवार तक अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार रहेगा जारी

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार अगले सप्ताह शनिवार तक जारी रहेगा। अधिवक्ताओं के पांच सदस्यीय दल ने डीएम से मुलाकात कर समस्याओं के निस्तारण को एक सप्ताह का समय दिया है।

अविवादित दाखिल खारिज, कागज दुरुस्ती के मामले तथा न्यायालयों द्वारा दिये गये आदेशों का इन्द्राज समय से न होने, लेखपालों द्वारा रिपोर्ट में ऊल-जलूल आख्या डालकर न्यायालयों मे भेजने तथा रिपोर्ट समय से न आने आदि के विरोध में अधिवक्ता सोमवार को आयोजित आमसभा की बैठक के बाद कार्य बहिष्कार पर चले गये थे। शुक्रवार को स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा एक पत्र बार संघ को देकर अवगत कराते हुए बताया गया था कि काफी समस्याओं का निस्तारण हो चुका है। इसके बाद अध्यक्ष प्रदीप निगम व महामंत्री संजय सिंह की अगुवाई में तहसीलदार, नायब तहसीलदार फतेहपुर, कुर्सी, बिशुनपुर तथा तहसीलदार न्यायिक के यहां जायजा लिया तो पता चला कि 50 प्रतिशत मामले निस्तारित हुए हैं। पांच सदस्यीय दल डीएम से मिलने गया। एक सप्ताह का और समय दिया। बार संघ अध्यक्ष ने बताया कि अगले सप्ताह शनिवार तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार लिया वापस

हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार : गत 14 जून से जारी कार्य बहिष्कार उप जिलाधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं द्वारा वापस ले लिया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के निस्तारण को लेकर दिये गए लिखित पत्र पर आमसभा में विचार विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील स्थित न्यायालयों का जारी कार्य बहिष्कार वापस लिया जाता है। बैठक में अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, महामंत्री कुंवर बहादुर यादव, संतोष कुमार शुक्ला, संजय सिंह, विजय राज सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू, हरिश्चंद्र सिंह और सुनील शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

एडीओ ने प्रधान पुत्र पर दर्ज कराया मुकदमा

सूरतगंज, बाराबंकी: अमृत विचार : बीते मंगलवार की शाम ब्लाक सभागार कक्ष पर डीपीआरओ की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रधान पुत्र और एडीओ पंचायत के बीच नोकझोंक हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि इब्राहिमपुर ग्राम प्रधान उमेश मिश्रा का पुत्र अतुल मिश्रा एडीओ पर हमलावर हो गया था। अन्य प्रधानों और कर्मचारियों ने मामला शांत कराया था। शुक्रवार देर शाम थाने में एडीओ पंचायत ऋषिपाल सिंह ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रधान पुत्र अतुल मिश्रा के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि प्रधान पुत्र के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

सार-संक्षेप

हाईकोर्ट के महाधिवक्ता का स्वागत

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष व उच्च न्यायालय के अपर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल का बार भवन सभागार में स्वागत किया गया। उन्होंने बार भवन की लाइब्रेरी के लिए राजस्व व क्रिमिनल से सम्बंधित पुस्तकें भेंट कीं। कार्यक्रम राम प्रताप सिंह अध्यक्ष की अध्यक्षता व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव के संचालन में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जगदीश शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, शेखर मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, विजय राज सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, जीत बहादुर, जितेंद्र सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह बिज्जू, मुंशीलाल, सहदेव वर्मा, बनवारी लाल, सुनील वर्मा, मित्रसेन वर्मा आदि मौजूद रहे।

अपर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल का स्वागत करते अधिवक्ता

बोलने के साथ सुनने की कला है संचार कौशल

छात्राओं से बात करतीं ताराश्री फाउंडेशन की संस्थापक विभा।

बाराबंकी : अमृत विचार : ताराश्री फाउंडेशन द्वारा जिले में उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शनिवार को शहर स्थित जीजीआईसी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 26 शालिनी फेलोज ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का प्रमुख विषय संचार कौशल था। कार्यशाला का संयोजन ताराश्री फाउंडेशन की संस्थापक विभा द्वारा किया। उन्होंने बताया कि संचार, बोलने के साथ-साथ सुनने की एक कला है। जिले के पांच सरकारी विद्यालयों की 11वीं में पढ़ने वाली छात्राओं लिए उदयन शालिनी फेलोशिप की शुरुआत 4 नवंबर 2023 को की गयी थी। इसमें चयनित 30 छात्राओं को 5 वर्ष तक फेलोशिप मिल रही है।

जमुरिया नाले की सफाई अभियान ने पकड़ी तेजी

जेसीबी से की जा रही जमुरिया नाले की सफाई। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : मानसून की दस्तक देने से पहले प्रशासन की नींद टूटी और जमुरिया नाले की सफाई अभियान ने गति पकड़ ली। एसडीएम विजय त्रिवेदी के निर्देश पर शनिवार को जेसीबी से जमुरिया नाले की सफाई का अभियान भीषण गर्मी के बावजूद दिनभर चलता रहा। शनिवार को साढ़े पांच किलोमीटर लम्बे जमुरिया नाले की सफाई जेसीबी से कराई गई। बीते साल बरसात के मौसम में जमुरिया नाले के रौद्र रूप धारण करने की वजह से शहर में बाढ़ आ गयी थी। सैकड़ों परिवार इसकी जद में आ गये थे। प्रशासन की बड़ी मशक्कत के बाद स्थितियों पर किसी तरह से काबू पाया जा सका था। यही कारण है कि प्रशासन ने मानसून आने से पहले ही सफाई अभियान शुरू करवा दिया है। एसडीएम विजय त्रिवेदी ने बताया मानसून से पहले हर स्थित में शहर के सभी नाले और नालियों से जमा कूड़ा कचरा हटाने का काम प्रत्येक दशा में पूरा कर लिया जायेगा।

युवती को भगा ले जाने का आरोप

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार : एक गांव में अपनी मौसी के घर आई एक युवती को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां ने एक युवक और उसके चार-पांच अज्ञात साथियों के विरुद्ध देवा कोतवाली में तहरीर दी है। राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती कोतवाली देवा क्षेत्र के एक गांव में अपने मौसा के घर आई थी। युवती की मां ने देवा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके गांव का ही रहने वाला सुमित अपने चारपांच साथियों के साथ उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

जांच टीम से ग्रामीणों की हुई नोकझोंक

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत बलछत स्थित गौशाला में लगातार दूसरे दिन जांच जारी रही। इस दौरान ग्रामीणों और जांच टीम के सदस्यों के बीच नोकझोंक हुई।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जैदपुर प्रमोद कुमार शर्मा ने दो दिन पहले सीडीओ से शिकायत कर आरोप लगाया था कि बलछत गौशाला में 302 पशुओं का पंजीकरण रजिस्टर में दिखाया गया है जबकि मौके पर पशुओं की संख्या काफी कम है। सीडीओ के निर्देश पर बीडीओ हरख ने एडीओ समाज कल्याण पवन कुमार वर्मा, एडीओ आईएसबी आलोक कुमार तथा एडीओ एसटी समेत तीन अधिकारियों की टीम बनाकर जांच के लिए गौशाला भेजा था। भाजपा मंडल जैदपुर उपाध्यक्ष का कहना है कि जांच टीम को मौके पर 150 पशु ही गौशाला में मिले थे। इसके अलावा भूसा और एक बोरी चोकर मिला था। दूसरे दिन शनिवार को उन्हीं अधिकारियों की टीम जांच के लिए फिर गौशाला पहुंची। इस दौरान भाजपा नेता के साथ ही कुछ ग्रामीणों की जांच टीम से बहस भी हुई। ग्रामीणों का आरोप था कि दोबारा जांच सच्चाई को छुपाने के लिए की जा रही है। बीडीओ मोनिका पाठक ने बताया कि जांच स्पष्ट नहीं हो पाई थी, इसलिए टीम दोबारा गई। जांच रिपोर्ट मिलते ही सीडीओ को सौंपी जाएगी। वहीं सीवीओ डॉ.अतुल अवस्थी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

बातचीत करते अधिकारी और ग्रामीण। अमृत विचार

226 वाहनों का चालान, 80 हजार वसूला जुर्माना

बाराबंकी: अमृत विचार: यातायात प्रभारी रामयतन यादव के नेतृत्व में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चला कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

शनिवार को कुल 226 वाहनों का चालान किया गया। करीब 80 हजार शमन शुल्क वसूला गया। इसी कड़ी में शहर के पटेल तिराहे पर क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया द्वारा प्रभारी यातायात रामयतन यादव और टीम के साथ पटेल तिराहे पर वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान चार निजी वाहनों पर लगे हूटर, नौ वाहनों पर लगी काली फिल्म और तीन प्रेशर हार्न उतरवाये गये।

महिला की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रघुनाथ गंज मजरे पोखरा गांव में महिला की मौत के मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने घटना में नामजद आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

रघुनाथगंज गांव में एक दिन पहले लापता हुई शिवानी (24) पुत्री दर्शन का शव शुक्रवार की सुबह घर के नजदीक तालाब में पड़ा मिला था। शव की हालत व चोट के निशान देख हत्या की संभावना व्यक्त की जा रही थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पिता दर्शन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी शिवानी की शादी नवंबर 2023 में हुई थी।दो माह पहले बेटी ससुराल से वापस आने के बाद मायके में ही रह रही थी। शनिवार को उसे ससुराल जाना था। पीड़ित पिता ने बताया कि उनके गांव का ही युवक विजय रावत शिवानी से बात करता था। आरोप लगाया कि घटना की रात विजय ने उनकी पुत्री को बुलाया। उसके बाद उसकी हत्या कर शव को तालाब में छिपा दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर नामजद आरोपी विजय रावत को गिरफ्तार कर लिया है।

मांग | जांच का विषय है शत-प्रतिशत अंक पाकर एक परीक्षा केन्द्र के आठ अभ्यर्थियों का टॉपर बनना

नीट परिणाम में गड़बड़ी की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच : तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नीट यूजी के परीक्षाफल में गड़बड़ी 24 लाख युवाओं के भविष्य का सवाल है। पटना में दर्ज एफआईआर और जांच में दर्ज बयान सच्चाई बयां कर रहे हैं कि नीट का पेपर आउट हो गया था। केन्द्र सरकार इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराये। यह मांग सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार को केन्द्र सरकार से की।

तनुज पुनिया ने कहा कि अगर नीट का पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को गिरफ्तार क्यों किया गया। हकीकत तो ये है कि भाजपा सरकार में कुछ दिनों में ही पेपर लीक के कई मामले सामने आ चुके हैं। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि इस बार रिकार्ड 67 अभ्यर्थियों के 720 में 720 अंक आये हैं। परीक्षार्थियों का कहना है कि कृपांक 10, 20 या 30 नहीं, बल्कि 100-150 तक दिये गये हैं। ऐसे में वह अभ्यर्थी भी मेरिट में आ गए हैं जो असली नंबर के सहारे न आते। इस बार प्रवेश परीक्षा में 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 13 लाख उत्तीर्ण हुए। एक परीक्षा केन्द्र के आठ अभ्यर्थी शत प्रतिशत अंक पाकर टॉपर बने हैं। जो जांच का विषय है। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि पहली प्राथमिकता होनी चाहिये कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न हो। इसके लिये देश के शिक्षा मंत्री छात्रों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम न करें और सरकार सम्पूर्ण प्रकरण को गम्भीरता से लेकर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराए।

हैदरगढ़ में ट्रेनों का ठहराव प्राथमिकता

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार सपा के पूर्व विधायक राममगन रावत के साथ हैदरगढ़ आये सांसद तनुज पुनिया का शनिवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने पोखरा, हैदरगढ़ पेचरुआ एवं मारवाड़ी में आयोजित भंडारों में पहुंचकर बजरंगबली की पूजा की और प्रसाद ग्रहण किया। निरीक्षण भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हैदरगढ़ में ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा ओवरब्रिज का भी निर्माण कराया जायेगा। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सियाराम यादव, पप्पू सिद्दीकी, दिनेश शुक्ला, राजकुमार सिंह, संजीव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तनुज पुनिया का स्वागत करते पूर्व विधायक राममगन रावत।

दो चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार : घर में घुसे दो चोरों को गृह स्वामी के पुत्र ने ग्रामीणों की मदद से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर निवासी आशुतोष कुमार के मुताबिक शुक्रवार को परिवार के सभी सदस्य तेरहवीं संस्कार में भाग लेने गए थे। रात्रि करीब 9 बजे चोरी के इरादे से दो लोग घर में घुस गए। आशुतोष ने बाहर निकल कर उन्हें रोकना चाहा तो वे गाली गलौज करने लगे। आशुतोष ने किसी तरह ड्राइवर व ग्रामीणों की मदद से दोनों को पकड़कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। दोनों ने अपना नाम मोहम्मद इस्माइल व शहीद निवासी थाना सफदरगंज बताया है।

एक नजर

प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 19 से

बाराबंकी : अमृत विचार : उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के समन्वय से 19 से 26 जून तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मण्डलों की टीमों के भाग लेने की सम्भावना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 जून को सुबह 10 बजे सीडीओ अ. सुदन द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी क्रीड़ाधिकारी नरेश चन्द्र यादव ने दी।

हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : डंपर की टक्कर से शुक्रवार की देर रात बाइक सवार चाचा भतीजे घायल हो गए थे। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां पर इलाज के दौरान चाचा ने दम तोड़ दिया। थाना बदोसराय के हजरतपुर निवासी रामनारायण भतीजे अजय कुमार के साथ बाइक से अपने गांव जा रहे थे। रामनगर के भरसवां मोड़ के निकट डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

खंडहर में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

करनैलगंज, अमृत विचार : कटरा शहबाजपुर रेलवे क्रासिंग के पहले बाबा कुटी बगिया में एक खंडहर में युवक का करीब एक सप्ताह पुराना शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि रोड से कुछ ही दूरी पर एक खंडहर है। वहां से बदबू आने पर चरवाहों ने खंडहर में जाकर देखा तो लगभग 35 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा था। मौके से फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

फीडर अलग करने में 8 घंटे तक गुल रही बिजली

गोंडा, अमृत विचार : विद्युत फीडर अलग करने के वजह से 8 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कई गांव के लोग परेशान रहे। पडरी कृपाल विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में आने वाले तुर्का डीहा, भटवलिया, इंदिरापुर, पंडरी कृपाल, केवलपुर गांव में काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से जूझे लोग

गोंडा, अमृत विचार : लो वोल्टेज के कारण कई घरों में टुल्लू पंप नहीं चलने की वजह से पानी का संकट छाया रहा। शनिवार को रात्रि में ही बड़गांव उपकेंद्र क्षेत्र के रानी जोत माधवपुरम गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। दोबारा जब रात्रि में आपूर्ति की गई तो लो वोल्टेज की समस्या सामने आ गई। ग्रामीणों के मुताबिक वोल्टेज इतना कम था कि पम्प नहीं चल रहा था।

राजस्व विभाग से संबंधित मिलीं सर्वाधिक शिकायतें

समाधान दिवस

- डीएम-एसपी ने फतेहपुर में सुनीं लोगों की शिकायतें
- 145 प्रार्थना पत्रों में से महज सात का किया जा सका निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फतेहपुर में डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता व एसपी दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में तहसील दिवस आयोजित हुआ। अलग-अलग विभागों में जनता से जुड़ी 145 समस्याओं को लेकर लोगों ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें राजस्व विभाग से सबसे अधिक 83 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर महज 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका।

इस मौके पर डीएम सत्येंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि राजस्व से जुड़े हुए मामलों को हर स्थिति में तेजी से निपटायें। नवाबगंज तहसील में एसडीएम विजय त्रिवेदी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 97 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। यहां भी सबसे अधिक राजस्व विभाग से जुड़े 65 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से मौके पर राजस्व विभाग से जुड़ी तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं तहसील रामसनेहीघाट में एसडीएम रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। यहां भी सर्वाधिक राजस्व विभाग से जुड़े 23 मामले आए। इनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। रामनगर के तहसील सभागार में एसडीएम पवन कुमार की अध्यक्षता व सीओ आलोक पाठक की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 96 मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र आए। जिनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों को डीएम शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

सात के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा

हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार : दांदूपुरव में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में पिता ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमेठी के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर गांव निवासी राम कृपाल रावत ने हैदरगढ़ थाने में तहरीर देकर बताया कि डेढ़ वर्ष पहले अपनी बेटी रेनू की शादी घनश्याम उर्फ गुड्डू से की थी। उन्होंने बताया कि विवाह में पर्याप्त दहेज देने के बाद भी ससुरालियों ने बाइक व नकदी की मांग को लेकर बेटी का उत्पीड़न शुरू कर दिया। शुक्रवार को बेटी की हत्या कर दी गई। हैदरगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, लगे भंडारे

भक्तों ने किया हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ, भंडारे में पहुंचे राज्यमंत्री सतीश शर्मा

पूजा-अर्चना करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

चंदवारा प्रधान रमेश चंद्र जायसवाल द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद सुबह और शाम के समय हनुमान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूजन अर्चन के बाद हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया। शनिवार को आस्थावानों द्वारा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। कोतवाली के ठीक सामने श्री शिरडी साईं बाबा सेवा संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारी राजेश अरोड़ा 'बब्बू' द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, सांसद तनुज पुनिया और पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा और वैश्य कसौंधन समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में प्रसाद वितरित करते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

पल्हरी अंडरपास लखनऊ-हैदरगढ़ रोड पर एमरल्ड गार्डन परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सपा नेता दानिश सिद्दीकी ने लोगों को प्रसाद बांटा। हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मोहल्ले में स्थित बाबा बंसी दास कुटी हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ करवाने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह, सीओ हर्षित चौहान, राजकुमार अग्रवाल, शिवकुमार चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर नगर वार्ड में बने राम जानकी मंदिर परिषद में भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन सभासद प्रतिनिधि महेंद्र मौर्य ने किया। हैदरगढ़ के पेचरूआ, पोखरा व मारवाड़ी मंदिर में आयोजित भंडारे में पहुंचकर सांसद तनुज पुनिया ने प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। हैदरगढ़ के लोहिया वार्ड में शीतला माता मंदिर के निकट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में तीसरे स्थापना दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस मौके पर हनुमंत लाल को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया व भंडारा आयोजित किया गया। दरियाबाद के मुरारपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन संदीप वर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने हनुमानजी का पूजन अर्चन किया। मसौली के चंदवारा में प्रधान रमेश चंद्र जायसवाल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के इचौलिय, दादरा, प्यारेपुर, सरैया, सफदरगंज, सैदाबाद, मुश्कीनगर, चंदवारापुरवा, चिलौली और रानीगंज आदि गांवों में भी भंडारे आयोजित किये गये।

टिकैतनगर के वार्ड संख्या 9 में उपचुनाव 8 जुलाई को

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत टिकैतनगर के नूरख्वाब मोहल्ला के वार्ड-9 में सभासद पद के लिए 8 जुलाई को उपचुनाव होगा। इस वार्ड से वर्ष 2022 में महेश यज्ञसैनी सभासद के रूप में चुनाव जीते थे। करीब चार माह पहले बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। इस सीट पर करीब एक हजार मतदाता नए सभासद का चुनाव करेंगे। यह सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। अधिसूचना के अनुसार 22 जून तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। जांच 24 को होगी। 26 को नाम वापसी, 27 को चुनाव चिह्न का आवंटन होगा। मतगणना 10 जुलाई को होगी। 18 जून से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरु होगी। नामांकन पत्र सिरौलीगौसुपर तहसील क्षेत्र के नायब तहसीलदार के न्यायालय कक्ष संख्या आठ में जमा होंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि टिकैतनगर नगर पंचायत के एक वार्ड में रिक्त पड़े सभासद पद पर उपचुनाव होना है। 18 जून को अधिसूचना जारी होगी।

प्रधान, बीडीसी के रिक्त पदों का एकत्र हो रहा ब्योरा: इसी के साथ ही प्रधान, बीडीसी व सदस्य के रिक्त पदों की सूचना पंचायत निर्वाचन विभाग ने जिला पंचायती राज कार्यालय से मांगी गयी है। इसके बाद निर्वाचन विभाग इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग को पत्राचार करेगा। प्रदेश भर में पंचायत के रिक्त पदों की अधिसूचना जारी होने पर इन रिक्त पदों भी उपचुनाव कराया जाएगा।

सार-संक्षेप

28 बीज की दुकानों पर छापेमारी, 18 नमूने लिये

बीज की दुकान पर जांच करती कृषि विभाग की टीम।

बाराबंकी, अमृत विचार : कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने जिला भर में बीज की दुकानों पर शनिवार को 28 केन्द्रों पर छापेमारी के दौरान 18 नमूने संग्रहित किये। इस दौरान आठ बीज विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित किया। जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने हैदरगढ़ नवाबगंज के भिलवल, मंगलपुर भानमऊ कुरौली के 14 बिक्री केदो का निरीक्षण किया। जिला कृषि अधिकारी ने इस दौरान नो नमूने लिए तथा तीन बीज विक्रेताओं का अभिलेख न पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर निरस्त कर दिया। इसी तरह उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अवेष्णा देव, ने छह बिक्री केन्द्रों पर का निरीक्षण कर छह नमूने भरे। अपर जिला कृषि अधिकारी ने आठ बिक्री केंद्र से पांच नमूने संग्रहीत किए। छापेमारी के दौरान केन्द्रो पर ताज धान न मिलने पर विक्रेताओं द्वारा यह जानकारी मिली कि ताज धान की बिक्री नहीं की जा रही है। अब तक छापेमारी के दौरान 203 बीज के नमूने विभाग द्वारा संग्रहित कर जांच के लिए भेजे जा चुके हैं।

गोंडा के तीन शिक्षक कुशीनगर में सम्मानित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : शनिवार को जिले के तीन शिक्षक ब्लाक मनकापुर से बलजीत सिंह कनौजिया, ब्लाक झंझरी की शिक्षिका वंदना मिश्रा व ब्लाक मुजेहना के शिक्षक राम स्वरूप भास्कर को महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बेसिक शिक्षा विभाग व मिशन शिक्षण संवाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य व मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने सम्मानित किया। इस कार्यशाला में 75 जनपद से लगभग दो सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया और अपने नवाचारों का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से किया। इसकी सराहना कार्यक्रम में पधारे सांसदों, विधायकों व बीएसए द्वारा की गयी। कार्यक्रम में बच्चों ने राम-भरत मिलाप, बूढ़ी काकी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोहित किया व नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

समाजसेवी विद्याभूषण को मिला बेस्ट एल्युमिनाई अवॉर्ड

करनैलगंज, अमृत विचार : शनिवार को लखनऊ के जयपुरिया प्रबन्ध संस्थान के एल्युमिनाई समारोह में करनैलगंज के ग्राम मुंडेरवा निवासी समाजसेवी विद्याभूषण सिंह को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने लिए बेस्ट एल्युमिनाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड जयपुरिया के वार्षिक दीक्षांत समारोह में लखनऊ कैंपस में मुख्य अतिथि डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, संसद सदस्य और विशिष्ट अतिथि अशोक, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, जयपुरिया प्रबंध संस्थान के चेयरमैन एवं डायरेक्टर द्वारा दिया गया। एक छोटे से गांव से लेकर यूनाइटेड नेशन्स जैसी संस्थाओं का सफर पूरा करने वाले विद्या भूषण सिंह ने 12 वर्ष के कैरियर में उप्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तराखंड में काम किया है। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों के साथ काम किया है। वर्तमान में वह आईपीई तथा यूएसएआईडी द्वारा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन कार्यक्रम में कार्यरत हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गौरैया संरक्षण और डॉल्फिन जनगणना में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। जिपं सदस्य विवेक सिंह, केडी सिंह, अरविंद प्रताप सिंह, अनुज मिश्रा, मोहम्मद क्यामली, भगवान बख्श सिंह, शिव कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

मेजर राजाराम को स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर प्रमाण-पत्र

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद करनैलगंज ने नगर के कन्हैयालाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम को स्वच्छ सारथी क्लब का गठन, पौधरोपण, कूड़ा प्रबंधन में सहभागिता तथा पर्यावरण स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए जनमानस को निरंतर जागरूक करने पर स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर प्रमाण पत्र दिया है। भैरवनाथपुरम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल ने प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों लोगों ने पौधरोपण करते हुए उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ओम प्रकाश द्विवेदी, राकेश कुमार वर्मा आदि शिक्षक तथा ऋषभ जायसवाल, हर्षित गोस्वामी तथा नगर के कई सभासद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उनकी इस उपलब्धि पर 48वीं बटालियन एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर व कर्नल रणयोध सिंह ने हर्ष जताया है।

सेमरावां पीएचसी में फार्मासिस्ट करता है इलाज

कोठी, बाराबंकी

अमृत विचार : सेमरावां पीएचसी में वर्तमान समय में किसी डॉक्टर की तैनाती नहीं है। फार्मासिस्ट ही यहां आने वाले मरीजों का इलाज करता है। पीएचसी का संचालन लगभग 3 वर्ष से किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से सेमरावां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टॉफ के लिए आवास भी बनाए गए हैं जो खाली पड़े हैं। वर्तमान में यहां पर कोई भी चिकित्सक तैनात नहीं है। जो चिकित्सक थे, उनका तबदला हो चुका है। अस्पताल का संचालन फार्मासिस्ट मोहम्मद शरीफ द्वारा किया जा रहा है। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक वार्डबॉय, एक लैब असिस्टेंट, एक एनएएम, एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और एक स्वीपर व चौकीदार की तैनाती होनी चाहिए।

मरीज का इलाज करता फार्मासिस्ट।

खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी।

> पीएचसी सेमरावां में तैनात चिकित्सक का तबादला लगभग 5 माह पूर्व हो गया था। जिले में नए चिकित्सक आने वाले हैं। जल्द ही यहां पर भी चिकित्सक की तैनाती कर दी जाएगी।
>
> -डॉ. अवधेश यादव, सीएमओ

इलाज के लिए 9 किमी दूर जाते हैं मरीज

जब इस पीएचसी का संचालन शुरू हुआ था तो मंगतपुर, मकनिकपुरवा, रहीमपुर, कटरा, भूलभुलिया, मचपुरा, शाहपुर, बसंतपुर, कैसरगंज, मीरापुर और पकरिया सहित लगभग 40 गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई थी कि अब बीमार होने पर इलाज करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते उनकी उम्मीदों पर पानी फिर चुका है। क्योंकि बीमार होने पर उन्हें अब भी लगभग 9 किमी दूर इलाज कराने के लिए या तो सीएचसी कोठी या फिर सिद्धौर जाना पड़ता है।

अगस्त तक आएगी सांसद निधि, प्रस्ताव पर होंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : अगस्त माह तक सांसद निधि आने की उम्मीद है। इसके बाद सांसद द्वारा दिए जाने वाले प्रस्तावों के आधार पर विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद होने वाली सांसदों की पहली बैठक के बाद निधि पर काम शुरू होगा।

अभी तक सांसद का खाता जिलेस्तर पर खुलता था। इसमें हर साल सांसद निधि के रूप में पांच करोड़ की धनराशि भेजी जाती थी। इस धनराशि को सांसद के प्रस्ताव के आधार पर लाइट, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य कराए जाने वाले कार्यों के आधार पर संबंधित कार्यदायी संस्था को सीधे खाते में डीआरडीए प्रशासन द्वारा भेजी जाता था लेकिन इस व्यवस्था में बदलाव कर अब प्रदेश स्तर पर सांसदों का एसबीआई में खाता खोल दिया गया। विभागीय जानकारों के अनुसार इस बार सांसद निधि अगस्त माह तक आने की बात कही गई है। निधि के रुप में पांच करोड़ की धनराशि प्रदेशस्तर पर खुले खाते में भेजी जाएगी।

प्रभारी परियोजना निदेशक डीआरडीए भूषण कुमार ने बताया कि सांसद निधि आने के बाद प्रस्ताव के आधार पर कार्य कराए जाएंगे।

समस्या रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खराब पड़े हैं हैंडपंप और वॉटर कूलर

मरीज व तीमारदार बाहर से खरीद रहे बोतलबंद पानी

संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : सीएचसी में पेयजल संकट गहरा गया है। हैंडपंप और वाटर कूलर खराब होने के कारण इलाज के लिए आए मरीज व तीमारदार भीषण गर्मी में दुकानों से पानी खरीदने को विवश हैं।

सीएचसी परिसर में वाटर कूलर और हैंडपंप लगाया गया है। वाटर कूलर और लगे हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया है। वहीं, अस्पताल के अंदर डाक्टरों के रूम में लगे वॉश बेसिन की टोंटी से भी पानी नहीं आ रहा है। परिसर में लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है। इससे मरीजों के साथ साथ उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। मजबूरन मरीजों व तीमारदारों को बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। पंकज शुक्ला ने बताया कि अस्पताल में पेयजल की व्यवस्था नहीं है।

राजीव पांडेय ने बताया कि अस्पताल का हैंडपंप खराब है। वाटर कूलर में भी पानी नहीं आ रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि वह अवकाश पर हैं। कर्मचारियों को हैंडपंप व वाटरकूलर ठीक करवाने का निर्देश दिया है।

सीएचसी पर खराब पड़ा हैंडपंप।

खराब पड़ा वाटर कूलर।

विद्युत उपकेंद्र पर पेयजल का टोटा, उपभोक्ता परेशान

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र पर पेयजल की व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। रनापुर में विद्युत उपकेंद्र स्थापित है। बिल जमा करने व समस्याओं के निवारण के लिए यहां उपभोक्ता प्रतिदिन आते हैं। पेयजल के लिए सहायक अभियंता कार्यालय के निकट लगा हैंडपंप खराब पड़ा है। वहीं शासन द्वारा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश के बावजूद भी यहां वाटर कूलर की व्यवस्था भी नहीं की गई है। ग्राम पंचायत बड़नापुर के पूर्व प्रधान कुंवर बहादुर यादव व देवी प्रसाद यादव ने पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

ऑटो ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन घायल

करनैलगंज, अमृत विचार : अस्पताल तिराहे के निकट शनिवार देर शाम ऑटो की टक्कर से एक सफाई कर्मी और होमगार्ड के साथ ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल तिराहे पर अनियंत्रित ऑटो ने पहले स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मारी और उसके बाद साइकिल सवार होमगार्ड को टक्कर मार दी। ऑटो चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। करनैलगंज पालिका के सफाईकर्मी श्याम कुमार पत्नी राजश्री के साथ स्कूटी से जा रहे थे। हादसे में श्याम कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है। उधर होमगार्ड देवता दीन यादव ऑटो चालक पुत्तन निवासी साईं तकिया गौरवा खुर्द गंभीर रूप से घायल हो गएथे।

एक नजर

फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को थाना क्षेत्र के जजौर गांव में रजनी (15) का शव छत के हुक में पंखे से लटका हुआ मिला। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के दौरान मृतका का पिता किसी काम से गांव के बाहर गया था। लौटने पर फंदे में बेटी का लटकता शव देख दंग रह गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि फांसी लगाने कारण स्पष्ट नहीं है। शव का पंचनामा कर कार्रवाई की जा रही है।

एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 1.10 लाख रुपये

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : करौदी कला थाने के तुलसीपट्टी भटौता गांव के महेंद्र कुमार उपाध्याय 11 जून को कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में पैसा निकाल रहे थे। तभी उनका एटीएम कार्ड बदल दिया गया। जिसे उन्होंने देखा नहीं। बाद में पता चला कि उनके खाते से एक लाख दस हजार रुपए निकाल लिया गया है। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

बरात में आए लोगों में मारपीट, मामले में केस

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बारात में आए बारातियों में आपस में मारपीट हो गई। जिसमें एक बाराती घायल हो गया। कोतवाली के मझगवां गांव में 9 जून को एक बारात आई थी। जिसमें बारातियों में आपस में कहा सुनी हुई और देखते ही देखते मारपीट हो गई। आरोप है कि सराय जासर गांव के थाना दोस्तपुर के रामजीत को लाठी डंडों से मार कर घायल कर दिया। शनिवार को पीड़ित रामजीत की तहरीर पर दोस्तपुर थाने के नरसिंहपुर गांव के लोकेश, रामचंद्र, गिरीश एवं अखिलेश के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

केंद्र व प्रदेश की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य

पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि मीडिया के कुछ लोग हमें बदनाम करने को चलाते हैं निगेटिव न्यूज

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को शिकस्त मिलने के बाद पहली बार जिले में पहुंचे सूबे के पंचायती राज मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हमारा लक्ष्य नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना था। चुनाव बीत चुका है अब केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है।

भदैंया विकासखंड के दिलावरपुर गांव का पंचायती राज मंत्री ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि हार की समीक्षा हो रही है। उसी में पता चलेगा। संगठन में बदलाव के सवाल पर राजभर ने कहा अभी ऐसी कोई बात नहीं है, समीक्षा होने दीजिए, उसी में पता चलेगा। लोकसभा चुनाव में छुट्टा जानवर , बेरोजगारी जैसे मुद्दे हावी रहने के सवाल पर राजभर ने कहा अगर ये चीजें जांच में आएंगी तो उसपर बेहतर कार्य किया जाएगा। वहीं सोशल मीडिया पर जनता द्वारा योगी मोदी को नकारने के वायरल वीडियो पर ओपी राजभर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की कुछ चैनल के साथी हैं जो बदनाम करने के लिए निगेटिव न्यूज चलाते हैं। हम लोग योगी मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन के साथी हैं। हम लोग प्रदेश को बेहतर करने के लिए योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इंडिया एलायंस के भविष्य को लेकर सवाल किए जाने पर मंत्री राजभर ने कहा कि छोड़िए जाने दीजिए, उससे हमसे क्या मतलब।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर का किया गया स्वागत। अमृत विचार

मंत्री राजभर ने दिलावरपुर गांव का किया औचक निरीक्षण

भदैंया के दिलावरपुर गांव में गांव में पंचायत राज मंत्री ने मंत्री चले गांव की ओर के तहत गांव का औचक निरीक्षण किया। बाजार में लगे शुद्ध पेयजल हेतु लगाई टंकी का स्थालीय सत्यापन किया। ग्राम चौपाल के में जन समस्याओं को सुना और अधीनस्थ अधिकारियों को निराकरण का निर्देश देते हुए शासन द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सर्वप्रथम शम्मी गंज बाजार में जिला पंचायत द्वारा बनाई गई पानी टंकी को देखा और कहा कि जब शासन के द्वारा जलकल योजना चलाई जा रही है तो जिला पंचायत द्वारा इस तरह की टंकी बनाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। जेई को तलब किया। गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शौचालय की साफ-सफाई को परखा। इसके बाद प्रांगण में पौधारोपण किया। पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम प्रधान फरीदा बेगम की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा, मंडलीय उपनिदेशक अयोध्या मंडल पंचायत अरविंद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह, एडीओ पंचायत सतीश चन्द्र श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी दिग्विजय सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के खण्ड प्रेरक अनिल कुमार पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अखिलेश को भेंट की संविधान की प्रति

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कादीपुर के सपा विधानसभा अध्यक्ष रंजीत यादव उर्फ रंजू ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय में जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें संविधान सेनानी के रूप में संविधान की प्रति भेंट किया। शुक्रवार को श्री यादव ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संविधान सेनानी के रूप में उन्हें संविधान की एक प्रति भेट किया। हालांकि, लोकसभा सुलतानपुर में सपा की जीत हुई है, लेकिन कादीपुर विधानसभा में सपा हारी है और यहां भाजपा प्रत्याशी को ज्यादा वोट मिला है।

युवक को थप्पड़ मारने का वीडियो हुआ ट्रोल

संवाददाता, सुलतानपुर

- किशोरी को बचाने के लिए दिन पहले गोमती में कूदा था युवक
- नशे की हालत में होने और तैरना न आने पर बचाने वाले मछुआरों ने जड़े थे थप्पड़

अमृत विचारः दो दिन पहले गोमती के गोलाघाट पुल से नदी में कूदी किशोरी को बचाने के लिए कूदे एक युवक को डुबने से बचाते हुए एक मछुवारा थप्पड़ जड़ रहा है। इसका वीडियो शनिवार को खूब ट्रोल किया गया। वीडियो में कहता सुनाई दे रहा है कि जब नशे में हो और तैरना नहीं आता तो क्यों नदी में कूद गए।

पुलिस की मानें तो वायरल वीडियो गुरुवार का है। कोतवाली नगर के गोलाघाट स्थित गोमती नदी पुल से गुरुवार शाम एक किशोरी ने नदी में छलांग लगा दिया था। ग़नीमत यह रही कि जिस समय किशोरी नदी में कूदी उसी समय वहां मछुआरे नदी में मछली मार रहे थे। तत्काल मछुआरे किशोरी को बचाने के लिए दौड़े। उसे पानी की लहरों से बाहर निकालकर ऊपर लाए। उसके बाद एंबुलेंस के जरिए किशोरी को मूर्छित अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज में लाकर एडमिट कराया गया।

किशोरी कक्षा 11 की छात्रा है। उसकी पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर निवासी शेजल (17) पुत्री शीतला के रूप में हुई है। बताया गया कि मां से शाम को झगड़ा करने के बाद उसने आत्म घाती कदम उठाया था। इसी घटना से जुड़ा एक और वीडियो शनिवार को सामने आया। जिसमें एक युवक नदी के अंदर मौजूद है और उसे बाहर निकालते हुए मछुआरे थप्पड़ मार रहा है। इस बाबत जानकारी करने पर एसपी के प्रतिनिधि ने बताया कि वीडियो गुरुवार का है। युवक नशे के आलम में था। जैसे ही किशोरी नदी में कूदी युवक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। उसे तैरना भी नहीं आता था। इसी से नाराज मछुआरे उसे मार रहे कि जब नशा कर रखा है तो नदी में कूदने की ज़रूरत क्या थी।

समय से करें शिकायतों का निस्तारणः डीएम

- लंभुआ के संपूर्ण समाधान दिवस में 137 प्रार्थना पत्रों में 8 का निस्तारण

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः स्थानीय तहसील परिसर में शनिवार को डीएम कृतिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 137 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। मौके पर सिर्फ आठ फरियादियों के मामलों का निस्तारण हो पाया। सबसे अधिक 86 शिकायत राजस्व विभाग से आई थी। इसके अलावा पुलिस 22, विकास 10, तथा अन्य विभागों की 11 शिकायत आई थी।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी सोमेन वर्मा दो घंटे देरी से पहुंचे। डीएम के एसडीएम दीपक वर्मा से अनुपस्थित अधिकारियों की जानकारी हासिल की। उन्होंने उपस्थित पंजिका से कुछ अधिकारियों की मौजूदगी का मिलान भी किया। कुछ अधिकारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर के कार्यक्रम में भी गए थे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुने एवं मौके पर जाकर दोनों पक्ष को सुनते हुए न्याय करें। ध्यान रहे की न्याय सही व्यक्ति को मिले। शासन की मंशा है कि पीड़ित व्यक्ति को हर हाल में न्याय मिले, उसे बार-बार तहसील का चक्कर ना लगाना पड़े। मौके पर तहसीलदार देवानंद तिवारी, सीओ अब्दुस सलाम समेत अन्य अधिकारी रहे।

लंभुआ में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

कादीपुर में आईं 173 शिकायतें

कादीपुर, सुलतानपुर : क्षेत्र पंचायत सभागार में एसडीएम शिव प्रसाद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 173 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 85 एवं पुलिस विभाग के 51 तथा ब्लॉक से संबंधित 9 और 28 अन्य विभागों से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र आए। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित अवधि में मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। मौके पर सीओ विनय गौतम, वीडियो ज्ञानेंद्र मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नीट में धांधली के आरोप में कांग्रेस का प्रदर्शन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अमृत विचारः नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजदूगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नीट परीक्षा 2024 में की गई धांधली अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच हो, जिससे दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके। नीट परीक्षा में जिन छात्रों के नंबर 580 से ऊपर आए हैं उनके परीक्षा केंद्रों के नाम सार्वजनिक किया जाए। नीट परीक्षा में जिन परीक्षा केंद्रों के परीक्षार्थियों को उच्चतम अंक मिले हैं, उनके परीक्षा केंद्र के भीतर की वीडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जाए। परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए की ओर से जिस मनमानी तरीकों को अपनाते हुए उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए परीक्षार्थियों की ग्रेस मार्क दिए गए तथा अनियमितताएं की गई को दृष्टिगत रखते हुए आगामी किसी भी परीक्षा को संपन्न करने के लिए संस्था को प्रतिबंधित किया जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा शासन काल में पेपर लीक होना आम बात हो गई है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार ने एक और झटका दे दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी लाल पद्माकर सिंह, जिला प्रवक्ता अमोल बाजपेई, ममनून आलम, सुब्रत सिंह सनी आदि मौजूद रहे।

मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष। अमृत विचार

जमीन के विवाद में चलीं लाठियां, पांच लोग घायल

चांदा, सुलतानपुर

अमृत विचारः भूमि विवाद के कारण दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों की ओर से कुल पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र के अरजो गांव का है। गांव के ही सिराजुद्दीन और समद अली के बीच भूमि विवाद चल रहा था। शनिवार को कहासुनी धीरे धीरे हिंसक झड़प में बदल गयी। दोनों तरफ में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट के चलते एक पक्ष के सिराजुद्दीन पुत्र हसरत अली, फरहीन बानो पत्नी इब्राहिम, फातिमा बानो पत्नी नैमुद्दीन और दूसरे पक्ष से मेहनाज बानो पत्नी समद तथा समद अली पुत्र अहमद अली घायल हो गये। सूचना के बाद डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां फरहीन और मेहनाज़ की हालत गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों पक्षों की तरफ से लिखित तहरीर दी गयी है। एसओ कोतवाली चांदा ने बताया कि दोनों तरफ लोग घायल हैं। दोनों तरफ से मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सार-संक्षेप

मंदिर उद्घाटन के दौरान पुरोहितों से प्रसाद ग्रहण करते एसपी सोमेन बर्मा।

बल्दीराय थाना परिसर में हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय थाना प्रांगण में भव्य नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शनिवार को मंदिर का उद्घाटन विधि विधान से पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने किया। विद्वानों द्वारा विधिवत पूजन, हवन कराया गया। मुख्य यजमान की भूमिका बल्दीराय थाना प्रभारी आरवी सुमन ने निभाई। पूजन, हवन के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। एसपी सोमेन बर्मा ने मंदिर उद्घाटन फीता काटकर कर किया। उसके बाद हनुमान जी की पूजा अर्चना किया। साथ ही उपजिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह ने भी हनुमान जी का पूजन किया। मौके पर देहली चौकी इंचार्ज अनिल अवस्थी, पारा चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर, अमित, मुलायम, विशाल शुक्ला, राजेश दुबे, श्यामप्रीत, नरेंद्र अग्रहरि, मनोज सिंह आदि सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा का पूजन पुरोहित प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता मोहित महाराज अयोध्या धाम द्वारा विधि-विधान से हवन पूजन के साथ संपन्न कराया।

पोल पर ट्रांसफार्मर चढ़ा रहा लाइनमैन झुलसा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैंया ग्राम पंचायत के धना का पूरा गांव में शुक्रवार की देर शाम बाद भदैंया उपकेन्द्र से संचालित लाइन पर धना का पूरा का फुंका ट्रांसफार्मर बनकर वापस आया। जिसको चढ़ाने को उपकेन्द्र पर कार्यरत संविदा लाइनमैन रामतीरथ (35) पुत्र राममिलन निवासी बभनगंवा उपकेन्द्र से शट डाउन लेकर ट्रांसफार्मर लगाने खंभे पर चढ़ रहा था। खंभे पर चढते ही अचानक करंट आ जाने से लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया और नीचे जमीन पर गिर गया। जिसके बाद साथी व ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे ठेकेदार मौके से भाग निकले। ट्रांसफार्मर जोड़ने खंभे पर चढ़ा संविदाकर्मी को आस पास के लोग व सहयोगी लाइनमैन ने जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने उसकी हालत गंभीर देखकर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। एसडीओ भदैंया कुमार विकल्प ने कहा कि जेई आरपी कुशवाहा से जानकारी की गयी तो पता चला कि संविदा लाइन मैन रामतीरथ फोन पर बात कर रहा था और बिना शटडाउन लिए खंभे पर चढ़ने लगा। इसकी जांच की जा रही है।

बेसिक की शिक्षिका अनुपम का हरिद्वार में सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड एससीईआरटी के राज्य समन्वयक, नियोजन डॉ अजय कुमार चौरसिया तथा वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रजनीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में हरिद्वार की पावन नगरी में राष्ट्रीय शैक्षिक समागम, कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश एवं कई राज्यों से शिक्षक/लेखक शामिल हुए। जिसमें सुलतानपुर जिले की बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षिका अनुपम शुक्ला को उनके शिक्षा विभाग में विगत वर्षों से अनवरत योगदान और उत्कृष्ट लेखन तथा उपलब्धियों को देखते हुए प्रशस्ति पत्र और शील्ड तथा उनके द्वारा स्वरचित लेखन के कार्य का विमोचन करते हुए उन्हें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। अनुपम के सम्मान से जिले के शिक्षा जगत में खुशी व्याप्त है और उन्हें बधाई दी जा रही है।

हरिद्वार में सम्मानित की गईं शिक्षिका अनुपम शुक्ला।

पुण्यतिथि पर निर्धनों को वितरित किया गया वस्त्र

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय ब्लाक क्षेत्र के हैधनाकला ग्राम प्रधान जय प्रकाश मिश्र व अरुण मिश्र ने अपने पिता स्व. घनश्याम मिश्रा की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच 100 वस्त्र वितरित कर उन्हें भोज भी करवाया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने स्व. घनश्याम मिश्र के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। यहां एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश सहसंयोजक राम चन्द्र मिश्र, ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, आचार्य सूर्यभान पांडेय, विकास शुक्ला आदि रहे।

घनश्याम मिश्र की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित करते भाजपा नेता रामचंद्र मिश्र। अमृत विचार

किसान पाठशाला में सिखाया वैज्ञानिक विधि से खेती करना

धम्मौर, सुलतानपुर

अमृत विचारः दूबेपुर विकास खण्ड के उधनपुर गांव में शनिवार को किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खरीफ सीजन में किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, उन्नत बीज चयन, बुवाई की तकनीकी विधि आदि की साथ किसानों को अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

किसान पाठशाला में कृषि विभाग दूबेपुर के असिस्टेंट टेक्निकल मैनेजर आशीष मिश्रा ने उपस्थित किसानों को लाभकारी खेती करने का गुर सिखाया।किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए शस्य विधियां (गर्मी की जुताई, मेड़ बंदी आदि), हरी खाद, वर्मी नेडप, जैव उर्वरकों के उपयोग, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, जीरो बजट खेती, यौगिक खेती आदि के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उत्पादन विधियां, प्रमाणीकरण, जैविक उत्पादों के विपणन आदि की भी जानकारी देते हुए रबी-जायद फसलों के प्रबंधन, सब्जियों की खेती, पोस्ट हारवेस्ट मैनेजमेंट और पराली प्रबंधन, कृषक उत्पादक संगठन के गठन की प्रक्रिया, संचालन व लाभ बताए। इस मौके पर प्रगतिशील किसान उदयराज, राम सजीवन, तौफीक, अमरदीप, बुधिराम सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

गलत जगह सड़क बनाने में छह पर केस

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः दोस्तपुर थाने के किसनागरपुर गांव के शीतला प्रसाद पाण्डेय ने दोस्तपुर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा कि वह परिवार के साथ लखनऊ रहता है। गांव की अपनी खतौनी की जमीन गांव के ही कुछ लोगों को खेती करने के लिए दिया है। शिकायत में यह भी कहा गया कि भूमि पर स्टे के बाद भी 40 मीटर लम्बा दो मीटर चौड़ा खड़ंजा ग्राम प्रधान और कुछ अन्य लोगों ने मिलकर लगवा दिया। पीड़ित की शिकायत पर दोस्तपुर पुलिस ने ग्राम प्रधान निर्मला देवी व उनके पति सुरेन्द्र, वीरेन्द्र, राजेन्द्र, महेन्द्र, जगन्नाथ और कुछ अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कब्जे का आरोप लगा ग्रामीण आंदोलित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः धनपतगंज में नवीन थाने का भवन अतरसुमा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन हैं। मंडी परिषद द्वारा निर्मित पक्के मार्ग को थाने के अंदर करते हुए बाउंड्रीवॉल बना लेने का आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। अब सड़क को रात में उखाड़ कर गेट लगाने की योजना भांप ग्रामीण आक्रोशित हो गए है।

ग्रामीणों का आरोप है पहले भी एसडीएम ने रास्ते को अवरूद्ध न हो इसकी हिदायत दी थी। फिर भी पुलिस कुछ ग्रामीणों को धमकी देते हुए मुकदमा दर्ज कराने व शांति भंग के अंदेशे में चालान भी कर दिया है। शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों में जय प्रकाश पाल, ऋषिदेव मिश्र एडवोकेट, रविंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राज कुमार, रीता चौरसिया, शिव बहादुर वर्मा, पवन कुमार, अवनीश यादव आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन देते हुए आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने इस मौके पर नायब तहसीलदार को भेज कर निर्माण रोकवा दिया गया है।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

- पुलिस पर लगाया सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा करने का आरोप

मोबाइल और नकदी के साथ 3 लुटेरे गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में चेकिंग के दौरान मुस्तफाबाद मोड़ के पास पुलिस ने तीन लोगों को लूट की मोबाइल व नकदी के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गये लोगों की पहचान शिवा निवासी बनी अलहदादपुर, संदीप व मंजीत डडिया ढेमा थाना मोतिगरपुर के रूप में हुई। पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक राम चंद्र कनौजिया, कांस्टेबल राम अशीष, राम प्रकाश, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

आस्था धोपाप धाम में स्नान करने से मिलती है पापों से मुक्ति, श्रद्धालु गोमती में लगाएंगे डुबकी

गंगा दशहरा पर आज धोपाप में उमड़ेंगे हजारों आस्थावान

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार। लंभुआ तहसील क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पौराणिक स्थल धोपाप धाम का बहुत महत्व है। त्रेता युग में भगवान राम के आगमन से धोपाप धाम चर्चित हुआ था। ऐतिहासिक महत्व वाला तीर्थस्थल धोपाप में रावण वध के उपरांत ऋषियों की सलाह पर भगवान राम ने गंगा गोमती के तट पर डुबकी लगाकर पाप से मुक्ति पाई थी, तभी से इस स्थान का नाम धोपाप पड़ गया।

प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालु आदि गंगा गोमती में स्नान करते हैं और भगवान राम जानकी मंदिर में पूजन अर्चन करते हैं। अन्नदान गौ दान, पिंड दान करके लोग पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। पापों से मुक्ति पाने के लिए लोग धोपाप में स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। भगवान राम इसी स्थान पर स्नान करके ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाए थे। जिस घाट पर भगवान राम ने स्नान किया था, उसे रामघाट के नाम से भी जाना जाता है। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को आसपास ही नहीं बल्कि प्रदेश तथा देश के दूरदराज के जिलों से भी श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचते हैं।

धोपाप धाम टीले पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर।

जिला प्रशासन ने पूरी कीं सभी तैयारियां

धोपाप धाम में गंगा दशहरा पर्व पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कमर कस ली है। धोपाप धाम जाने वाले सभी मार्गों पर दो किलोमीटर पहले से ही वाहनों को रोक दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि धोपाप धाम में किसी अनहोनी से बचने के लिए नाव तथा गोताखोरों की व्यवस्था कर ली गई है। घाट पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। महिला भक्त गणों के स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए अस्थाई रूप से कपड़े बदलने की भी व्यवस्था की गई है। किसी भक्तगण के बीमार पड़ने पर अस्पताल कर्मियों की तैनाती रहेगी। उन्हें तत्काल इलाज दिया जाएगा। धोपाप धाम में प्रकाश की भी व्यवस्था की गई है। सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रखेगी और सादी वर्दी में भी पुलिस के सिपाहियों को लगाया गया है। अराजक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी अगर कोई गड़बड़ी करता हुआ पाया गया तो उस पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। मंदिर परिसर में तहसील प्रशासन के साथ साथ तमाम समाजसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया है। भीड़ के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल रूम खोया पाया शिविर अतिथियों के बैठने के लिए मंदिर परिसर में व्यवस्था की गई है। गंगा दशहरा मेले में आए दर्जनों भिक्षाटन करने वाले परिवारों को पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेला परिसर से तत्काल हटा दिया। लंभुआ कोतवाल ने बताया कि यह लोग भीड़भाड़ वाले इलाके में अपने कुटुंब के साथ जाते हैं। मौका देख कर चोरी स्नैचिंग करते है। बाद में यह लोग फरार हो जाते हैं। जिसके मद्देनजर आधार कार्ड अनिवार्य कर मेले में स्थान मिलेगा अन्यथा इन लोगों को मेले परिसर में घुसने नहीं दिया जाएगा।

भारतवासियों का स्वभाव रहा है सबके प्रति आत्मभाव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।"

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमंडलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं,पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।"

ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।" दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।" नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए।

सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी.ई.एम. जोड ने सही लिखा है कि, "मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।" बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।"

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

पहाड़ और पर्दा प्रथा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले, परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी, जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती हैं।

हमारे पहाड़ की महिलाएं घूंघट नहीं करती,करे भी क्यों,न यहां की परिस्थितियां और न ही परिवेश इसकी अनुमति देता है। पहाड़ के जैसे ही अचल, अडोल, हांड-तोड़ मेहनत करने वाली पहाड़ी महिलाएं लड़कपन के दिनों में मन से जितनी उन्मुक्त होती हैं,वही विवाह के पश्चात उतनी ही गृहस्थी के प्रति समर्पित।

पहाड़ की परंपरा में पर्दा प्रथा नहीं है,क्योंकि यहां छोटे-बड़े का नैसर्गिक लिहाज ही काफी है। उन्मुक्त, स्वच्छंद परिवेश में हंसना बोलना, पारिवारिक सामंजस्य जिस में निश्छलता, समर्पण और स्पष्टवादिता का भाव मानो पहाड़ से ही विरासत में मिला है। दुर्गम परिस्थितियों में महिलाएं अकेली ही बड़ी कुशलता से घर संभालने को विवश भी हैं और अभ्यस्त भी, आखिरकार रोजी-रोटी के लिए साथी के पलायन की विवशता जो है। खैर अब तो गांव के गांव यहां से शहर को पलायन कर गए हैं।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले,परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी,जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती है।

खैर मेरे जैसे शुरू से शहर में पले बड़े पहाड़ के जीवन को सही से लेखबद्ध भी नहीं कर सकते,परंतु हां अपनी मां को मैंने बड़ी कुशलता से दरांती का इस्तेमाल घास काटने के अलावा घर की साग-सब्जी काटते हुए देखा है। मुझे तो दरांती देखने में ही भय लगता है, तो रखना तो बहुत दूर की बात है। घुंघट से जुड़ा एक वाकया याद आया। मायके में जोशी जी जो कि बेटे-बहू वाले सामूहिक परिवार के रूप में हंसी-खुशी एक ही छत के नीचे रहता थे। एक बार उनसे पड़ोस के एक गैर उत्तराखंडी जो की वरिष्ठ थे और दिल्ली पुलिस में उच्च पद से सेवानिवृत थे ने बोला अरे जोशी जी तुम्हारे पहाड़ की बहुए पर्दा नहीं करती हैं, न बड़ों की उपस्थिति का ख्याल करती हैं। कहीं भी उठ-बैठ जाती हैं। तो जोशी जी बोले आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। हमारे पहाड़ की महिलाओं की आंखों में ही शर्म और लिहाज बहुत है। घरों के झगड़े घरों में ही निपट जाते हैं। आपकी तरह घूंघट की आड़ में कोर्ट कचहरी नहीं जाते कभी। पड़ोसी ने फिर कभी आक्षेप लगाने की हिम्मत नहीं उठाई।

मैं स्वयं पर्दा प्रथा के खिलाफ हूं। आखिरकार क्यों महिलाएं पर्दा करें,मात्र इसलिए की महिलाएं हैं। अरे पर्दा प्रथा हिंदुस्तान की सनातनी संस्कृति में थी ही नहीं। यह तो जब बाहरी आक्रांता आए तब मजबूरी वश शुरू किया गया। आक्रांता कब के चले गए। हम आजादी की शताब्दी मनाने की ओर उन्मुख हैं और यह पर्दा प्रथा मानो महिलाओं की आजादी को ही मुंह चिढ़ा रहा हो। आज महिलाओं को प्रगतिशील विचारों, गरिमामय छवि, निर्णयात्मक क्षमता और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा चलाकर चलने की आवश्यकता है न कि पुरातन परंपराओं को पोषित,पल्लवित और अग्रप्रेषित करने की,पर हैरत होती है कुछ महिलाएं ही पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व को बनाए रखने की पक्षधर हैं और पर्दा प्रथा का खुलकर समर्थन करती हैं।

देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया।

गंगा जी बस कहने को तो नदी हैं,किंतु उनकी अपार पवित्रता और महत्ता के चलते वे इससे ऊपर की चीज और साक्षात् देवी हैं। 'रामचरितमानस' में रावण से संवाद करते हुए अंगद कहते हैं, "राम मनुज कस रे सठ बंगा। धन्वी काम नदी पुनि गंगा"। यानी जैसे श्रीराम भला मानव वर्ग में कैसे गिने जाएंगे और क्या गंगा जी की गिनती सामान्य नदियों में होगी? कदापि नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता के दशम् अध्याय (विभूति योग) में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने को नदियों में जाह्नवी कहकर गंगा की सर्व श्रेष्ठता प्रतिपादित कर दी है, "झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी"। इनके दर्शन, मज्जन, पान से दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिट जाते हैं। कहा गया है, 'दर्शन मज्जन पान त्रिविध भय दूरि भगावत'। उनके जल की महिमा का प्रत्यक्ष से लेकर परोक्ष प्रभाव अत्यंत विशद है। पंडित राज जगन्नाथ ने अपनी इतिहास प्रसिद्ध संस्कृत कृति "गंगा लहरी" के एक श्लोक में लिखा है कि रात्रि के विलास काल में राज रमणियां अपने उरोजों पर जो कस्तूरी का लेप करती हैं,वह प्रातः गंगा स्नान करते समय उनके जल में धुलकर मिल जाता है। तब उन हिरनों के पास दिव्य विमान पहुंच जाते हैं जिनकी नाभि से वह कस्तूरी निकली थी और उन्हें सशरीर नंदन वन में विहार हेतु उपस्थित कर देते हैं':-

प्रभाते स्नांतीनां नृपति रमणीनां कुच तटी
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृगमदः।
मृगास्तावत्वैमानिक शत सहस्रैःपरिवृतः
विशंति स्वच्छन्दं विमल वपुषो नंदन वनम्।।

भौतिक रूप से ऐसी माता गंगा का उद्गम हिमालय पर गोमुख है और वे एक बड़े क्षेत्र को पवित्र करती, जीवन दान देती गंगा सागर में समुद्र में विलीन हो जाती हैं,लेकिन उनके अलौकिक उद्गम की अनेक कथाएं हमारे आर्ष ग्रंथों-रामायण, महाभारत और पुराणों में उल्लिखित हैं। कहते हैं राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसके लिए घोड़ा छोड़ा गया था। इंद्र इस यज्ञ की सफलता से भयभीत थे। अतः उन्होंने छद्म वेष में वह घोड़ा कपिल मुनि के आश्रम में जाकर बांध दिया। मुनि ध्यानावस्थित थे। उन्हें कुछ पता नहीं चला। इधर राजा सगर की साठ हजार संतानें घोड़े को ढूंढने निकलीं और उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह बंधा मिला। इन संतानों ने मुनि पर चोरी का आरोप लगाया और अनुचित व्यवहार करने लगे। मुनि ने क्रुद्ध होकर उन्हें भस्म कर दिया। उनकी प्रेतात्माएं भटकने लगीं। आगे चलकर इसी वंश में राजा भगीरथ हुए। उन्होंने अपने इन पूर्वजों की मुक्ति का उपाय पूछा, तो बताया गया कि स्वर्ग प्रवाहिनी गंगा यदि इनकी भस्मी के ऊपर से प्रवाहित हो जाएं, तो ये मुक्त हो जाएंगे। राजा ने तप करके गंगा जी को पृथ्वी पर आने के लिए राजी कर लिया,किंतु उन्होंने एक शर्त रखी। वे बोलीं कि हमारा वेग अति उत्कट होगा। उसे यदि कोई रोक सके,तभी हमारी उपयोगिता पृथ्वी वासियों के लिए हो पाएगी,अन्यथा मैं पृथ्वी फोड़कर सीधे पाताल चली जाऊंगी। तब भगीरथ ने भगवान शंकर को तप करके प्रसन्न किया। वे उनके वेग को अपनी जटावों में लेने को सहमत हो गए। गंगा जी अवतरित होने लगीं, तो उन्हें कुछ अहंकार हो गया कि भला मेरा वेग कौन रोक पाएगा? बस फिर क्या था भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में ऐसा उलझा दिया कि वे विपुल काल तक धरती पर उतर ही नहीं पाईं। अंततः भगीरथ की अनुयय विनय पर भगवान शंकर ने उन्हें भूमि पर आने दिया और भगीरथ का उद्देश्य पूरा हो गया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया। तीसरा फिर भी शेष रहा। कहते हैं कि आकाश पर विराट का पग पड़ते ही ब्रह्मांड कपाल फूट गया और ऊर्ध्व लोकवाहिनी गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हो गईं। इसी कथा में कहीं-कहीं थोड़ा अंतर है। वह यह कि जब वामन विष्णु जी का चरण आकाश पर गया,तो ब्रह्मा जी ने उसका प्रक्षालन करके उपने कमंड में भर लिया और पुत्री का रूप देकर हिमालय को सौंप दिया। तीसरी कथा के अनुसार भगवान शंकर ने एक बार नृत्य किया जिससे राधा माधव द्रवित हो गए। वह ब्रह्मद्रव ब्रह्मा जी ने अपने कमंड में भर लिया और वह देवलोक में पावन नदी बनकर प्रवाहित होने लगा। पश्चात् भगीरथ के प्रयास से वह विष्णु चरणों से होकर शंकर जटाओं पर गिरकर पृथ्वी पर आईं और एक धारा पाताल चली गई। देवलोक में वे मंदाकिनी, पृथ्वी पर गंगा या भागीरथी तथा पाताल में भोगवती कहलाईं। तीनों लोकों में होने के कारण वे त्रिपथगा भी हैं। उनका संबंध इस तरह त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी है। उनका यह अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे ज्येष्ठ दशहरा या गंगा दशहरा कहते हैं। हिमालय पर अनेक धाराओं में प्रवाहित होती हुई, पंच प्रयागों में धाराओं का आमेलन हुआ है। वहां का अंतिम प्रयाग देवप्रयाग है,वहीं से इनका नाम गंगा पड़ा। वहां अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। स्कंद पुराण के हिमवत खंड के अनुसार यहां तीन रात्रि विश्राम कर लेने वाले को इंद्र पदवी प्राप्त होती है। यहां स्थित रामकुंड में भगवान राम ने भी स्नान किया था।

लोक ही स्मृतियों का स्रोत

सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दोस्तों हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जीवन मूल्य तिरोहित हो गए हैं। विचार का संकट खड़ा हो गया है। वैचारिकता समाप्त है। हम मुगालते में जी रहे हैं। हम मनुष्य की तरह नहीं वस्तु जींस की तरह जी रहे हैं। धर्म की वस्तु, जाती की वस्तु। वोट की वस्तु, राजनीती की वस्तु, कुटिल चतुर गुंडों के स्वार्थ पूर्ती की वस्तु। हां कुछ लोग एक कदम आगे हैं। वे वस्तु की जगह साधन हो गए हैं। देश का आचरण। नैतिकता तिरोहित है, मित्रों, मनुष्य स्मृतिवान है। वह इतिहास बोध संपन्न प्राणी है। विचारों में जीता है, सिद्धांतों को रचता है और सिद्धांतों में ही ऊपर उठता रहता है।

लोक ही उसकी स्मृतियों का श्रोत है। वही मूल जड़ है। मनुष्य का अपना रचा हुआ एक लोक होता है। मतलब की उसका संपूर्ण अस्तित्व लोक बद्ध होता है। वह लोक लय से संचालित होता है। लोक से ही आभिजात्य विकसित हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा, अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लोक राग को सुरक्षित कर पाना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। आज समय का छंद कही खो गया है। कारण बहुत साफ है। हमारी लौकिक परंपरा में किंवदंतियों का घाल मेल हो गया। भगवान से लेकर जीवनशैली तक की अवधारणाओं में भी। हमारी अनुभूतियां। जिजीविषा का पल्ला पकड़ कर आती रहीं। यही जिजीविषा ही अनादी काल से आज तक हमें स्थापित करती रही है। जिजीविषा की इस दुर्दमनीय धारा को हमारा लोक राग। हमारी स्मृतियां प्रवाह देती रहीं हैं,किन्तु आज का समय बहुत कठिन है।

हर कदम पर बटमार समाज को गुमराह कर रहे हैं। ये बटमार संगठित हैं। जरूरत है एक नए प्रतिबद्धता की। नए लोकराग की जो समाज में छिपे कपट को पहचान सके। तभी समय का छंद सधेगा। इस दौर में भी अभी भी हमारे पास बहुत कुछ है अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचाने के लिए।

कश्मीर की समस्या और बाहरी ताकतें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कश्मीर में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पाकिस्तान और उसके अनुयायी पृथकतावादी संगठन एक ओर हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी संगठन हैं। बीच में कहीं तीसरा धड़ा धर्मनिरपेक्ष कश्मीरियों का है,जो कश्मीर की रक्षा किए हुए हैं और उनके कारण ही आज कश्मीर भारत का हिस्सा है वरना सांप्रदायिक ताकतें और फंडामेंटलिस्ट-पृथकतावादी अपने-अपने तरीकों से जम्मू-कश्मीर को बांट चुके होते,जो लोग नागार्जुन के बारे में बातें कर रहे हैं उनसे सम-सामयिक सवालों पर स्टैंड लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

बाबा की कविता का मामला साहित्य का मामला नहीं है। यह समाज और राष्ट्र का मामला भी है। बाबा नागार्जुन के पास कश्मीर को लेकर एक समझ थी और वे कश्मीर की धड़कन को अच्छी तरह पहचानते थे। कश्मीर पर लिखी उनकी कविता का शीर्षक है 'केसर की मासूम क्यारियों से आती आवाज'। बाबा ने लिखा- ''काश्मीरी ही काश्मीर कर सकते उद्धार/'' जो लोग यह समझते हैं कश्मीर की समस्या देसी है वे गलतफहमी के शिकार हैं,पहले भी आज भी कश्मीर की समस्या बाहरी ताकतों के द्वारा पैदा की गई है। अमेरिका और पाक की इन दिनों कश्मीर में अतिरिक्त दिलचस्पी दर्ज की गई है। अमेरिकी रवैये पर बाबा ने लिखा- ''अमेरिकी बंदर पंचों की खुल जाएगी पोल/काश्मीर में बजा करेंगे काश्मीर के ढोल।''

कश्मीर को लेकर तथाकथित सुलह कराने वालों पर बाबा ने लिखा - '' डिनर नई दिल्ली में और कराची में कर लंच/ तौल रहे रावलपिंडी में लड्डू बंदर पंच।'' अंत में बाबा नागार्जुन ने जो लिखा वह और भी महत्वपूर्ण है। लिखा '' मात खाएंगे हिंदी पंडित, पाकिस्तानी पीर/ लो देखो, वह खड़ा हो रहा नया-नया कश्मीर।''

आखिर हम इतिहास से कब सीखेंगे

गणेश प्रसाद पांडेय
गोरखपुर

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता।

कभी-कभी विचार आता है कि 1500 ई. के बाद के ब्रिटिश कितने साहसी और बुद्धिमान रहे होंगे, जिन्होंने एक ठंडे प्रदेश से निकलकर,अनजान रास्ते और अनजान जगहों पर जाकर लोगों को गुलाम बनाया। अभी भी देखा जाए तो ब्रिटेन की जनसंख्या और क्षेत्रफल गुजरात के बराबर है,लेकिन उन्होंने दशकों नहीं शताब्दियों तक दुनिया को गुलाम रखा।

भारत की करोड़ों की जनसंख्या को मात्र कुछ लाख या हजार लोगों ने गुलाम बनाकर रखा और केवल गुलाम ही नहीं बनाया,बल्कि खूब हत्याएं और लूटपाट की। उन्हें अपनी कौम पर कितना गर्व होगा कि उनके मुठ्ठी भर लोगों ने दुनिया को नाच नचाते रहे।

भारत के एक जिले में शायद ही 50 से ज्यादा अंग्रेज रहे होंगे,लेकिन लाखों लोगों के बीच अपनी धरती से हजारों मील दूर आकर अपने से संख्या में कई गुना अधिक लोगों को इस तरह गुलाम रखने के लिए अद्भुत साहस रहा होगा। अगर इतिहास देखते हैं तो पता चलता है कि उनके पास हम पर अत्याचार करने के लिए लोग भी नहीं थे तो उन्होंने हम में से ही कुछ लोगों को भर्ती किया था,हम पर अत्याचार करने के लिए, हमें लूटने के लिए। सोचकर ही अजीब लगता है कि हम लोग अंग्रेजों के सैनिक बनकर, अपने ही लोगों पर अत्याचार करते थे। चंद्रशेखर, बिस्मिल जैसे मात्र कुछ गिनती के लोग थे, जिन्हें हमारा ही समाज हेय दृष्टि से देखता था। आज वही नपुंसक समाज उन चंद लोगों के नाम के पीछे अपना कायरतापूर्ण इतिहास छुपाकर झूठा दंभ भरता है।

यानि हम स्वाभिमानहीन लोग हैं, स्वतंत्रता मिलने पर भी हम मानसिक गुलाम ही रहें। दूसरी तरफ हमारी व्यवस्थाएं भी सड़ी हुई हैं,जिन्होंने इन सभी नाकामियों का कभी मंथन ही नहीं किया। हमारे ऊपर जब आक्रमण हो रहे थे और हम जब एक युद्धकाल से गुजर रहे थे,हमारी बहुसंख्यक जनसंख्या इस मानसिकता में थी कि "कोउ नृप हो हमें का हानि"! मतलब उनको युद्ध से, राज्य से, राजा से कोई मतलब नहीं था। ये सब बस क्षत्रिय के काम थे। उनको करना है तो करें, नहीं करना तो नहीं करें। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रमण से राजस्थान क्षेत्र छोड़कर समस्त भारत धराशाही हो गया था,क्योंकि राजस्थान में क्षत्रिय जनसंख्या अधिक थी तो संघर्ष करने में सफल रहे। ऐसे ही कुछ क्षेत्र और थे,जो इसमें सफल हुए। आज इस्राइल बुरी तरह शत्रुओं से घिरा हुआ है,लेकिन सुरक्षित है। क्योंकि वहां के प्रत्येक व्यक्ति की देश और धर्म की सुरक्षा की जिम्मेदारी है,लेकिन हमने ये कार्य केवल क्षत्रियों पर छोड़ दिया था,जबकि फौज में भी युद्ध के समय माली, नाई, पेंटर, रसोइया आदि सभी लड़ाका बनकर तैयार रहते हैं। हमने युद्धकाल में भी परिस्थितियों को नहीं समझा और अपनी योजनाएं नहीं बनाई अपनी व्यवस्थाएं नहीं बदली।

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता। जरा विचार करके देखिए कि मुस्लिमों एवं अंग्रेजों से जिस तरह क्षत्रिय लड़े, अगर पूरा हिन्दू समाज क्षत्रिय बनकर,लड़ा होता तो क्या हम कभी गुलाम हो सकते थे? सामान्य परिस्थिति में समाज को चलाने के लिए उसको वर्गीकृत किया ही जाता है, लेकिन विपत्तिकाल में नीतियों में परिवर्तन भी किया जाता है,लेकिन हम इसमें पूरी तरह नाकाम लोग हैं। इसलिए 1000 सालों से दुर्भाग्य हमारे पीछे पड़ा है। अटल जी एक भाषण में कहते हैं कि एक युद्ध जीतने के बाद जब 1000 अंग्रेजी सैनिकों ने विजय-जुलूस निकाला था,तो सड़क के दोनों तरफ 20000 भारतीय उनको देखने आए थे। अगर ये 20000 लोग पत्थर-डंडे से भी मारते, तो 1000 सैनिकों को भागते भी नहीं बनता,लेकिन ये 20 हजार लोग केवल युद्ध के मूक दर्शक थे।

आज भी कुछ खास नहीं बदला। मुगलों और अंग्रेजों का स्थान एक खास डाइनेस्टी ने ले लिया और वामपंथियों/सेकुलरों के रूप में खतरनाक गद्दारों की फौज भी पैदा हो गई,लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम आज भी बंटे हुए हैं। 100 करोड़ होकर भी मूक दर्शक बने हुए हैं। भले ही कुछ लोग कुछ जागृति पैदा करने में सफल हुए हों,पर बिना संपूर्ण जागृति इस देश के दुर्भाग्य का अंत नहीं होगा। सही है कि हम इतिहास से सीखने वाले नहीं हैं,चाहे खुद इतिहास बनकर रह जाएं।

ग्लोबल जेंडर इंडेक्स में फिसलता भारत

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दो में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है।

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मानी जाती हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं,बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से महिलाएं मानवता का स्रोत रही हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है। महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर रही हैं,लेकिन विश्व आर्थिक मंच द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक डेटा ने भारत के लिए एक चिंताजनक स्थिति को उजागर किया, क्योंकि देश में दो स्थानों की गिरावट देखी गई। अब सूचकांक में 146 देशों में से भारत 129 वें स्थान पर है। इस गिरती स्थिति का प्रमुख कारण शिक्षा की कमी भी है। साथ ही हमारे देश की सामाजिक मान्यताएं भी एक प्रमुख कारण बनता है।

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में,पाकिस्तान ने सबसे कमजोर प्रदर्शन किया जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान ने रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ दिया। एक स्पष्ट आंकड़ा सामने आया है,जो दर्शाता है कि भारतीय महिलाएं पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये पर केवल 40 रुपये ही कमाती हैं, जो एक महत्वपूर्ण लिंग वेतन अंतर को दर्शाता है। सच्ची महिला स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकती जब लोग महिलाओं के प्रति अपने प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण और मानसिकता को बदलेंगे।

एक नजर

जलवायु परिवर्तन पर गोष्ठी का आयोजन आज

अमेठी। रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर स्थानीय डाक-बंगला अमेठी में प्रात: 9 से 11 बजे के बीच उभरते गम्भीर जल संकट एवं हो रहे व्यापक जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी डॉ अर्जुन पाण्डेय अध्यक्ष अमेठी जल बिरादरी ने दी है।

साले ने जीजा पर चाकू से किया हमला, गंभीर

शुक्लागंज, उन्नाव। श्री नगर निवासी अभिषेक तिवारी ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग साढ़े दस बजे उसका भाई रोहित को श्री नगर सरकारी स्कूल के पास रहने वाले रामजी तिवारी ने बमबम चौराहे के पास बाइक रोक ली और उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर रामजी ने उसके भाई पर चाकू से हमला बोल दिया। भाई के सिर और सीने पर गंभीर चोटें आई। शोर मचाने पर रामजी धमकी देते हुये भाग निकला। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

बाइक सवार को डीसीएम ने मारी टक्कर, गंभीर

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार मध्य रात्रि गंगाघाट कोतवाली के सामने अनियंत्रित डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और उसे 25 मीटर तक घसीटते हुये ले गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में लिया और घायल को इलाज के लिये भेजा है। शुक्लागंज के गांधी नगर निवासी मोहम्मद अजन शुक्रवार रात बाइक से घर लौट रहा था, तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के नथई खेड़ा निवासी डीसीएम चालक सतीश कुमार कानपुर से लोहा लादकर उन्नाव की ओर जा रहा था। डीसीएम ने आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।

अत्याधुनिक शिक्षण व्यवस्था पर रखे विचार

भेटुआ अमेठी, अमृत विचार। विद्या भारती अखिल भारतीय जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती परितोष अमेठी में अष्ट दिवसीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस पर शनिवार को काशी प्रांत के 12 जनपदों से आए 40 प्रधानाचार्यों ने नई शिक्षा नीति पर आधारित विद्यालय को अग्रसर करने के लिए नई तकनीकी पर आधारित नए विचारों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक तरीके से शिक्षण व्यवस्था लागू करने के संबंध में विचार रखे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रांत के प्रचार प्रमुख संतोष मिश्र ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में समिति के कई पदाधिकारी शामिल रहे।

योग सप्ताह की हुई शुरुआत, डीएम व एसपी ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में शनिवार को योग सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जनप्रतिनिधि, विभागों के कर्मचारी, स्कूलों के छात्र-छात्राओं तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र ने सभी को योगाभ्यास कराया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। बताते चलें कि 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में शनिवार प्रातः 6 बजे से 7 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है।

इसके अलावा अमेठी क्षेत्र के बेनीपुर स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय में शनिवार को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बेनीपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मो. काशिफ ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। योग प्रशिक्षक ललित कुमार ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योगाभ्यास करते विधायक राकेश प्रताप सिंह व डीएम निशा अनंत। अमृत विचार

ब्लॉक कार्यालय में किया गया योगाभ्यास

अमेठी, अमृत विचार। योग दिवस सप्ताह की शुरुआत के मौके पर शनिवार को विकास खंड कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा सहित सभी ब्लॉक कर्मियों ने योग के माध्यम से जीवन को स्वस्थ, सुखी और बीमारियों से मुक्त बनाने का संदेश दिया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में प्रकृति प्रदूषण के खतरों से जूझ रही हैं। खेती में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से हर परिवार में कोई न कोई बीमार है और बीमारियों पर खर्च बढ़ गया है। हम योग तब करते हैं जब डॉक्टर सलाह देते हैं, यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें तो कभी बीमार नहीं होंगे। एडीओ मुईजुल्ला ने कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध बनाता है। बीमारियों के इस युग में प्राकृतिक जीवन शैली ही स्वस्थ रहने का सशक्त माध्यम है। एडीओआईएसबी मनीराम, ग्राम पंचायत अधिकारी चंदन मौर्य, चन्द्र शेखर, सूरज, लाल बहादुर सिंह, संदीप मिश्रा, अजय प्रजापति, जय प्रकाश, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

तहसील गौरीगंज में डीएम निशा अनंत ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाएं। शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को तहसील गौरीगंज में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 6 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

33 में से चार शिकायतों का हुआ निस्तारण

मुसाफिरखाना अमेठी, अमृत विचार। स्थानीय तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता के अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सभागार मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों की शिकायतों को अपर जिला अधिकारी ने सुना तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें आयी जिसमें मौके पर महज चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों व थाना पुलिस को निर्देशित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रीती तिवारी, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बृजेश सिंह, नायब तहसीलदार प्रशांत सिंह, प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारी कुर्सियों पर और भूमि पर बैठे दिखे फरियादी

भीषण लू व गर्मी के बीच अपनी समस्या के समाधान के लिए स्थानीय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों के लिए बैठने तक की व्यवस्था नहीं थी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारी व कर्मचारी कुर्सी पर बैठे मोबाइल में मस्त थे, वहीं दूसरी तरफ फरियादी जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

संजय गांधी अस्पताल में विशेषज्ञ की तैनाती

अमेठी, अमृत विचार। मुंशीगंज कस्बा स्थित संजय गांधी अस्पताल में कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती से आसपास के जिले के लोगों का विश्वास बढ़ा है। यहां तैनात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी द्वारा मरीजों का ऑपरेशन एवं धमनी ब्लॉकेज जैसी अन्य बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। डॉ सत्येन्द्र तिवारी द्वारा बीते तीन माह में सैकड़ों मरीजों को लाभ पहुंचाया गया है। अस्पताल में बेहतर चिकित्सकों की तैनाती से आसपास के जनपद के लोग भी यहां पहुंच रहे हैं। डा. सत्येन्द्र तिवारी द्वारा एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टी पेसमेकर, हार्ट अटैक चेस्ट पेन, एंजाइना पेन, सिंकोप यानी चक्कर आना आदि समस्याओं का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में प्रत्येक शनिवार को बच्चों के विभाग में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है।

तीन घरों में चोरी, नहीं दर्ज किया केस

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों ने भले ही निर्देश दे रखे हैं कि थाने पर स्तर पर पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। लेकिन बाजार शुक्ल थाना की पुलिस इससे उलट है। यहां कानून का नहीं पुलिस का अपना राज है। पुलिस की मनमानी का आलम यह है कि सत्थिंन गांव में छह दिन पूर्व हुई चोरी की तीन घटनाओं को बाजार शुकुल पुलिस ने दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। अपराध को छुपाने में माहिर बाजार शुकुल पुलिस पर अब सवाल खड़े हो रहे है।वही पीड़ित न्यायपाने के लिए पीड़ित दर बदर भटक रहे है।

पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सत्थिन गांव में बीते रविवार रात चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। रफीक व आलम के मकानों के ताले तोड़ने के बाद घुसे चोरों ने नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरों ने इसी रात दोनों भर मकान के सटे फक्कू नाई के मकान को भी निशाना बनाया।

यहां से चोरों ने जेवरात आदि लाखों काक सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह परिजन सोकर उठे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। घटना स्थल की जांच व पीड़ित का बयान दर्ज किया। अभी तक इस मामले में पुलिस ने चोरी का खुलासा तो दूर मुकदमा दर्ज करना भी मुनासिब नहीं समझा जिससे आम जनमानस में चोरी को लेकर भय व्याप्त है। सीओ मुसाफिरखाना अतुलसिंह का कहना है कि चोरी की घटनाओं का राजफाश करने का प्रयास किया जा रहा है। लापरवाह पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

सजा पूरी करने के बाद भी युवक की नहीं हो पा रही वतन वापसी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सऊदी अरब की जेल में बंद युवक की सजा पूरी के बाद भी वतन वापसी न होने से परिजन परेशान हैं। पत्नी ने इसके लिए कई पत्र भी लिखे लेकिन, अभी तक उसकी वापसी नहीं हो पाई है।

बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर गांव निवासी राम कुमारी पत्नी दिनेश ने बताया कि उसके पति जनवरी- 2016 में सऊदी अरब नौकरी करने गए थे। एक बार वह छुट्टी पर घर लौटे और दूसरी बार 22 जून-2018 में फिर चले गए थे। उनके मालिक ने करीब 10 माह का वेतन नहीं दिया। दिनेश ने पत्नी को फोन पर बताया कि मालिक उसे जेल भिजवाने की धमकी देता है। जून-2021 में उसे छुट्टी पर घर आना था। इस पर उसने मालिक से अपना बकाया मांगा। मालिक की फर्जी शिकायत पर सऊदी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहां दिनेश को 18 माह की सजा सुनाई गई।

गंगा दशहरा स्नान आज, तैयारियां पूरी

शुक्लागंज उन्नाव। गंगा दशहरा स्नान पर नगर व दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने सभी घाटों की साफ सफाई करवाई है। सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे। गंगा दशहरा के एक दिन पहले शनिवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बालूघाट, नमामि गंगे घाटा, गंगा विशुन घाट, शिव घाट, आदि की साफ-सफाई कराई गई।

सार-संक्षेप

कूड़ा उठाते कर्मचारी। अमृत विचार

जंगल रामनगर में कूड़ा प्रबंधन केंद्र संचालित

मुंशीगंज, अमेठी। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत गांवों में कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों का निर्माण जारी है। जिन ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन केंद्र बन गये हैं,उनका संचालन किया जा रहा है। शनिवार को जंगल रामनगर में कूड़ा प्रबंधन केंद्र संचालित किया गया। कूड़ा गाड़ी ग्राम पंचायत के हर पुरवे में जाएगी और निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार कूड़ा एकत्रित करके आरआरसी सेंटर पर पहुंचाएगी। जंगल रामनगर तहसील अमेठी की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। स्वच्छ भारत मिशन के काम को आगे बढ़ाने के लिए इस पंचायत में पर्याप्त कर्मी नहीं है। शनिवार को ग्राम प्रधान राहुल वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी, कोटेदार बृज लाल वर्मा, खंड प्रेरक कमलेश कुमारी की उपस्थिति में आरआरसी सेंटर संचालित किया गया। विकास खंड में इसके पहले बेनीपुर, हथकिला और नरैनी में आरआरसी सेंटर संचालित किए जा चुके हैं।

ज्येष्ठ माह के शनिवार को लगे कई जगह भंडारे

भेटुआ, अमेठी। ज्येष्ठ माह के चलते जगह-जगह विशेष भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। ज्येष्ठ माह बजरंग बली को अतिप्रिय है। पंडित सत्यम पाण्डेय शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ माह में बजरंग बली की पूजा अर्चना व भंडारे से विशेष फल प्राप्त होता है। शनिवार को पूरे मंधार टिकरी में अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग के किनारे अग्रहरि समाजसेवियों ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया। भंडारे में छोला-चावल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभम अग्रहरि, विंध्या प्रसाद, दिलीप अग्रहरि, जगन्नाथ अग्रहरि, रघुनन्दन अग्रहरि, महेन्द्र कुमार, निशांत अग्रहरि, गौरव कुमार, विशाल, जिलेदार अग्रहरि शामिल रहे। वहीं शुकुल बाजार क्षेत्र में सामुदायिक केंद्र के सामने मनीराम ट्रेडर्स व राम शंकर लोहा की अगवाई में सुंदरकांड पाठ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विधिवत पूजा अर्चना कर डीजे साउंड पर बजते बजरंग बली के भजनों से माहौल भक्ति मय रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पिंकू गुप्ता, लालता वैश्य, डब्लू गुप्ता, अमन गुप्ता, विजय गुप्ता, शुभम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

नर्सिंग होम संचालक ने की सीएचसी प्रभारी से अभद्रता

नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को क्षेत्र में आभा आईडी न बनवाने वाले परिवारों को समझाने के लिए निकली थी। जिसमें एक गांव में चल रहे कथित अवैध नर्सिंग होम की सूचना पर टीम वहां पहुंची। जिस पर सीएचसी प्रभारी ने क्लीनिक के संबंधित दस्तावेज मांगे तो संचालक ने उनके अभद्रता की और प्रभारी अधीक्षक को सस्पेंड कराने की धमकी भी दी। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आभा आईडी नहीं बनवा रहे परिवारों को समझाने के लिये गांव जैतीपुर का भ्रमण किया जा रहा था। जैतीपुर निवासी जितेन्द्र नाथ मिश्रा का करीब 10 लोगों का परिवार है। कई बार प्रयासों के बाद भी आभा कार्ड नहीं बनवाया गया। जिस पर शनिवार को उनके घर का भ्रमण करने पर पाया गया कि जितेन्द्र द्वारा बड़े स्तर पर एक अवैध क्लीनिक/नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। जहां कई लोगों को ड्रिप दी जा रही थी और भारी मात्रा में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक दवाओ से भरा स्टोर रूम व क्लीनिक भी संचालित पाया गया। वहां पर बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। कुछ दवाओं पर किसी प्रकार का कोई भी लेबल नहीं था। इससे उन्हें पहचाना भी नहीं जा सकता था। क्लीनिक व नर्सिंग होम संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा तो दस्तावेज न दिखाकर संचालक ने अभद्रता करने के साथ ही रिश्वत मांगने का आरोप टीम पर लगाया और शासन तक पहुंच होने से उन्हें सस्पेंड कराने की धमकी भी दी।

पुलिस पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप, हंमागा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार को धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। शनिवार को उन्नाव में पीएम कराया गया। बहन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा काटा।

पोस्टमार्टम के बाद शव को बीच सड़क पर रखकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। जिसके बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कराया गया है। वहीं पुलिस ने पांच के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार को उन्नाव में उसका पोस्टमार्टम हुआ।

शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, अमेठी

जांच-पड़ताल

- पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए डीएम से की जांच कराने की मांग

अमृत विचार। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने महिला के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार विवाह के कुछ दिन बाद विवाहिता गर्भवती हो गई। जिसके बाद उसे गर्भपात की दवा दिखा दी गई। गर्भपात की दवा खाने के बाद विवाहिता की हालत बिगड़ती गई और करीब एक महीने बाद विवाहिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ससुरालियों ने मृतका के परिजनों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अब मृतका के पिता ने दहेज के लिये गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने पति, सास-ससुर और ननद के खिलाफ डीएम और एसपी से शिकायत की थी।

गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के खगा पाठक का पुरवा वार्ड नं 13 निवासी राधेश्याम के पुत्र सूरज का विवाह 26 अप्रैल 2024 को अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा पासी का पुरवा गांव के रहने वाले अमर पाल सरोज की बेटी अंजली से हुआ था। शादी के एक महीने बाद अंजली के पेट में दर्द की शिकायत हुई। ससुराल वाले उसे लेकर नसीराबाद गए। वहां जांच कराने पर पता चला कि अंजलि गर्भवती है, ससुराल वालों ने उसे गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाने के बाद अंजली की हालत बिगड़ने लगी। अंजली ने परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद उसका भाई मौके पर पहुंचा और बहन को लेकर अस्पताल गया। जहां पर डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के बाद पथरी बताया। 8 जून को अंजली की तबियत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। ससुरालियों ने परिजनों की मौजूदगी में अपने गांव में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन अब पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है।

मृतका के पिता अमर पाल सरोज ने डीएम एसपी को शिकायती पत्र देते हुए दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर गौरीगंज पुलिस और एसडीएम दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा कि तीन डॉक्टर के पैनल से वीडियो कैमरे के निगरानी में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

251 गांवों को देव गांव बनाने का रखा लक्ष्य

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। गायत्री परिवार अमेठी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बैठक की। तय किया गया कि गायत्री जयंती से गुरु पूर्णिमा तक शक्ति कलश के सम्मुख गायत्री मंत्र की उपासना की जायेगी। रविवार को प्रातः 7 बजे से जप, यज्ञ, गुरुदेव को श्रद्धांजलि के साथ ही कन्या भोज का आयोजन कर गायत्री जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। गुरु पूर्णिमा पर्व से शक्ति कलश जनपद के प्रत्येक गांव तक जायेगा।

गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर आयोजित महत्वपूर्ण गोष्ठी में सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ एवं इसकी कार्य योजना भी बनाई गई। बैठक में जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने मार्च 2025 में आयोजित होने वाले 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के सम्बन्ध में शान्तिकुंज हरिद्वार से प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी दी। कहा कि 251 कुण्डीय यज्ञ हेतु 251 गांवों को देव गांव बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक देव गांव में 24 साधक जोड़ें, 24 युवा दंपति, 24 युवा, 24 देव कन्याएं तैयार कर उन्हें साधना से जोड़ना, नशा मुक्ति अभियान चलाना, पौधरोपण अभियान जैसे कार्यक्रम चलाये जाने हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय खोले जाने पर सहमति बनी। साथ ही गुरु पूर्णिमा से एक पखवारे तक जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में शान्तिकुंज हरिद्वार की टोली के माध्यम से गुरु गीता कथा आयोजित करने की भी योजना बनी। गोष्ठी में प्रमुख रूप से राधेश्याम तिवारी, गायत्री सिंह, त्रिवेणी प्रसाद सिंह, डॉ विजय लक्ष्मी सिंह, इंद्रदेव शर्मा, अवधेश बहादुर सिंह, लाल अशोक सिंह, अरविंद सिंह, अशोक बरनवाल, अशोक त्रिपाठी, धीरेंद्र श्रीवास्तव, संगीता त्रिपाठी, अनिल अग्रहरि,ओम गुप्ता, प्रभात वर्मा आदि शामिल रहे।

बैठक करते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

ट्रैक्टर निकालने के विवाद में खूनी संघर्ष, एक की मौत

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली अंतर्गत नया खेड़ा गांव में पक्षों में हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हुई मारपीट में 8 लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। मारपीट में घायल अधेड़ को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

बता दें कि नयाखेड़ा गांव में दीपू (51) पुत्र रामलाल गांव के ही एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। शुक्रवार रात गांव के राजकुमार से किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद दोनों में गाली-गलौज हो गई। विवाद देख दोनों पक्षों से परिजन पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडों के साथ दोनों ओर से कुल्हाड़ी चलने लगी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पीआरवी पहुंची और मामले को शांत कराया। मारपीट में घायल दीपू को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रुद्रप्रयाग : सड़क हादसे में बेल्हा की युवती की गई जान

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

अमृत विचार : उत्तराखंड सड़क हादसे में कुंडा इलाके की एक युवती की मौत हो गई। मौत की खबर मिलने परिजन देर रात उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए।

मोहिनी पांडेय (फाइल फोटो)

उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में शनिवार को एक टेंपो और ट्रैवलर वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर ढाई सौ मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरी। इस सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। घटना मे कुंडा तहसील की नगर पंचायत हीरागंज के जगापुर निवासी पूर्व अर्धसैनिक स्व. महेश प्रसाद पाडेय की 26 साल की इकलौती बेटी मोहिनी पांडेय की भी मौत गई। वह नोएडा में महिंद्रा एंड महिंद्रा कम्पनी के अकाउंट सेक्शन मे नौकरी करती थी। दिल्ली से ट्रैकिंग पर जाते समय वाहन दुर्घटना मे मोहिनी की मौत हो गई। मोहिनी के पिता महेश प्रसाद सीआरपीएफ मे सैनिक थे, जिनका वर्ष 2000 में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मोहिनी की मां मिथिलेश पांडेय पति के स्थान पर मृतक आश्रित में नौकरी करती हैं। मोहिनी की मौत की खबर मिलने पर परिजन शनिवार देर रात उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए।

बोलेरो ट्रैक्टर से टकराकर पलटी, दो बरातियों की मौत

संवाददाता, पट्टी, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बरातियों से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर ट्राली लगे ट्रैक्टर से भिड़ गई। बोलेरो पलटने से उसमें सवार दो बरातियों की मौत हो गई,जबकि तीन लोगों का गम्भीर हालत में इलाज चल रहा है। नगर पंचायत ढकवा के छतौना गांव की निषाद बस्ती से भोन्डे केवट के बेटे विपिन की शुक्रवार को जौनपुर जिले के केवटली गांव में बरात गई थी। लखनऊ-वाराणसी हाइवे से वापस लौटते समय देर रात में बछुआर गांव में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से बोलेरो टकरा गई। इसके बाद बोलेरो पलट गई। जिसमें जौनपुर जनपद के लच्छी पट्टी गांव के 22 वर्षीय राहुल निषाद की मौत हो गई। वह ननिहाल में ही छतौना में पृथ्वीपाल के यहां रहता था। इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता रो-रो कर बेहाल हैं। दूसरे युवक राम पियारे पुत्र घोडहा की भी मौके पर ही मौत हो गई,जबकि तीन बरातियों को गम्भीर स्थिति में जौनपुर में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नीट में धांधली के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

प्रतापगढ़, अमृत विचार: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। नेतृत्व करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि गत दिनों संपन्न हुई नीट परीक्षा के परिणाम में 67 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। माइनस मार्किंग के बावजूद छात्रों ने 720 में से 718,719 अंक प्राप्त किए, जबकि ये संभव ही नहीं है। इससे लगभग 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, वेदांत, विजय शंकर, सुरेश, फतेह बहादुर, केके शुक्ल,मासूम, सुधीर,अभिषेक,संजय, इश्तियाक, अतुल, मो. इरशाद आदि मौजूद रहे।

बारा में युवक की हत्या से बवाल, किया चक्काजाम

संवाददाता, बारा/नैनी, प्रयागराज

- सड़क पर शव रखकर किया हंगामा, भेलांव गांव में गोली मारकर की थी हत्या

अमृत विचार: बारा के भेलांव गांव में शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहे युवक की उसके पिता के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। शनिवार को मृतक का शव घर पहुंचने पर आक्रोशित लोगों ने बांदा राजमार्ग स्थित लोहगरा बाजार हुआ सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करते हुए हंगामा शुरु कर दिया। इसकी सूचना पर बारा सहित कई थाना की फोर्स मौके पर पहुंच गईं। एसडीएम बारा, डीसीपी यमुना नगर, एसीपी बारा ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर जाम को समाप्त करा दिया। परिजन मामले में बारा पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

भेलांव निवासी मनीष मिश्र 28 पुत्र संतोष मिश्र का गांव के ही राजेश पांडेय पुत्र श्यामाकांत पांडेय से होली पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शुक्रवार सुबह राजेश ने मनीष को गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई थी। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक मनीष का शव घर पहुंचा तो परिजनों ने शव को लोहगरा बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग बांदा पर रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर एसडीएम बारा दिग्विजय सिंह, डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय एवं एसीपी बारा संत लाल सरोज मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत कराया व दो घंटे बाद जाम को हटवा दिया। डीसीपी ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष तीन वांछितों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है।

सार-संक्षेप

तबियत बिगड़ने पर इलाज के दौरान वृद्ध की मौत, हंगामा

संवाददाता, कुंडा प्रतापगढ़ अमृत विचार : इलाज के दौरान वृद्ध की मौत के बाद घर वाले हंगामा करने लगे। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शान्त कराया। आर्थिक मदद के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर घर चले गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के अलुवामई गांव निवासी राम 72 वर्षीय किशोर सोनकर नवाबगंज के मद्दूपुर गांव में आम की बाग की रखवाली का काम करते थे। कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तो परिजन इलाज के लिए कन्हेरुवा चौराहा पर स्थित चिकित्सालय ले गए। जहां पर इलाज के कुछ देर बाद राम किशोर की मौत हो गई। इसके बाद साथ रहे घर वाले हंगामा करने लगे। जानकारी मिलने के बाद मौके पर नवाबगंज पुलिस पहुंची, लोगों को शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने आर्थिक सहयोग के बाद समझौता कर मामले को खत्म किया। एसओ नवाबगंह धीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्षों ने मामले को सुलह कर लिया बिना पोस्टमार्टम कराये परिजन शव लेकर घर चले गए।

गला दबाकर हत्या में महिला सहित दो को उम्रकैद, अर्थदंड

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : अपर सत्र न्यायाधीश बाबू राम ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए मृतक की पत्नी महेशगंज के लोदीपुर गांव की रेखा,बाघराय के उमरीकोटिला गांव के राजा सरोज को सश्रम आजीवन कारावास व 27-27 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वादी मुकदमा मगलू के अनुसार उसने 16 अगस्त 2012 को उसके भाई शंकर लाल की फांसी लगाकर आत्महत्या की सूचना दी गई। बाद में उसे जानकारी मिली कि उसके भाई शंकर लाल सरोज को उसके भाई की पत्नी रेखा देवी,राजा सरोज एवं बहन साधना देवी ने मिलकर मारपीट कर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी और सबूत को छिपाने के लिए 15 अगस्त 2012 की रात में फांसी लगाकर आत्मा हत्या का शोर मचाया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने रेखा देवी व राजा सरोज के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। कोर्ट में इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अजय कुमार पांडेय ने की।

मण्डलायुक्त ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन के निर्देश के क्रम में मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. के मार्ग निर्देशन में मण्डल के तीनों जनपदों के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने जनपद भदोही के औराई तहसील में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना। वहीं उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने जनपद मीरजापुर के मड़िहान तहसील में पहुंचकर जन समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया परीक्षा सामग्री रवाना

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर विगत 11 जून 2024 से प्रारंभ होकर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अगले चरण की परीक्षा हेतु शनिवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री लेकर जा रही गाड़ियों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय की स्नातक, परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10 से एक तथा दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए कुलपति ने परीक्षा केदो पर पर्याप्त शीतल जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह के निर्देशन में परीक्षा विभाग में हेल्पलाइन देश के माध्यम से परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

अर्द्ध सैनिक बलों में अभ्यर्थियों को जल्द नौकरी का मौका

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : रासायनिक बोलोमें भर्ती के लिए एसएससी कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा 2024 का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। जबकि उसे पहले पड़ा की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले की अपेक्षा 20471 पदों की बढ़ोतरी की गई है। अब भर्ती से पहले पद बढ़ाने से अभ्यर्थियों को नौकरी में मौका मिल सकेगा। बताया रहा रहा है कि जल्द ही इसका परिणाम घोषित किया जाएगा। बीएसएफसी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, असम राइफल्स और एसएसएफ में सिपाही भर्ती का विज्ञापन एसएससी ने 24 नवंबर को जारी किया था। उस दौरान पदों की संख्या 26,146 घोषित थी। इसके लिए 31 दिसंबर तक आवेदन जमा कराये गये थे। इस आवेदन में देशभर से 46,47,646 अभ्यर्थियों ने अपना आवेदन किया था। जिसमे उत्तर प्रदेश से बिहार से कुल 15,20,290 अभ्यर्थी रहे है। जिनकी परीक्षाएं 20 फ़रवरी से 7 मार्च तक आनलाइन कराई गयी थी। इस परीक्षा को कराने के लिए यूपी और बिहार के कुल 19 जिलों में 97 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।

आजमगढ़ के माध्यम से दिया जाएगा शिल्पकारी प्रशिक्षण

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा माटी कला का कार्य करने वाले कारीगरों को माटी कला कौशल विकास योजना अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र आहोपट्टी आजमगढ़ के माध्यम से दी जायेगी। माटी कला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 6 जुलाई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माटी कला की कलात्मक सौन्दर्य परक सजावटी गृह उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजनान्तर्गत रूपया 10 लाख के पूंजीगत ऋण पर बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित किये जाने के पश्चात 25 प्रतिशत अनुदान लाभार्थी को योजनान्तर्गत विभाग द्वारा दिया जायेगा। उक्त योजना में इच्छुक कारीगर/लाभार्थी अपना आवेदन पत्र आनलाइन विभागीय वेबसाइट पर कर सकते हैं, जिसमें आवश्यक प्रपत्र, आधार, जाति, निवास, शैक्षिक योग्यता की हार्ड कापी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जौनपुर में जमा कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु मो.नं. 9580503157 एवं 9705349119 पर सम्पर्क कर किया जा सकता है।

मुक्त विश्वविद्यालय ने आरएएफ जवानों को दिलाई योग की शपथ

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में गिनीज वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने के लिए ऑनलाइन शपथ दिलाए जाने के क्रम में प्रयागराज के फाफामऊ स्थित आरएएफ की 101 बटालियन परिसर में इसका आयोजन किया गया। इसमें आरएएफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट रामचंद्र राम ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार और विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ. देवेश रंजन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए आरएएफ परिसर के सभी सदस्यों को मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया। इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी जवानों को योग का महत्व समझाते हुए वर्तमान में आयोजित हो रहे ऑनलाइन योग शपथ महा अभियान के संबंध में जानकारी दी। योग समन्वयक डॉ देवेश रंजन ने उपस्थित सभी प्लाटून कमांडर को विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की उपयोगिता समझाते हुए ऑनलाइन योग शपथ लिए जाने के विभिन्न चरण समझाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक ऑनलाइन शपथ ली।

शिवम ने देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पाया प्रवेश

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : बयालसी महाविद्यालय जलालपुर के छात्र रहे छात्र शिवम सिंह ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया। यह असाधारण उपलब्धि शिवम की मेहनत और लगन के साथ हमारे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलकेश्वरी सिंह और शिक्षकों के अथक प्रयासों का प्रमाण है। बीएचयू में प्रवेश के अलावा शिवम ने कई अन्य संस्थानों में भी प्रथम रैंक से चयन प्राप्त किया है, जिनमें महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार, त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान, केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब एवं डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश हैं। शिवम की अद्वितीय उपलब्धियां ग्रामीण पृष्ठभूमि और कॉलेजों के बच्चों की क्षमता और दृढ़ता को उजागर करती हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपने शैक्षणिक सफर में इसी तरह सफल होते रहेंगे और महत्वपूर्ण योगदान देंगे। महाविद्यालय अपने बच्चों की प्रतिभा को पोषित करने और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने के लिए समर्पित है।

रक्तदान से बड़ा कोई पुनीत कार्य नही : जिलाधिकारी

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मां विंध्यवासिनी स्व श्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के लेक्चर हाल में मेडिकल कालेज के द्वारा रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रक्तदाताओं व रक्तदान से सम्बन्धित स्वयं सेवी संगठनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुये कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। समाज के हर व्यक्ति रक्तदान के लिये आगे आने की आवश्यकता हैं इससे बड़ा पुनीत कार्य कोई भी कार्य नही हैं। इसके पूर्व वंदना राय तथा दिव्या मिश्रा द्वारा बैच तथा अंग वस्त्रम देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। मंच का संचालन राम कुमार गुप्ता जन संपर्क अधिकारी द्वारा किया गया। प्रमुख अधीक्षक डाक्टर तरूण सिंह द्वारा सम्मान समारोह में आए हुए रक्तदाताओं तथा रक्तदाता संस्थाओं इनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया। समारोह में आने के लिए धन्यवाद दिया।

शिकायतों का ससमय हो निस्तारण : जिलाधिकारी

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

अमृत विचार: जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने तहसील लालगंज में उपस्थित होकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को देकर निस्तारण कराया गया।

लालगंज तहसील में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 265 समस्याएं आईं, जिसमें से 19 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील लालगंज में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी लालगंज ने भी आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना। अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में कुल प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रों में से तीन का निस्तारण, तहसील मड़िहान में 70 प्रार्थना पत्रों में से कुल तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया तथा चुनार तहसील में 109 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में निस्तारण न होने की दशा में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारित का निर्देश दिया गया।

प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, पुलिया में मिला शव

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

- एसपी ने मौके पर पंहुचकर की जांच पड़ताल
- प्रेमिका की मां की तहरीर पर प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव सड़क किनारे पुलिया में शनिवार की सुबह घर से दो सौ मीटर दूर महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शिनाख्त कर उसके परिजनों को सूचना दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई। महिला का गला रेत कर हत्या किया गया है। मौके पर महिला का मोबाइल फोन मिला है।

महिला की हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जांच पड़ताल करते हुए महिला के प्रेमी द्वारा हत्या किए जाने का खुलासा किया। महिला के मां की तहरीर पर प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी छोटेलाल कोल की 27 वर्षीय पुत्री सुमन का गांव निवासी अमृत लाल उर्फ मितउ से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार की रात्रि में घर में परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद प्रेमी अमृतलाल उर्फ मितउ के बुलाने गयी फिर वापस घर नहीं लौटी। सुमन के मां ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। सुबह सड़क किनारे पुलिया में महिला के शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। पुलिया में शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह, एसआई श्यामलाल, परमात्मा यादव, शैलेश सिंह मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गए। वहीं महिला का मोबाइल फोन व चप्पल मिला है। महिला की हत्या गला रेत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओमप्रकाश सिंह, सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी, फॉरेंसिक लैब की टीम स्वाट टीम के प्रभारी संजय सिंह, सर्विलांस टीम ने छानबीन करते हुए साक्ष्य के आधार पर महिला की हत्या उसके प्रेमी अमृतलाल उर्फ मितउ द्वारा की गई है। महिला की मां पुदीना देवी की तहरीर पर महिला के प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला एक भाई तीन बहनों में सबसे छोटी थी। महिला की शादी पांच वर्ष पहले सोनगढा गांव में कमलेश से हुई थी लेकिन महिला दो बार ससुराल जाने के बाद एक वर्ष पहले शादी टूट गई। जिसके बाद महिला अपने मायका अहुगी कला गांव में रह रहने लगी थी। इसी बीच गांव निवासी अमृतलाल उर्फ मितउ से प्रेम प्रसंग चलने लगा लेकिन अमृत लाल की शादी हो गई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि जल्द ही महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

आखिरकार पूर्व मंत्री के साथ पहुंच ही गए सपा विधायक

सोनपुर में मौलाना के घर पहुंचे पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, विधायक डा.आरके वर्मा, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह। अमृत विचार

पार्टी कार्यालय पर सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल, विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के साथ मौजूद सपा का प्रतिनिधि मण्डल। अमृत विचार

मौलाना की हत्या प्रकरण

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या के बाद राजनीति थम नहीं रही है। पुलिस प्रशासन की अपील के बाद भी राजनेता मानने को तैयार नहीं हैं। सोशल मीडिया पर यह विषय बहस का मुद्दा बना रहा।

सपा का प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल के नेतृत्व में पीड़ित परिजनों से मिलने के लिए पहुंचना था। शनिवार को प्रतिनिधि मंडल जब पहुंचा तो प्रशासन ने उन्हें मौलाना के घर जाने से रोक दिया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल कुछ लोग तो वापस लौट गए लेकिन रानीगंज विधायक डॉ.आरके वर्मा अपने साथियों के साथ हैदरपुर गांव की तरफ से मौलाना के घर पहुंच गए। परिजनो से बातचीत करने के बाद वह वापस लौट गए। उनके साथ पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

शांति और सौहार्द बनाये रखें, होगा न्याय : सांसद

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : सपा सांसद डॉ.एसपी सिंह पटेल ने कहा कि सभी शांति और सौहार्द बनाये रखें न्याय होगा। पुलिस -प्रशासन ईमानदारी से अपना काम कर रहा है। सामाजिक समरसता न बिगड़े इसलिए प्रशासन ने मौलाना फारूक की हत्या के बाद गांव में पुलिस व पीएसी लगा रखी है। हत्या के बाद मौलाना के घर जाकर परिजनों से मिल कर उनकी हर संभव मदद के लिए जिला प्रशासन से बात किया। पुलिस - प्रशासन से जानकारी मिली की हत्या के मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपी जेल जा चुके हैं। शेष की तलाश जारी है और शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर मेरे साथ 10 लोगों का प्रतिनिधि मंडल मौलाना के घर जाकर उनका कुशल क्षेम लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराना था, लेकिन जिला प्रशासन के रोक बाद वहां जाना संभव नहीं हो सका। बेवजह कानून को हांथ में लेना न्याय संगत नहीं है। प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी से मिल कर बात की गई।

विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदाताओ को किया धन्यवाद। अमृत विचार

रक्तदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

संवाददाता, प्रयागराज।

अमृत विचार: केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर साल, विश्व रक्तदाता दिवस रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों से रक्तदान करने के लिए आग्रह करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 20 साल का जश्न मनाने के लिए रकतदाताओं को धन्यवाद किया गया। इस मौके पर डॉ. एस. के हांडू ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के लिए स्वस्थ रक्त की निरंतर आपूर्ति में मदद करने के लिए रक्तदान करने का आग्रह किया।

रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करतीं डॉक्टर

डॉ. कल्पना मिश्रा ने वर्षों से जीवन बचाने वाले दान के लिए रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. उषा एसपी यादव ने रक्त के घटकों और रक्तदान के लाभों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ विस्तार से विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं का पंजीकरण भी किया गया।

दर्ज करा सकते हैं जीरो एफआईआर पुलिस कस्टडी की समय सीमा बढ़ी

आईपीसी 2023 के सम्बन्ध में जानकारी देते वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन शुक्ल।

संवाददाता, प्रतापगढ़

- अधिवक्ता परिषद के स्वध्याय मण्डल में भारतीय न्याय संहिता 2023 पर हुई चर्चा

अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद अवध की प्रतापगढ़ ईकाई के संयोजन में अधिवक्ता भवन में स्वाध्याय मण्डल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय न्याय संहिता (आईपीसी)2023 विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व मुख्य वक्ता के रूप में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन शुक्ल ने विस्तार से विषय के बारे में जानकारी दी। शुक्ल ने आईपीसी 2023 विषय पर कहा कि यह कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगा। इस नये अधिनियम में उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व में वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप केन्द्र सरकार को नया कानून बनाने का जो निर्देश दिया गया था उसे शामिल किया गया है। आईपीसी में 511 धारा थी, जो अबआईपीसी में 358 धारा है। अब जीरों एफआईआर दर्ज करा सकते है और पुलिस कस्टडी की समय सीमा भी बढ़ा दी गई है। शुक्ल ने बताया कि इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को अब ग्राह्र किया किया जाएगा। इसके पूर्व मुख्य वक्ता व अतिथि का परिषद के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से स्वागत किया। अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष रवि सिंह व संचालन व महामंत्री शिवेश शुक्ल ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से रवि सिंह, भरत लाल, विनीत शुक्ल, ममता पांडेय शिशिर शुक्ला, आशीष गुप्ता, अभिषेक पांडेय, अश्वनी पांडेय, विवेक तिवारी, आशीष शुक्ल, प्रवीण शुक्ल, प्रभाकर यादव, इंद्र कुमार सिंह दीपू, श्रवण दीक्षित, विनोद सरोज आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

अलग-अलग गांवों से तीन वारंटी गिरफ्तार

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों से पुलिस ने शनिवार को न्यायालय से जारी वारंट पर तीन वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार संबंधित न्यायालय में हाजिर कर दिया है। एसआई सतीश सिंह मय हमराह कांस्टेबल के साथ सरहरा गांव में पंहुचकर ग्राम न्यायालय से जारी वारंट पर वारंटी लालचंद को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार कोटार गांव से न्यायालय द्वारा जारी वारंट पर वारंटी बाबू लाल को गिरफ्तार किया है। एसआई श्यामलाल मय हमराह हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता, बृजेश राय के साथ सिकटा गांव में पंहुचकर न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी पुजारी मौर्य को गिरफ्तार कर थाने पर लाकर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। न्यायालय ने वारंटियों के विरुद्ध वारंट जारी कर न्यायालय में हाजिर करने के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

विदेशी सैलानियों ने कराई एडवांस बुकिंग

महाकुंभ 2025

- इंडोनेशिया व आस्ट्रेलिया से आने वाले टूरिस्टों ने शुरु की तैयारी
- आठ कम्पनियों को मिला जिम्मेदारी, बनेंगे 2000 काटेज

संवाददाता, प्रयागराज

प्रयागराज, संगम नगरी में बसेगा तंबुओ का शहर।

अमृत विचार: महाकुंभ 2025 दिव्य और भव्य होगा। इस बार लगने वाले महाकुंभ के साक्षी विदेशी मवहमान भी होंगे। महाकुंभ में ठहरने के लिए विदेशी मेहमानों ने टेंट सिटी बसने के पहले ही लग्जरी काटेजों में एडवांस बुकिंग कराना शुरु कर दिया है।

महाकुंभ 2025 को लेकर प्रदेश सरकार ने विभागी अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने का कड़ा निर्देश जारी किया है। इधर अभी कुंभ मेले की तैयारी कच्छप गति से चल रही है। बहुत से ऐसे कार्य रुके हुए है जो समय निकल जाने के बाद भी पूरा नही किया जा सका है। लेकिन इस महाकुंभ 2025 में लगने वाले मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं की उत्सुकता अभी से बढ़ने लगी है। विदेशी मेहमानों की बात करें तो इंडोनेशिया और आस्ट्रेलिया से आने वाले पर्यटको ने तो अपनी तैयारी भी शुरु कर दी है। विदेशी मेहमानों ने मेले की टेंट सिटी तैयार होने के पहले ही लग्जरी काटेजों में बुकिंग करा लिया है। अब तक की बात करें तो इंडोनेशिया के करोब 40 विदेशी पर्यटकों ने महाराजा और डीलक्स श्रेणी में अपनी ठहरने की व्यवस्था करते हुए काटेजों को बुक करा लिया है। कुम्भ मेले में आठ कम्पनियो को टेंट सिटी बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गयी है। दिल्ली, गुजरात और प्रयागराज की आठ कम्पनियो को इस टेंट सिटी के लिए भूमि भी आवंटित कर दी गयी है। शहर के झूंसी में भी 200 काटेज बनाये जाएगे। जिसमें 1600 काटेज पीपीपी मॉडल पर तैयार किये जाएगे। जो वहां बनाये जा रहव सर्किट हाऊस के समीप होगा। एक खास बात और भी है कि कुंभ मेले में सैलानियों के रुकने के लिए विला बंगला भी बनाया जाएगा। इसमे दो रूम, डबल बेट, बाथरूम, हॉल के अलावा प्रार्थना सभा स्थल भी तैयार किया जायेगा। अरैल में टेंट सिटी का टेंडर आवंटित हो चुका है।

आज का मौसम

अभी लू जैसी स्थितियों से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

44.5° अधिकतम तापमान | 29.5° न्यूनतम तापमान

एक नजर

फंदे से लटका मिला किसान नेता के पौत्र का शव

तारुन अयोध्या। अमृत विचार : तारुन नन्सा मार्ग के किनारे स्थित सराय शेख महमूद भवापुर गांव में ननिहाल में रह रहे किसान नेता हरिशंकर सिंह के पौत्र आदर्श सिंह का शव शनिवार सुबह कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला है। बाराबंकी के थाना टिकैत नगर ग्राम हरिहर का मूल निवासी आदर्श सिंह पुत्र राजकुमार अपनी मां सुनीता के साथ ननिहाल में रहता था। हल्का दरोगा मुन्नीलाल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसे लेकर क्षेत्र व बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिला अज्ञात शव

रूदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय भेलसर परिसर में अज्ञात शव मिला है। शव की सूचना पर सीओ रुदौली आशीष निगम, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देवेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुँचे। भेलसर पुलिस चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि स्कूल के बरामदे में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं का खोया बैग मिला

अयोध्या। अमृत विचार : दर्शन-पूजन को अयोध्या आए दो महिला श्रद्धालुओं का शनिवार को हनुमानगढ़ी के पास भीड़भाड़ के चलते हैंड बैग कहीं गुम हो गया। मामले की जानकारी पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने बैग खोजवाकर वापस कराया है। बाराबंकी जनपद के बदोसराय थाना क्षेत्र स्थित अमरावती गांव निवासी महिला श्रद्धालु शिवकांती और मिर्जापुर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित वैष्णवगंज निवासी रंजना तिवारी ने अपना हैंड बैग गायब होने की शिकायत की थी। थाना रामजन्मभूमि पुलिस का कहना है कि पुलिस ने दोनों का बैग खोजवाकर वापस किया है। बैग में नकदी व मोबाइल आदि रखा था।

तापमान @44.5 डिग्री सेल्सियस : गर्मी के पुराने रिकार्ड इसलिए भी टूट रहे

शहर में 90 हजार एसी, 1.5 टन का एसी बढ़ाता है 5 डिग्री तापमान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : गर्मी के पुराने रिकार्ड इस बार टूट रहे हैं। तेज धूप और लू ने लोगों को झकझोर रखा है। ऐसा नहीं है कि पिछले कई वर्षों में कभी इतनी गर्मी नहीं पड़ी है, लेकिन इस बार तापमान में खासी वृद्धि देखी जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण शहर में बढ़ते एसी और चार पहिया वाहन भी हैं। एक अनुमान के मुताबिक शहर में 90 हजार से अधिक एसी लगे हुए हैं। एक 1.5 टन का एसी तीन से पांच डिग्री तापमान में वृद्धि करता है। इसी तरह एक चार पहिया वाहन अगर एसी के साथ चल रहा है तो एक घंटे में दो किलो कार्बन डाई आक्साइड बाहर फेंकता है।

24 से 25 मई के बीच में नौतपा लगने के बाद शहर के तापमान में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। इस दौरान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच गया था। दो मई के बाद बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद थी। हालांकि आस-पास के जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी के बाद कुछ राहत मिली थी। इस बीच 37 डिग्री तक तापमान पहुंच गया था, लेकिन सात मई के बाद एक बार फिर से तापमान में वृद्धि शुरू हो गई। अब आलम यह है कि रोजाना तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच जा पहुंच रहा है। पर्यावरण वैज्ञानिकों ने तापमान में अधिकता का कारण घट रही पेड़ों की संख्या और एसी और वाहनों की बढ़ोतरी को ही बताया है।

- एक चार पहिया वाहन एक घंटे में दो किलो कार्बन डाई आक्साइड छोड़ रहा
- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में खुले हैं होटल और पेइंग गेस्ट होम

सिविल लाइन्स स्थित एक प्रतिष्ठान में लगे स्पिल्ट एसी के आउटडोर। अमृत विचार

एसी की संख्या का ऐसे लगाया जा रहा है अनुमान

नगर क्षेत्र में 44500 के करीब लोग टैक्स जमा करते हैं। इनमें 10 हजार के करीब व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं। गर्मी को देखते हुए हर आदमी अपने घर व प्रतिष्ठानों में एसी लगवा रहा है। अनुमान है कि : 34 हजार में से 25 हजार लोग तो एसी का उपभोग कर ही रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो अपने घरों में दो-दो एसी लगवा रखे हैं। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बात करें तो एक-एक प्रतिष्ठानों में दो से ऊपर ही एसी लगे हुए हैं। नगर में बड़ी संख्या में मॉल व कॉम्पलेक्स खुल चुके हैं। एक मॉल या कॉम्पलेक्स अगर तीन मंजिला रहता है तो उसमें 15 से 20 एसी लगाए जाते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शहर में बड़ी संख्या में होटल और पेइंग गेस्ट होम खुले हुए हैं, जिनमें एसी लगाए गए हैं। इन सब जगहों पर अनुमान लगाते हुए नगर क्षेत्र में 90 हजार एसी होने की संभावना जताई गई है। बिजली विभाग के पास ऐसे कोई आंकड़े नहीं हैं, लेकिन एसी विक्रेताओं का मानना है कि अगर गणना की जाए तो इससे अधिक ही एसी शहर में मिल जाएंगे।

90 हजार एसी होने की संभावना है नगर क्षेत्र में

रिकाबगंज में एक बाइक सवार ने बच्चे को धूप से बचाने के लिए अंगोछे से ढक दिया था।

ये भी तापमान में वृद्धि का कारण

सड़कों पर जो भी वाहन चल रहे हैं। उनमें अमूमन सभी में एसी लगा हुआ है। पेट्रोल व डीजल से एक घंटे चलने वाले वाहन तकरीबन दो किलो कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालते हैं। सूर्य की किरणों से ये कार्बन डाइऑक्साइड एक ही स्थान पर जमा हो जाती हैं और तापमान में वृद्धि का कारण बनती हैं।

लोड ऐसा बढ़ा कि सात से 12 लाख यूनिट तक बढ़ा खर्च

गर्मी में इस बार बिजली का बेतहाशा लोड बढ़ा है। इसका भी कारण कहीं न कहीं एसी ही हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सामान्य दिनों में बिजली का खर्च सात लाख यूनिट होता था जो अब बढ़कर 12 लाख यूनिट पर पहुंच गया है।

13 किमी में ही कट गए थे लगभग 500 पेड़

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शहर में हुए विकास कार्यों की भेंट बड़ी संख्या में पेड़ चढ़ गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सआदतगंज से नया घाट तक 13 किमी वाले रामपथ के निर्माण के लिए 500 पेड़ों को काटने के लिए चिह्नित किया गया था। आरा सिर्फ रामपथ पर ही नहीं चला बल्कि शहर के अन्य मार्गों पर चौड़ीकरण को लेकर अभी तक पेड़ काटे जा रहे हैं। बता दें कि पेड़ ही कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

> एक एसी कमरे में तो वातावरण ठंडा कर देता है, लेकिन उसका आउटपुट तीन से पांच डिग्री तापमान बढ़ा देता है। जो कि उसके आस-पास तक घंटों बना रहता है। इसी तरह वाहन भी हैं। एक घंटे तक वाहन में एसी चलाने पर दो किलो कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर निकलती है। वह भी तापमान बढ़ाने का कारण है। जिस तरह लोग अपने घरों में एसी बढ़ा रहे हैं। उसे छोड़कर लोगों को पेड़ों की संख्या बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। अन्यथा भविष्य में सिर्फ एसी पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। - **डॉ. जसवंत सिंह, पर्यावरण वैज्ञानिक**

मंडलीय ट्रायल में 13 तैराकों ने दिखाया दम

अयोध्या कार्यालय। प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में उप्र तैराकी संघ के समन्वय से 20 जून से सिद्धार्थनगर में आयोजित होने वाली बालक-बालिका जूनियर व सबजूनियर प्रदेशीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए शनिवार को जिला व मंडलीय ट्रायल का आयोजन किया गया। डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित मंडलीय तैराकी ट्रायल में अयोध्या के 11 व अमेठी के दो तैराकों ने प्रतिभाग किया। जूनियर ग्रुप-1 में 15-17 वर्ष, ग्रुप-2 में 12-14 वर्ष व सबजूनियर ग्रुप-3 में 10-11 वर्ष आयु के बालक व बालिका तैराकों ने प्रतिभाग किया। इसमें फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, इन्डिविजुअल मिडले में तैराकों ने अपनी तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षण किया। खिलाड़ियों का ट्रायल अखंड प्रताप, निक्कू, वीरेंद्र, नितिन व रामदीन निषाद ने लिया।

शहर में गर्मी फुल देहात तक बत्ती गुल

अयोध्या कार्यालय

परेशानी

अमृत विचार : गर्मी बेतहाशा बढ़ती जा रही है। बिजली कटौती भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच नगर क्षेत्र के कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। देहात में भी रोस्टर के मुताबिक आपूर्ति नहीं हो रही है। शुक्रवार रात में भी कई इलाकों की बिजली गुल रही। आलम यह रहा कि लोग सड़कों पर देर रात तक टहलते नजर आए।

कौशलपुरी उपकेंद्र से घोसियाना इलाके की शुक्रवार देर रात बिजली काट दी गई। देर रात इलाके के लोग उपकेंद्र पर पहुंच गए। इस दौरान पता चला कि घोसियाना में तार जल जाने के कारण बिजली कट गई है। मौके पर स्टाफ ने बताया किसी ने कटिया मारी और शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग लग गई और लाइट काटनी पड़ी। उपकेंद्र से शिवनगर कॉलानी, न्यू बैंक कॉलोनी व घोसियाना में देर रात एक बजे बिजली बहाल हुई। बैंक कॉलोनी में शनिवार की सुबह 10 बजे कटी लाइट दोपहर में दो बजे के करीब आई। वहीं अयोध्या धाम के रायगंज में शुक्रवार रात 10 बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक बिजली गुल रही। बिजली विभाग के अधिकारी से बात करने पर पहले तो आश्वासन मिला कि जल्दी ही आ जाएगी, लेकिन उसके बाद फोन उठना बंद हो गया।

समाधान दिवस : ईओ खिरौनी का रोका वेतन, नायब तहसील को लगी फटकार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव बाद शनिवार को जिले की पांचों तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 307 शिकायतें आईं। इसमें से मात्र 22 का ही मौके पर निस्तारण हुआ। सोहावल में तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गैर हाजिर रहकर अपने बाबू को भेजने वाले ईओ खिरौनी सचिन पटेल को नोटिस देकर एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।

सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार डीएम और एसएसपी के सामने शिकायतकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सबसे ज्यादा मामले राजस्व, नगर पंचायत और पुलिस विभाग के सामने आए। सोहावल में 206 शिकायतें आईं, जिसमें से मात्र छह शिकायतें ही निस्तारित हो सकीं। वहीं रुदौली में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह समाधान दिवस के बाद समीक्षा बैठक में नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव पर जमकर बरसे। नगर पंचायत खिरौनी के सभासद फरीद अहमद की शिकायत थी कि साल्हेपुर निमैचा स्थित पंचायत घर में बाबू का कब्जा है। इसे खाली कर राशन की दुकान खोलने का आदेश हुआ। अब तक खाली नहीं हुई व खाली होने की फर्जी रिपोर्ट लगा दी गई। इस पर डीएम ने मौजूद बाबू को फटकार लगाई। ईओ का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश उपजिलाधिकारी को दिया। सर्वाधिक शिकायतों वाले गांव अर्थर निवासी राम सुरेश सिंह ने अपने लेखपाल के विरुद्ध विपक्षियों से मिलकर मुकदमे में फंसाने की शिकायत की तो एक सड़क की जमीन में घपले बाजी के आरोपी भदरसा लेखपाल आकाश की फिर क्लास लगी।

समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते जिलाधिकारी नितीश कुमार।

वर्ग पहेली-102

बाएं से दाएं

1. मुंह से थूक या रखी वस्तु को निकालना।
2. 1. तले हुए मांस के टुकड़े 2. मांस के कीमे का बना हुआ कबाब 3. मछली की टिकिया 4. उबले आलू में प्याज़
4. किसी भारी
6. चेहरे पर होने वाली फुंसी या फुड़िया, मुंहासा।
9. बूढ़े होने की अवस्था या भाव, वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

ऊपर से नीचे

2. 1. अलमारी 2. आधरण, फलक 3. धानी।
3. 1. आय-व्यय का हिसाब 2. स्थिति का आकलन।
5. 1. बढ़ने की क्रिया या भाव 2. दाम या मूल्य में बढ़त, वृद्धि 3. विस्तार, फैलाव।
6. शत्रु का नाश करने वाला, शत्रुनाशक।
7. गंगा नदी का जल, गंगाजल, गंगोदक, ब्रह्मद्रव।
8. 1. सिर के बाल जो लपेटकर गोलाई में बांधे गए हों, खोपा, जूट 2. मूंज का पूला 4. कलगी।



वर्ग पहेली -101 का हल

1 अं	दु			2 सं	पु	3 ट
		4 व		पो		ख
5 मिं	6 ब	र		ष		ना
	7 हि	म	क	ण		
	रं					8 ठ
9 मु	ग	ल	ई			ह
				10 फ़	सा	ना

भदरसा का परिक्रमा मार्ग नहीं होगा स्थानांतरित

मसौधा (अयोध्या) कार्यालय

अमृत विचार: नगर पंचायत भदरसा में परिक्रमा मार्ग को स्थानांतरित करने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। परिक्रमा मार्ग के स्थानांतरण से प्रभावित हो रहे किसानों का एक बड़ा जत्था शनिवार को उप जिलाधिकारी सोहावल के दफ्तर पहुंचा। जहां कागजी कार्रवाई के साथ-साथ फिर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी भदरसा स्थित परिक्रमा मार्ग स्थल पहुंचे। उन्होंने मौजूद सैकड़ों की तादाद में जुटे किसानों को समझा बुझाकर आश्वस्त किया कि पचासों वर्ष पुराना परिक्रमा मार्ग स्थानांतरित नहीं होगा। न ही मार्ग के किनारे के काश्तकार प्रभावित होने पायेंगे। तमसा नदी और परिक्रमा मार्ग के किनारे की सरकारी जमीनें जो दबंगई से कब्जाई गई हैं उन्हें खाली कराया जाएगा।

मौके पर जांच करने पहुंचे एसडीएम सोहावल। अमृत विचार

प्रतिकूल प्रविष्टि देकर हटाया भदरसा का लेखपाल, होगा सस्पेंड

नगर पंचायत भदरसा में परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण के दौरान मार्ग स्थानांतरित करने को लेकर उपजे विवाद की जांच करने पहुंचे उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने शनिवार को बताया कि भदरसा के मौजूदा लेखपाल की भूमिका इस मामले में संदिग्ध रही। पैमाइश के दौरान लेखपाल आकाश सिंह द्वारा यह बात संज्ञान में नहीं लाई गई थी कि वह जिसकी पैमाइश करने गए हैं वह परिक्रमा मार्ग के किनारे के भूखंड हैं। गुपचुप तरीके से पैमाइश करके सीमांकन कर दिया गया। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन ने परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दिया। जिसमें परिक्रमा मार्ग के स्थानांतरण स्थिति उत्पन्न हो गई जो सरासर गलत है। बताया कि मामले में लेखपाल आकाश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर हटा दिया गया और स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले में लेखपाल सस्पेंड भी होगा।

परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण पर बोले नगर पंचायत अध्यक्ष

परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण में परिक्रमा मार्ग स्थानांतरित होने की दशा में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद का कहना है कि परिक्रमा मार्ग के किनारे के किसान की खतौनी रकबा के हिसाब से मौके की स्थिति कम है। पैमाइश के लिए तहसील में आवेदन किया गया था। पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक रवींद्र के नेतृत्व में पांच लेखपालों का एक पैनल गठित कर मौके पर पैमाइश की। राजस्व टीम ने जहां सीमांकन कर दिया था। उसी जगह पर परिक्रमा मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जा रहा था। तब किसी ने विरोध नहीं किया जब निर्माण शुरू होने लगा तो लोग व्यवधान डालने के लिए फिजूल का विरोध कर रहे हैं।

अयोध्या श्रेष्ठपुरी व धाम है : पुंडरीक गोस्वामी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या के साधु संतों और बड़ी संख्या में दूर दराज से आये श्रोता शामिल हुए। कथा आचार्य पुंडरीक गोस्वामी के मुखारबिंदु से कथा का रसपान करते हुए भक्त भगवान के भजन और आस्था में झूम उठे। इस दौरान कथाकार आचार्य गोस्वामी ने कहा कि यह दिव्या अयोध्या श्रेष्ठपुरी, नगरी और धाम भी है। जहां स्वयं राम ही हैं। वर्तमान में साक्षात श्री वशिष्ठ तुल्य अयोध्या के कण-कण में राम हैं हर वैष्णो हर संत यहां श्रेष्ठ है परंतु परम वैष्णव अनंत श्री विभूषित परोपकारी संत श्रीश्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज जो बृजवासी हैं उनकी सेवा ही अनोखी है। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में अयोध्या के आचार्य संत वृद्ध मौजूद रहे।

सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2			4			1
8		7				5		
	3				7			4
		4			5	7	2	9
			3		8			
5	1	6	7			8		
4			9				3	
		5				6		7
7			2			4		8

सुडोकू - 14 का हल

3	7	9	6	2	4	5	1	8
5	4	8	7	1	3	2	6	9
6	1	2	9	8	5	7	4	3
8	9	5	1	4	6	3	7	2
1	3	7	2	5	9	6	8	4
2	6	4	8	3	7	9	5	1
7	8	1	5	9	2	4	3	6
9	5	3	4	6	8	1	2	7
4	2	6	3	7	1	8	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 जून 04.43 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 11.13 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आप रुके हुए कार्यों को लेकर चिंतित हो सकते हैं और उसे शीघ्र पूरा करने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी सामान्य बात को ज्यादा गंभीरता से न लें। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। बड़े भाई-बहन को लेकर चिंता रहेगी।

मिथुन — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है। ऊंचाई वाले स्थानों से आपको दूर रहना चाहिए। आप परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे, लेकिन कुछ कारणों से आपका मन व्यथित हो सकता है।

कर्क — आज व्यवसाय से जुड़े लोग अपनी मशीनों और उपकरणों के रखरखाव में धन खर्च कर सकते हैं। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। आपराधिक छवि वाले लोगों को अपना मित्र न बनाएं। आप अपने काम को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

सिंह — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनर्गल आरोप लगा सकते हैं। नशे और धूम्रपान आदि से पूरी तरह दूरी बना लें। अपनी योग्यता को लेकर आप कुछ सशंकित हो सकते हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

कन्या — आज आपको व्यवसाय में काफी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अपेक्षित सफलता मिल सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द की शिकायत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी गलतियों को लोग देख रहे हैं।

तुला — आज इसे लेकर आप काफी निराश हो सकते हैं, किंतु आपको कुछ शुभचिंतकों द्वारा उत्तम सलाह मिल सकती है जिसके माध्यम से आप भविष्य काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

वृश्चिक — आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे जिसके कारण आपके विषय में लोग काफी अच्छी राय रखेंगे। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबारी संबंधी में वृद्धि होगी। इससे आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

धनु — आज पुराने ऋण को आप चुकाने की कोशिश करेंगे। विवादों के निपटारा करने से आपका मनोबल बढ़ेगा। नए गृहोपयोगी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज जॉब में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। कारोबार को लेकर नई योजना पर काम कर सकते हैं। सहयोगियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आपको कुछ शुभ सूचनाएं मिल सकती है।

कुंभ — आज आपको बहुत महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं करने चाहिए। यात्रा के दौरान अनावश्यक चर्चाओं और बहस से दूरी बनाकर रखें। शाम को धर्म-कर्म में सम्मिलित हो सकते हैं। मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे। इसके कारण आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं।

मीन — आज कुछ लोग आपसे उधार धन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर रखें। घर पर नकारात्मक लोगों के विषय में चर्चा न करें। नींद भरपूर मात्रा में लें। वैचारिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। भविष्य के कार्यों को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

औलाद — दोपहर : 12.00
देवता — रात : 08.15
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.19
कृष — रात : 07.30

ब्राइटबर्न — सुबह : 10.03
स्पाइडर-मैन : नो वे होम — रात : 09.00
हीरो — सुबह : 11.30
कड़क सिंह — रात : 08.00
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.04
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला- अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

दुश्मन ताकतों को कर दिया जाएगा नाकाम : स्वैन

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक बोले-आतंकियों के आका सीमा पार से चला रहे हैं अपनी दुकानें

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल की आतंकी घटनाएं सीमा पार बैठे आतकवादियों के आकाओं द्वारा कश्मीर में आतंकी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बाद अपनी गतिविधियों को चालू रखने की हताशा भरी कोशिश थी। उन्होंने कहा कि दुश्मन ताकतों को नाकाम कर दिया जाएगा।

डीजीपी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे "छलावे" में न आएं और आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना को सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने से पहले उसकी जांच कर लें, ताकि "हम वहीं रहें जहां हमें होना चाहिए"। आतंकवादियों ने नौ से 12 जून के बीच रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में एक तीर्थयात्री बस सहित चार स्थानों पर हमले किये, जिनमें नौ लोगों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने कहा-जब आप किसी खतरे या चुनौती के बारे में बात करते हैं, तो आप देखते हैं कि यह कितना गंभीर या बड़ा है। चुनौती सीमा पार से आ रही है और उन्होंने (आतंकवादियों ने) यह निर्णय लिया है कि वे इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा-उन्हें पता चल गया है कि (जम्मू-कश्मीर में) आतंकवाद के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि कश्मीर में आतंकी ढांचे को बहुत बड़ा झटका लगा है। जिनकी रोजी-रोटी और ऐशो-आराम इसी से चलता है, वे इसे इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं? डीजीपी ने कहा-आतंकियों के आका सीमा पार बैठे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं। वे अपनी दुकानें चालू रखने के लिए वे उन्हें (विदेशी भाड़े के आतंकियों को) यहां भेजते हैं।

वह कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव के दौरे से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां मंगलवार और बुधवार को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया।

गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की करेंगे समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे। उनके आतंकवाद रोधी अभियानों को तेज करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशानिर्देश देने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी प्रकार की एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

नई दिल्ली में चल रहे जल संकट के खिलाफ शनिवार को मटका फोड़ विरोध-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने मिट्टी के बर्तन ले जाकर आक्रोश जताया। ● एजेंसी

एक नजर

सूरत के एक घर मृत पाए गए चार लोगों में तीन बहनें शामिल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में एक फ्लैट में मृत पाये गए चार लागों में 58 वर्षीय महिला, उसकी दो बहनें और बहनोई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया, गैस चालित गीजर चालू रहने के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। लेकिन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आर पी बरोट ने कहा कि मौत के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नौ बजे शवों के बारे में सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि फ्लैट की मालकिन जसुबेन वधेल(58), उनकी बहनें शांताबेन वधेल (53) और गौरीबेन मेवाड (55) और गौरीबेन के पति हीराभाई (60) के शव मिले हैं।

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन-हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने शुक्रवार रात तलाशी अभियान को अंजाम दिया।

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने इंदिरा गांधी को बताया मदर ऑफ इंडिया

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

● भाजपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक करार दिया

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। भाजपा के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

गोपी यहां पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। दिलचस्प बात है कि सुरेश गोपी ने करुणाकरण के बेटे एवं कांग्रेस नेता के मुरलीधरन को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र से हराया है। मुरलीधरन 26 अप्रैल के चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा नेता ने मीडियाकर्मियों से करुणाकरण स्मारक के उनके दौरे का कोई भी राजनीतिक मतलब नहीं निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि वह यहां अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी घनिष्ठ संबंध थे। वह 12 जून को कन्नूर में नयनार के घर भी गये थे। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया मानते हैं, जबकि करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह-संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है।

अभिनेता से नेता बने सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेता की प्रशासनिक क्षमताओं की भी सराहना की और उन्हें अपनी पीढ़ी का साहसी प्रशासक करार दिया। सुरेश गोपी ने कहा कि हालांकि उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिर जाने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन दिग्गज नेता की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें हतोत्साहित किया। वेणुगोपाल हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई हैं।

भाजपा ने बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए गठित की समिति

नई दिल्ली/कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल में कथित राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। पार्टी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। इस समिति में पार्टी सांसद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। देब इस समिति के संयोजक हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भाजपा अब बहाने ढूंढ रही है।

श्रीगंगानगर में दो करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की पीलीबंगा थाना क्षेत्र में शनिवार को हरियाणा के तीन कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर 400 ग्राम हेरोइन एवं उसकी बिक्री रकम 1.07 लाख रुपये बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि क्षेत्र में गोलूवाला तिराहे पर नाकाबंदी में एक एक्सयूवी में सवार हरियाणा के तीन कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर यह हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये है।

कांग्रेसियों को पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी: दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेताओं- जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को सोशल मीडिया पर अपने उन पोस्ट को हटाने का आदेश दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने लोकसभा चुनाव परिणाम वाले दिन अपने शो के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अदालत ने कहा कि यदि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो और पोस्ट को सार्वजनिक रहने दिया गया तो वादी की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने जारी किया निर्देश

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अदालत में दिखाये गए टेलीविजन बहस के फुटेज से प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि वादी शर्मा ने कुछ सेकंड के लिए ही हस्तक्षेप किया था और नायक के खिलाफ कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया था। अदालत ने कहा कि पत्रकार की निंदा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट अति-सनसनीखेज हैं। अदालत ने शुक्रवार को पारित और शनिवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए 18 पृष्ठों के आदेश में कहा, "इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन घटना के प्रति सच्चाई पर रहना भी उनका कर्तव्य है। वादी की निंदा करने वाले एक्स'पर पोस्ट कुछ और नहीं बल्कि उन तथ्यों को अति-सनसनीखेज बनाना और ऐसा चित्रण है जो स्पष्ट रूप से झूठ है। अदालत ने कहा कि सुविधा का संतुलन वादी के पक्ष में है, क्योंकि इन वीडियो को निजी बनाने या उन्हें सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध होने से रोकने से प्रतिवादियों के अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं होगा।

17 को सीआईडी के समक्ष होऊंगा पेश: येदियुरप्पा

बेंगलुरु,एजेंसी

पॉक्सो मामले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता

पॉक्सो मामले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा शनिवार को बेंगलुरु लौट आए और कहा कि वह पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभा ग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीआईडी को पॉक्सो मामले के संबंध में उन्हें गिरफ्तार करने से रोके जाने के एक दिन बाद लौटे। उच्च न्यायालय ने येदियुरप्पा को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने भी का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था। मैंने पहले ही लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं 17 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित होऊंगा। उच्च न्यायालय ने सीआईडी को (गिरफ्तारी से) रोकने का आदेश दिया है। मैं सोमवार को जांच के लिए उपस्थित हो रहा हूं। उन्होंने कहा-अनावश्यक रूप से कुछ लोगों ने भ्रम पैदा कर ने की कोशिश की, मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता, हर कोई तथ्य जानता है।

उन्होंने कहा-साजिश में जो शामिल हैं, उन्हें लोग सबक सिखाएंगे। एक अदालत ने इस साल 14 मार्च को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने 'फास्ट ट्रैक कोर्ट' में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया था, क्योंकि वह बुधवार को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा के खिलाफ 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया कि येदियुरप्पा ने इस साल दो फरवरी को बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर मुलाकात के दौरान उसकी बेटी से छेड़छाड़ की।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र हो

अडाणी समूह के अधिग्रहण के बाद जयराम रमेश का केंद्र पर कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने की सरकार की जिम्मेदारी है कि कॉरपोरेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा कम न हो। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए।

जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि राजनीतिक सत्ता से मिलने वाले अनुचित लाभ का प्रयोग न किया जाए। उनकी यह टिप्पणी अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद आई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आप क्रोनोलॉजी समझिए : देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने के लिए सितंबर 2022 में अडाणी ने अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया था। अगस्त 2023 में अडाणी ने सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया और अब दक्षिण भारत के अंतिम शेष क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करने के लिए पेन्ना सीमेंट्स का भी अधिग्रहण कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि अब अडाणी आने वाले दिनों में सौराष्ट्र सीमेंट, वदराज सीमेंट और जयप्रकाश एसोसिएट्स के सीमेंट व्यवसाय के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का हवाल देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मशहूर वित्तीय अर्थशास्त्री ने बताया था कि अडाणी समूह समेत पांच बड़े समूह सीमेंट और 40 अन्य क्षेत्रों में एकाधिकार बना रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि यह बढ़ता एकाधिकार भारत की अस्थिर आर्थिक वृद्धि, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति से जुड़ा है।

सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। कंपनी अपने सुपरनोवा प्रोजेक्ट में एक आवासीय अपार्टमेंट, कार्यालय, खुदरा क्षेत्र और लक्जरी होटल विकसित कर रहा है। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने 168.04 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिवाली याचिका को स्वीकार कर लिया।

न्यायाधिकरण ने सुपरटेक की एक सहायक कंपनी सुपरटेक रियलटर्स के बोर्ड को निलंबित करते हुए अंजू अग्रवाल को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। सुपरटेक भी कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) का सामना कर रही है।

केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

● नई दरें शनिवार से लागू, घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन किया गया

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन कर दिया है। अप्रत्याशित लाभ कर, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। यह नई दरें शनिवार से लागू हो गईं हैं।

डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दर 15 जून से प्रभावी हो गई है। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया। इसके साथ ही वह ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाने वाले देशों में शामिल हो गया। पिछले दो सप्ताहों के औसत तेल मूल्यों के आधार पर कर दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है।

कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया, पेट्रोल डीजल होगा महंगा, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर बिक्री कर बढ़ा दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में पेट्रोल अब तीन रुपये और डीजल 3.5 रुपये प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर बिक्री कर में 3.92 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, डीजल पर 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 14.34 से बढ़कर 18.44 प्रतिशत हो गई है। अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह फैसला लोकसभा चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें राजग को कर्नाटक की 28 में से 19 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 17 और जद(एस) ने दो सीटें जीतीं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने नौ सीटें जीती हैं। यह कदम मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा राज्य के राजस्व सृजन और राजकोषीय स्थिति की समीक्षा के बाद उठाया गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,950
गिन्नी (प्रति नग)	55,100-55,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,500
सोना जेवरात गिन्नी	71,500
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 पर सम्मेलन 19 को

नई दिल्ली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने शनिवार को बताया कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2022-23 के विषय में डेटा उपयोगकर्ताओं का एक सम्मेलन बुधवार 19 जून को राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। अर्थशास्त्री बिबेक देबराय इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन में, विभिन्न प्रमुख अवधारणाओं, परिभाषाओं, सर्वे के प्रमुख परिणामों, इकाई स्तर के डेटा, गुणकों का उपयोग और डेटा गुणवत्ता का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा।

एसबीआईईपे, ईमाइग्रेट के एकीकरण के लिए किया गया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी जानकारी

विदेश मंत्रालय और एसबीआई ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोगकर्ताओं को एक अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवा दी जाएगी। ईमाइग्रेट पोर्टल में भारतीय प्रवासी श्रमिक और भर्ती एजेंट शामिल हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एसबीआई अपने भुगतान गेटवे एसबीआईईपे के जरिए उन्हें उक्त सेवाएं देगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता भारतीय प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित और कानूनी प्रवास के दायरे को और सुविधाजनक बनाएगा। ईमाइग्रेट परियोजना की शुरुआत 2014 में हुई थी। इसके जरिए प्रवास प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। इससे प्रवासी भारतीय बीमा योजना जारी करने वाले विदेशी नियोक्ताओं, पंजीकृत भर्ती एजेंटों और बीमा कंपनियों को एक साझा मंच मिला है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव ब्रम्हा कुमार और एसबीआई की ओर से महाप्रबंधक नीलेश द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए।

एआई तेजी के बीच एस्सार को आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी में उछाल के साथ दुनिया भर में नए डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं की मांग बढ़ने से एस्सार समूह को अपनी आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की भारी संभावनाएं दिख रही हैं। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एक विशेष साक्षात्कार में यह बात कही। रुइया, समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है, जहां जबरदस्त वृद्धि हो सकती है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है।

कम मांग के बाद सरिया पिघली दो हजार रुपये टन की गिरावट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● निर्माण कार्य अब कम होने के चलते कम हुई कीमत

अमृत विचार : भवन निर्माण कार्यों में आ रही कमी से घटते इस्पात की मांग के बाद सरिया पिघलने लगी है। बीते दो हफ्तों में 65,000 रुपये टन पहुंच चुके सरिया के दाम गिरकर अब 62 से 63 हजार रुपये हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये प्रति टन की गिरावट आई है।

सरिया कारोबारी विशाल अग्रवाल ने बताया कि इस्पात में दो हफ्ते पहले तेजी थी, लेकिन बरसात नजदीक देख अब नए निर्माण कार्य अब कम हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये टन की गिरावट बाजार में दर्ज की गई है। आगे भी अभी कुछ हफ्ते सरिया के दाम बढ़ने के आसार कम ही हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते पहले सरिया के दाम 65,000 रुपये प्रति टन थे, जो अब घटकर 63,000 रुपये प्रति टन रह गए हैं। वहीं, सीमेंट व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के मुताबिक मौरंग का स्टॉक लगाया जा रहा है। इसके चलते मौरंग में लगातार तेजी देखी जा रही है।

स्कॉटलैंड को हल्के में नहीं लेगा ऑस्ट्रेलिया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

लगातार तीन जीत से सुपर आठ में जगह पक्की कर चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत के साथ अगले चरण में जाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में अपना पहला स्थान पहले ही पक्का कर चुका है लेकिन यह मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया पर जीत या इस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने पर स्कॉटलैंड अंतिम आठ में पहुंच जाएगा लेकिन अगर वह इस मैच में हार जाता है और इंग्लैंड एक अन्य मैच में नामीबिया को हरा देता है तो वह बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड और नामीबिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने पर भी स्कॉटलैंड सुपर 8 में पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लैंड का सफर समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और उसके लिए चिंता का कोई

विषय नहीं है। नाथन एलिस के टीम में बने रहने की संभावना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 की कड़ी चुनौती से पहले अपने प्रमुख तीन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क में से किसी एक को विश्राम दे सकता है। स्कॉटलैंड के पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का यह बेहतरीन मौका है और उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किसी तरह की चूक नहीं दिखाएंगे। स्कॉटलैंड की टीम इसके साथ ही बारिश की भी दुआ करेगी। स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट उससे बेहतर है। इस मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा।

आयरलैंड पर जीत से सफर का अंत करने उतरेगा पाकिस्तान

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अमेरिका और भारत से हारने के कारण पाकिस्तान ग्रुप ए से सुपर आठ में जगह नहीं बना पाया। उसे अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है लेकिन इससे पहले उसे आयरलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराया था और ऐसे में उनके बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। आयरलैंड ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसकी निगाह भी जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने पर टिकी होगी, लेकिन यह तभी संभव होगा जब मौसम इसकी इजाजत देगा क्योंकि पिछले कुछ दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है।

अमेरिका ने 2026 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

फ्लोरिडा, एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के साथ अंतिम ग्रुप मैच रद्द होने के बाद सह-मेजबान अमेरिका पहली बार आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर 8 के साथ ही 2026 में होने वाले विश्वकप के लिये क्वालीफाई कर गया है।

शुक्रवार रात रद किए गए मैच में टीमों ने अंक बांटे, जिससे अमेरिका पाकिस्तान से तीन अंक आगे हो गया है। पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मुकाबला खेलेगा। कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अर्जित करने के बाद यूएसए की टीम सुपर 8 चरण में पहुंची है हालांकि सह मेजबान देश दुनिया की

नंबर एक टीम भारत से मामूली अंतर से हार गई। भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ अगले चरण में भी पहुंच गया है। प्रतियोगिता का सुपर 8 चरण कैरेबियन द्वीप समूह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूएसए 19 जून को एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। सुपर 8 चरण में पहुंचने के साथ यूएसए की टीम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई हो जाएगी, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे।

रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को दी मंजूरी

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत दी मंजूरी
- यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर प्रतिबंध का किया अनुरोध

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत हिस्सा लेने को मंजूरी दी।

रूस और बेलारूस को यूक्रेन पर हमले के कारण पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत खिलाड़ियों को अन्य खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में तटस्थ दर्जे में खेलने की अनुमति दी गई है तथा उन्हें ओलंपिक में खेलने के लिए फिर आवेदन करना होगा। आईओसी ने पहले दौर में पांच खेलों साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती में खिलाड़ियों पर फैसला किया। अन्य ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों की सूची कुछ दिन के अंदर आने की संभावना है। ताइक्वांडो में किसी भी एथलीट को मंजूरी नहीं दी गई। यूक्रेन के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आईओसी से रूस के सभी खिलाड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ट्रैक और फील्ड में ऐसा हो चुका है। इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के तटस्थ दर्जे के अंतर्गत खेलने पर फैसला दो चरण में होगा।

खेल डायरी

पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का निधन

नई दिल्ली। जाने-माने खेल पत्रकार एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी रेवती और पुत्री पल्लवी हैं। बेदी ने यूएनआई में तीन दशक के अपने लंबे करियर के दौरान कई ओलंपिक, कॉमन वेल्थ और एशियाई खेलों को कवर किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने हरपाल बेदी के साथ अपनी जेएनयू के दिनों की एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। बेदी ने यूएनआई से सेवानिवृत्त के बाद विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर खेल की चर्चाओं में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

गौरिका ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का खिताब जीता

मैसुरु। भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने शनिवार को तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्लयूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया। गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं। गौरिका की 2024 सत्र में यह पहली जीत है। उन्होंने पिछले साल दो जीत दर्ज की थीं।

दीक्षा इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों के वेतन में हो सकती है कटौती

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी टीम के टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

भारतीय टीम ने क्वालीफायर में हासिल की शीर्ष वरीयता

अंताल्या (तुर्की)। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त कर 24 टीमों के साथ एलिमिनेशन दौर में प्रवेश किया। भारतीय तिकड़ी कुल 2018 अंक हासिल कर तालिका में चीनी ताइपे (2008) और जर्मनी (1998) से आगे रही। इस स्पर्धा में 46 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी जिससे शीर्ष 24 ने एलिमिनेशन दौर में जगह पक्की की। एलिमिनेशन दौर अंतिम-32 ड्रॉ की तरह खेला जाएगा। शीर्ष पर रहने के कारण भारत को अंतिम-16 में बाई मिल गई, जहां उसका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त लक्जमबर्ग से होगा। एलिमिनेशन राउंड में शीर्ष तीन रैंक वाले देशों को पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान मिलेगा। भारत अगर शीर्ष तीन में रहता है तो उसका व्यक्तिगत कोटा टीम कोटा में अपग्रेड कर दिया जाएगा। धीरज ने पहले व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही।

नेपाल के हाथों हार से बाल-बाल बचा द. अफ्रीका

चार अहम विकेट लेकर शम्सी बने जीत के हीरो, महज 1 रन से जीता मुकाबला

किंग्सटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते-होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने हथियार डाल दिए। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 115 रन बनाए जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

तबरेज शम्सी

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुई गेदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गई और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज शम्सी ने टीम की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ 18 गेंदों में 18 रनों की जरूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आखिरी ओवर में सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाकी के गेंदबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चारो खाने चित कर दिया और सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। मैच के आखिरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौका था। एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी गलती कर दी। वह क्रीज में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 115/7, 20 ओवर। रीजा हैनड्रिक्स 43, डिकॉक 10, स्टब्स 27। **विकेट :** दीपेंद्र 4, कुशल 4।

नेपाल : 114/7, 20 ओवर। कुशल भूर्तेल 13, आसिफ 42, अनिल 27, दीपेंद्र सिंह 6। **विकेट :** तबरेज शम्सी 4, मारक्रम 1।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

गीली आउटफील्ड ने रद कराया भारत-कनाडा का मुकाबला

मैच रद होने के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते खिलाड़ी। ● एजेंसी

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

गीली आउटफील्ड के कारण शनिवार को यहां भारत और कनाडा के बीच टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच एक भी गेंद खेले बिना रद्द हो गया।

भारत का यह अंतिम ग्रुप मैच था। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। भारत तीन मैच में जीत से पहले ही ग्रुप ए से सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टीम अब सुपर आठ में 20 जून को अफगानिस्तान से भिड़ेगी। वहीं कनाडा की टीम बाहर हो चुकी है। टॉस स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे होना था। लेकिन भारतीय समयानुसार रात के आठ बजे और दूसरी बार नौ बजे पिच का मुआयना करने के बाद अंपायरों ने मैच रद करने का फैसला किया।

अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब टी-20 विश्व कप से बाहर

ग्रॉस आइलेट। अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान उंगली की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है।

23 वर्षीय मुजीब अफगानिस्तान की तरफ से टूर्नामेंट में केवल एक मैच खेल पाए थे। वह युगांडा के खिलाफ पहले मैच में खेलने के बाद अगले दो मैच में नहीं खेले थे। आईसीसी ने कहा टी-20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने मुजीब उर रहमान की जगह हजरतुल्लाह जजई को अफगानिस्तान की टीम ने रखने की मंजूरी दे दी है। अफगानिस्तान पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। वह ग्रुप चरण का अपना अंतिम मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा।

द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कोशिश लय बरकरार रखने पर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें रविवार को यहां जब पहले एकदिवसीय के साथ तीन सप्ताह तक चलने वाली सभी प्रारूपों की श्रृंखला शुरू करेंगी तो उनकी कोशिश अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होगा। टी-20 विश्व कप के वर्ष में 50 ओवर के मैच थोड़े असंगत लग सकते हैं, लेकिन यह लय हासिल करने के दृष्टिकोण से दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर वनडे और टी-20 श्रृंखला हार गई थी, लेकिन

● महिला टी-20 विश्वकप की तैयारियों को पूर्ण करने उतरेंगी टीमें सभी प्रारूपों के होंगे मुकाबले

उसने जोरदार वापसी करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर टी-20 श्रृंखला में 5-0 से शिकस्त दी। टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस लय को बरकरार रखना चहेगी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और जीत के लिए जोर लगाएगी। मजूमदार ने कहा हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गये और श्रृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिये हमारी तैयारी अच्छी रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच, छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पूरी तरह से बल्लेबाजी के लिए माकूल होगी। खिलाड़ी कुछ बड़े स्कोर के साथ आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। यह मुकाबला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

जर्मनी ने स्कॉटलैंड को हराकर की शुरुआत

म्यूनिख, एजेंसी

फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अभियान की शानदार शुरुआत की।

विट्र्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन

ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्वाटेमाला को हराया

लैंडओवर (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने नवंबर के बाद अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में दो गोल करने के साथ एक में सहायक की भूमिका निभाई जिससे अर्जेंटीना ने 2024 कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में ग्वाटेमाला को 4-1 से हराया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे। जिससे गुरुवार को ग्रुप चरण में कनाडा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले अर्जेंटीना के हौसले बुलंद होंगे। विश्व और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियन के लिए लुटारो मार्टिनेज ने दो अन्य गोल किए। ग्वाटेमाला को मैच के चौथे मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज के आत्मघाती गोल से बढ़त मिल गयी थी लेकिन इसके आठ मिनट बाद ही मेस्सी ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने मैच के 77वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

न्यूजीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, एजेंसी

टी-20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनो पर समेट दिया और जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया।

तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने

जीत के बाद युगांडा की टीम का अभिवादन करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

आयी न्यूजीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की। युगांडा ने न्यूजीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूजीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पीएनजी पर जीत के साथ न्यूजीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप : बोल्ट

तारोबा (त्रिनिदाद)। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद कहा मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भारत आएगा अमेरिकी कांग्रेस का शिष्टमंडल

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात होगी

विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस शिष्टमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए भारत का दौरा करेगा। भारत में, शिष्टमंडल 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं ताकि यह जान सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। मैककॉल ने कहा, मैं दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। तिब्बती लोग लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के भविष्य के बारे में अपनी राय रखने के लिए मदद मिलेगी। अमेरिकी बयान में यात्रा की तारीखों का उल्लेख नहीं किया गया है।

आस्था

शनिवार को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के पास वार्षिक हज यात्रा के दौरान अराफात के मैदान पर दया के पहाड़ के रूप में जानी जाने वाली चट्टानी पहाड़ी की चोटी पर इकट्ठा होते मुस्लिम तीर्थयात्री। ● एजेंसी

रामफोसा द. अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

केपटाउन, एजेंसी

- रामफोसा को 283 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को महज 44 वोट

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

जयशंकर अगले सप्ताह श्रीलंका का कर सकते हैं दौरा

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जून को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि श्रीलंका जयशंकर की यात्रा को लेकर उत्सुक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आगामी दिनों में द्वीपीय राष्ट्र का दौरा करने की उम्मीद है। साबरी ने कहा कि ये यात्राएं राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पिछले सप्ताह नयी दिल्ली यात्रा का परिणाम हैं, जहां वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

एक नजर

संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

मॉस्को। रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है।

पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन पर साइबर हमला

इस्लामाबाद/संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी मिशन पर साइबर हमला किया गया, जिसमें उसके आधिकारिक ईमेल अकाउंट और यूट्यूब चैनल में सेंध लगाई गई। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार यह साइबर हमला शुक्रवार को अमेरिकी समयानुसार शाम चार बजे हुआ। इस साइबर हमले का लक्ष्य स्थायी मिशन की सूचना शाखा द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ईमेल आईडी थी।

ईरान ने ईयू के एक राजनयिक को रिहा किया

दुबई। ईरान और स्वीडन के बीच शनिवार को कैदियों की अदलाबदली हुई, जिसके तहत तेहरान ने यूरोपीय संघ के एक राजनयिक समेत दो व्यक्तियों को रिहा किया, जबकि इसके बदले उस ईरानी कैदी को रिहा किया गया, जिसे वर्ष 1988 में इस्लामी गणराज्य में सामूहिक फांसी दिये जाने की घटना में शामिल होने पर स्टॉकहोम में युद्ध अपराध का दोषी ठहराया गया था। वर्ष 2019 में स्वीडन द्वारा हामिद नूरी की गिरफ्तारी तब की गई थी जब वह एक पर्यटक के रूप में वहां गया था।

पेलेग्रिनी बने स्लोवाकिया के राष्ट्रपति

ब्रातिस्लावा। पीटर पेलेग्रिनी ने शनिवार को स्लोवाकिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुआ क्योंकि एक महीने पहले उनके करीबी सहयोगी एवं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला किया गया था। पेलेग्रिनी ने संसद के विशेष सत्र में अपने भाषण में राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। वर्ष 1993 में चेकोस्लोवाकिया के विघटन के बाद स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से वह छठे राष्ट्रपति बन गए।

आर्थिक गलियारे को लेकर जताई प्रतिबद्धता

जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बारी (इटली), एजेंसी

- आईएमईसी को बीआरआई के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा
- पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था

जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किया वीडियो

बारी (इटली), एजेंसी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल में संपन्न जी7 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपना एक सेल्फी वीडियो साझा किया है। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता को जाहिर करते हुए इस वीडियो का शीर्षक नमस्ते दोस्तों, मेलोडी की ओर से दिया है। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिये कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। पांच सेकंड का यह वीडियो मेलोनी ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउन्ट पर साझा किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मेलोनी (47) ने वीडियो में कहा, मेलोडी टीम की ओर से नमस्कार। वीडियो में 73 वर्षीय मोदी हंसते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से साझा करते हुए लिखा, भारत-इटली की मित्रता कायम रहे! इससे पहले शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की एक सेल्फी वायरल हुई थी।

भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध : कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो

बारी (इटली)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद कुछ बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता है। मोदी ने शुक्रवार को दोनों नेताओं के हाथ मिलाने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसमें कहा गया है, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक खालिस्तान समर्थक चरमपंथ को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पहली बैठक है।

भारत और इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की

बारी (इटली), एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों तथा बहुपक्षीय प्रस्तावों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए इटली की प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि नेताओं ने खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा की। क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की खातिर तैयार रूपरेखा के तहत क्रियान्वित की जाने वाली संयुक्त गतिविधियों के लिए तत्पर हैं। इसने कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

मोदी और किशिदा बुनियादी ढांचे एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से मुलाकात की और कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी और किशिदा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'आउटरीच सेशन' को संबोधित करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने 'कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर' पर अपने संबोधन के बाद किशिदा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने किशिदा के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर कहा, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी का यह बयान क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार तथा वर्चस्व बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है। उन्होंने कहा, हमारे देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

जमानत मामले में समिति ने खामियां, कदाचार पाया

पुणे, एजेंसी

पुणे कार हादसा

- पांच सदस्यीय समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित एक समिति ने प्रक्रियात्मक खामियां, कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभाग द्वारा नियुक्त किशोर न्याय बोर्ड के दो सदस्यों को नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने कहा, रिपोर्ट में 19 मई को जेजेबी के एक सदस्य द्वारा जमानत आदेश जारी करने में गंभीर खामियां और गलतियां पाई गई हैं। जमानत देने का आदेश एक सदस्य द्वारा जारी किया गया था, लेकिन दूसरे सदस्य ने अगले दिन सहमति दे दी थी। दोनों सदस्यों की ओर से कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया है और उन्हें इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री समेत भारतीय मूल के कई लोग समाजसेवा के लिए सम्मानित

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन और कई भारतीय मूल के लोगों को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान द ऑर्डर ऑफ द कम्पैनियंस ऑफ ऑनर की शुरुआत 1917 में किंग जॉर्ज पंचम ने कला, विज्ञान, चिकित्सा और सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए की थी।

इस साल शुक्रवार को 1,077 लोगों को उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया, जिनमें 509 महिलाएं शामिल हैं। ब्राउन (73) को ब्रिटेन और विदेशों में समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और धर्मार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वे 2007 से 2010 तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे थे। ब्राउन के अलावा पोस्ट ऑफिस कैम्पैनर एलन बेट्स और महिला कलाकार ट्रेसी एमिन भी सम्मान पाने वाले प्रसिद्ध चेहरों में शामिल हैं। बेट्स को पोस्ट ऑफिस होराइजन आईटी घोटाले को उजागर करने में उनके योगदान के लिए नाइट की उपाधि दी गई।

कैंसर का पता चलने के बाद पहली बार दिखीं केट मिडलटन

लंदन, एजेंसी। वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन शनिवार के आयोजित 'ट्रूपिंग द कलर' परेड समारोह में बकिंघम पैलेस की बालकनी पर शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आईं। यह समारोह राजा के आधिकारिक जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर लंदन में एक व्यापक सैन्य परेड आयोजित की जाती है। इस वर्ष की शुरुआत में कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चलने के बाद केट पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं।

इमारतों में अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू की

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- मंगफ अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की हुई थी मौत

कुवैत में अधिकारियों ने सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने की घटना के मद्देनजर इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एक अखबार में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई।

कुवैत के अहमदी गवर्नरेट के दक्षिणी शहर मंगफ में बुधवार तड़के आग लगने पर उसमें रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत धुएं के कारण हुईं। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रहते थे, जिनमें अधिकतर भारतीय थे। इस घटना के बाद मकान मालिकों और रियल एस्टेट कंपनी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है, जो लागत कम करने के लिए कानून का उल्लंघन करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी मजदूरों को अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में रखते हैं। 'अरब टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, कुवैत नगरपालिका ने इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने इमारतों के अनधिकृत विस्तार के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर प्रकाश डाला है, तथा अधिकारियों को भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

बॉलीवुड हलचल

एक्शन तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। विष्णु मंचू, अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल जैसे सितारों से सजी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज हो गया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मंचू की मुख्य भूमिका है। फिल्म में विष्णु मंचू के अलावा अक्षय कुमार मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार मोहनलाल, तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास, प्रीति मुकुंदन, शरतकुमार, काजल अग्रवाल आदि भी नज़र आएंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बनी कन्नप्पा का टीजर रोमांच से भरपूर है। टीजर में दिखाया गया है कि कन्नप्पा इतना सक्षम है कि वह किसी की मदद के बगैर ताकतवर लोगों को मार सकता है। टीजर में एक-एक कर मोहन बाबू, सरतकुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की झलक भी दिखाई गई है। अक्षय कुमार ओएमजी के बाद एक बार फिर इस फिल्म में भगवान शिव के रोल में नज़र आएंगे, जबकि विष्णु मंचू भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। टीजर भी पांचों भाषाओं में आया है। फिल्म कन्नप्पा की कहानी भगवान शिव के भक्त रहे कन्नप्पा की जिंदगी पर आधारित है।

सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 दीवाली के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी। रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। अजय देवगन, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली सिंघम अगेन पहले इस वर्ष 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 भी दीवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की मुख्य भूमिका होगी। बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के होने वाले क्लैश पर निर्देशक अनीस बज्मी ने रिएक्ट किया है। अनीस बज्मी ने कहा कि फिल्मों के बीच टकराव कभी भी अच्छा नहीं होता।

प्रियंका और माही का गाना मुझपे हंसने वाले रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सैड सांग मुझपे हंसने वाले रिलीज हो गया है। गाना मुझपे हंसने वाले को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मुझपे हंसने वाले के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह और भानु प्रताप सिंह ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन, डबिंग मिक्सिंग मास्टरिंग फोनिक स्टूडियो में किया गया है। कीबोर्ड एंड मेलोडी संतोष राय का है।

संबोधन वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है

बीते कल की मानसिकता से नहीं जीत सकते लड़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले कल के युद्धों को बीते कल की मानसिकता से नहीं लड़ा जा सकता इसलिए वायु सेना के कैडेट अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में कौशल सीखने पर बल देना होगा।

एयर चीफ मार्शल ने हैदराबाद के डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 को अपस्किलिंग के माध्यम से बदलाव का वर्ष घोषित किया गया है और नए कमीशन अधिकारियों को मल्टी-डोमेन लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने चाहिए। आधुनिक युद्धों के बारे में वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है और लगातार विकसित हो रहा है, यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। भारतीय वायुसेना के वायु सेनाकर्मी पहले, मिशन हमेशा के ध्येय वाक्स पर बोलते हुए उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों से पेशेवर क्षमता, शारीरिक और नैतिक साहस, चरित्र और सहानुभूति के माध्यम से अपने अधीनस्थों का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया।

235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया : दीक्षांत समारोह में वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कैडेट अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल के नौ- नौ अधिकारियों और मित्र देशों के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।

ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए चार साल पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी कमीशन दिया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को वायु सेना की प्रशासन शाखा में, तीन को लॉजिस्टिक्स शाखा में और 17 को तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। समारोह में एक प्रभावशाली मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा अच्छी तरह से समन्वित और शानदार फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-एलआई, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

परेड के समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट पाठ्यक्रम में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति का प्रशस्ति पत्र और वायु सेना प्रमुख की स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रज़ा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम रहने के लिए राष्ट्रपति के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।